सुप्रभात
रांची, बुधवार
07.08.2024
** नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net सावन, कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत् 2081 । मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 29



12 सन ऑफ सरदार-2 की शूटिंग शुरू

## न्यूज डायरी

### आडवाणी की तबीयत बिगड़ी, अपोलो में भर्ती

**नयी दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता 96 वर्षीय लालकृष्ण आडवाणी को इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में न्यूरोलॉजी विभाग में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर है। चिकित्सकों द्वारा उनके स्वास्थ्य की निगरानी रखी जा रही है।

### ब्रिटेन में अशांति, भारतीयों से सावधान रहने की अपील

**नयी दिल्ली।** भारतीय उच्चायोग ने लंदन में ब्रिटेन में अशांति के मद्देनजर भारतीय नागरिकों से वहां यात्रा करते समय सावधानी बरतने का आग्रह किया है। वहीं भारत स वहां जानेवाले लोगों से समाचारों और परामर्श का पालन करने तथा उन क्षेत्रों में जाने से बचने का आग्रह किया गया है जहां विरोध प्रदर्शन चल रहा है।

### नर्सिंग होम के संचालक की गोली मारकर हत्या

**हजारीबाग।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लाखे के पास मंगलवार देर शाम अपराधियों ने नर्सिंग होम के संचालक परशुराम प्रसाद की गोली मारकर हत्या कर दी। वे चतरा के पत्थलगड़ा के नोनगांव निवासी थे।

### अधिकारी चार सप्ताह में आवेदन निबटायें: हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्यपाल के प्रधान सचिव और मुख्य सचिव को पूर्व मंत्री हरिनारायण राय के भाई संजय कुमार की सजा कम कर रिहा करने के आवेदन को चार सप्ताह में निष्पादित करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने प्रार्थी संजय कुमार राय को मुख्य सचिव एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव के पास सजा कम करने एवं रिहा करने का फ्रेश आवेदन दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### दस अगस्त तक रहेगा बारिश का असर

**रांची।** मौसम विभाग ने कहा है कि अगले कुछ दिनों तक राज्य में रुक-रुक कर बारिश होती रहेगी। कुछ इलाकों में भारी बारिश की भी संभावना है। सात अगस्त को उत्तर पश्चिमी और दक्षिण पश्चिम हिस्से में भारी बारिश की संभावना है। इन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। नौ और दस अगस्त को राज्य के अधिकांश स्थानों में बारिश होगी।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 64900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 81000 रु./प्रति किलो |




# पेरिस ओलंपिक : नीरज चोपड़ा फाइनल में



**पेरिस।** भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्द्धा के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। मंगलवार को खेले गए पुरुषों के भाला फेंक क्वालिफिकेशन राउंड में नीरज ने अपने पहले ही प्रयास में 89.34 मीटर का शानदार थ्रो फेंका। पुरुषों के भाला फेंक फाइनल में जगह बनाने के लिए एथलीटों को क्वालिफिकेशन स्टैंडर्ड 84 मीटर की दूरी को पार करना था, जिसे नीरज ने आसानी से पार कर लिया। नीरज अगर खिताब जीतते हैं तो ओलंपिक व्यक्तिगत वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बनेंगे। विश्व चैंपियन नीरज ने 87.58 मीटर के प्रयास के साथ टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। फाइनल मैच 8 अगस्त को रात 11:55 बजे होगा।

## दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस समारोह का हिस्सा बनेंगे झारखंड के शिक्षाविद् और किसान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** 15 अगस्त को नयी दिल्ली में होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में झारखंड के एक शिक्षाविद और एक किसान कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। दोनों ने कड़ी मेनहत से राष्ट्रीय फलक पर अपनी पहचान बनायी है। दोनों पश्चिम सिंहभूम के रहने वाले हैं। पश्चिम सिंहभूम के टोंटो के मोहन सिंह बारी प्रगतिशील किसान हैं। उन्होंने बागवानी के जरीए ग्रामीणों को काफी प्रोत्साहित किया है। वहीं पश्चिम सिंहभूम के गुदड़ी के रहने वाले दुशासन सिंह ने स्कूल से ड्रॉप आउट बच्चों को फिर से मुख्यधारा में लाने का काम किया है। इस मेहनत के कारण उन्होंने स्वतंत्रता दिवस समारोह में हिस्सा लेने के लिए विशेष अथिति के रूप में निमंत्रण मिला है। बता दें कि योजना एवं विकास विभाग की ओर से नाम मांगे गये थे।

## मनोज कुमार अग्रवाल बीसीसीएल के नए डीटी

**रांची।** धनबाद स्थित बीसीसीएल के नए निदेशक तकनीक (डीटी) मनोज कुमार अग्रवाल होंगे। लोक उद्यम चयन बोर्ड ने 6 अगस्त, 2024 को इंटरव्यू के बाद उनके नाम की अनुशंसा की है। डीटी के पद के लिए हुए इंटरव्यू में कोल इंडिया, उसकी सहायक और अन्य कंपनियों के 11 अधिकारियों ने हिस्सा लिया था। इंटरव्यू के बाद बोर्ड ने श्री अग्रवाल के नाम की अनुशंसा की। वे अभी एनसीएल में जीएम के पद पर कार्यरत हैं।

### सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ की बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा

# वनोपज को देंगे वैश्विक पहचान

- बाजार उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध, सिद्धकोफेड के माध्यम से वनोपजों के प्रसंस्करण को मिलेगा बढ़ावा
- सीएम ने किसानों के लिए वैकल्पिक कृषि की जानकारी देने, छूटे हुए किसानों के लिए लैम्प्स-पैक्स के निबंधन कार्य में तेजी लाने का दिया निर्देश




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड के निदेशक पर्षद की तीसरी बैठक हुई। सीएम श्री सोरेन ने कहा कि झारखंड में कृषि एवं वनोपज क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। इसे बढ़ावा देने के लिए ही सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड का गठन हुआ है। इसका उद्देश्य वनोपज का उत्पादन, संकलन, प्रसंस्करण, अनुसंधान व विकास की विभिन्न गतिविधियों को सहकारी आधार पर संगठित करना है। इस सहकारी संघ की जानकारी किसानों तक पहुंचयें ताकि वे इससे जुड़कर उत्पादों का लाभ ले सकें।

### विशेष उत्पादों की जियो टैगिंग जरूरी

झारखंड में लाह, इमली, कोदो, कुटकी, सरगुजा, चिरौंजी, आंवला, महुआ, करंज, रेशम और तसर जैसे कई वनोपज हैं जिसकी उपयोगिता और बाजार में काफी ज्यादा मांग है लेकिन इसके उत्पादकों को इसका उचित फायदा नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड के इन विशेष उत्पादों का वैल्यू एडिशन के साथ जियो टैगिंग करने की दिशा में कदम उठायें।

### मधु संग्राहकों को उचित प्रशिक्षण दिया जाये

मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने मधु संग्राहकों को उचित प्रशिक्षण देने पर जोर दिया। अधिकारियों से कहा कि उनका समूह बना कर उन्हें सिध्कोफेड से जोड़ा जाये। उनके मधु को वैश्विक बाजार उपलब्ध करने के लिए अमूल, सफोला, हिमालय जैसी बड़ी कंपनियों संस्थाओं से जोड़ा जाये।

### किसानों को वैकल्पिक खेती की जानकारी दें

मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम में उतार चढ़ाव से परंपरागत कृषि काफी प्रभावित हो रही है। ऐसे में, किसानों को वैकल्पिक कृषि के लिए भी तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि कृषक पाठशाला राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। इस कृषक पाठशाला में किसानों को वैकल्पिक खेती का प्रशिक्षण दें। उन्हें वनोपज से जोड़ें। उन्होंने कहा कि केंदू पत्ता वनोपज को भी सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ के दायरे में लाने की संभावनायें तलाशें। फुदी स्थित नवनिर्मित सहकारिता प्रशिक्षण केंद्र में सभी आधुनिक सुविधायें उपलब्ध हैं। उसे प्रोफेशनल तरीके से चलायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वनोपज एवं कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए समुचित कदम उठायें जाने चाहिये। वनोपज से जुड़े ज्यादा से ज्यादा किसानों को जोड़ें। इनके उत्पादन से संबंधित जानकारी और प्रशिक्षण दें। उन्होंने कहा कि लाह तथा रेशम तसर की खेती की झारखंड में काफी संभावनायें हैं। ऐसे में इसके उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में पहल करें।

### पवनपुत्र स्टील एंड एलॉय प्लांट में धमाका

## एक मजदूर की मौत, पांच लोग गंभीर रूप से झुलसे

**खबर मन्त्र संवाददाता**



घटना की जानकारी लेतीं डीडीसी

**हजारीबाग।** जिले के बरही में पवनपुत्र स्टील एंड एलॉय प्लांट की चिमनी में मंगलवार को हुए जोरदार ब्लास्ट में एक मजदूर की मौत हो गई जबकि पांच मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल हजारीबाग शहर के आरोग्यम अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने चार को रांची के लिए रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार प्लांट की चिमनी में दोपहर करीब 12 बजे धमाके के साथ ब्लास्ट हुआ। ब्लास्ट इतना जोरदार था कि वहां काम कर रहे मजदूर हवा में दूर तक उछल गए। सभी 80 से 90 फीसदी झुलस गए थे। एक मजदूर जितेंद्र कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। रेफर किए गए घायलों में राजू, राजेश, शैलेश और रामदेव हैं। एक मजदूर नरेंद्र कुमार का इलाज आरोग्यम अस्पताल में चल रहा है। बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव ने अस्पताल में मजदूरों के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए भी पहुंचे।

बरही में जियाडा की ओर से इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। इधर, ब्लास्ट से फैक्टरी को भी काफी नुकसान पहुंचा है। ब्लास्ट कैसे हुआ, प्लांट की ओर से इसकी आधिकारिक तौर पर कोई कारण नहीं बताया गया है। घटना के बाद उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित बरही घटनास्थल का जायजा लेने पहुंची।

### संसद में सर्वदलीय बैठक, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा

# शेख हसीना सदमे में, बातचीत से पहले उन्हें समय दे रही सरकार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश में राजनीतिक संकट के बीच केंद्र सरकार ने मंगलवार को संसद भवन में सर्वदलीय बैठक की। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सभी पार्टी के नेताओं को सूचित किया कि भारत ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मदद का भरोसा देते हुए उन्हें भविष्य की रणनीति तय करने के लिए समय दिया है। सूत्रों के अनुसार जयशंकर ने नेताओं को बताया कि हसीना सदमे में हैं इसलिए भारत सरकार उन्हें सदमे से उबरने के लिए समय दे रही है और इसके बाद उनकी भविष्य की योजनाओं सहित अन्य मुद्दों पर उनसे बात की जायेगी। इधर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत विभिन्न विपक्षी नेताओं ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार को अपना पूरा सहयोग देने की बात कही।

बता दें कि बांग्लादेश में आरक्षण विरोधी हिंसक प्रदर्शनों के बीच प्रधानमंत्री हसीना के अचानक इस्तीफा देने और देश छोड़कर जाने से वहां अराजकता की स्थिति पैदा हो गयी है। उम्मीद है कि वे भारत के बाद लंदन या फिनलैंड जा सकती हैं।

### भारतीय नागरिकों और छात्रों की मदद के लिए बांग्लादेशी सेना के संपर्क में है भारत



जयशंकर ने कहा कि भारत पड़ोसी देश में मौजूद 19 हजार भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बांग्लादेशी सेना के संपर्क में है। इसमें 9 हजार भारतीय छात्र हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित अन्य नेताओं के सवालों के जवाब देते हुए विदेश मंत्री ने बांग्लादेश में अराजकता में विदेशी सरकारों की भूमिका से इनकार नहीं किया, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि हालात बहुत संवेदनशील हैं और सरकार पड़ोसी देश के घटनाक्रम पर लगातार नजर रख रही है।

### स्थिति पर भारत की पैनी नजर : विदेश मंत्री

डॉ. जयशंकर ने लोकसभा एवं राज्यसभा में एक बयान में कहा कि पड़ोसी देश का राजनीतिक घटनाक्रम चिंता का विषय है और सरकार अपने राजनयिक मिशनों के माध्यम से वहां रह रहे भारतीय नागरिकों से बराबर संपर्क बनाये हुए है। उन्होंने कहा कि जब तक वहां अल्पसंख्यकों की सुरक्षा एवं देश की कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य नहीं हो जाती, वहां हमारी पैनी नजर रहेगी।

### बांग्लादेश में हिंसा से परेशान हैं भारत में रह रहे बांग्लादेशी छात्र

# प्रदर्शनकारियों ने होटल में 24 लोगों को जिंदा जलाया

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश में आरक्षण की आग हिंसक रूप ले चुका है। शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और देश छोड़कर भागने के बावजूद छात्रों का गुस्सा शांत नहीं हुआ है। तोड़-फोड़ व आगजनी की कई तस्वीरें बांग्लादेश से आ रही हैं। हसीना के ढाका छोड़ने के बाद 100 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। खबर है कि प्रदर्शनकारियों ने अवामी लीग पार्टी के एक नेता के स्वामित्व वाले एक होटल में करीब 24 लोगों को जिंदा जला दिया है। इस घटना में मरने वाले ज्यादातर होटल में ठहरे लोग थे।



**बांग्लादेशी छात्र परेशान :** बांग्लादेश में जारी हिंसा से भारत में पढ़ाई कर रहे वहां के छात्र परेशान हैं। उन्हें अपनों की चिंता सता रही है। उनके कोई संपर्क स्थापित नहीं हो पा रहा है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले बांग्लादेश के छात्र अंतुर घोष ने कहा- नेटवर्क कनेक्शन डाउन होने के कारण वे अपने परिवार से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। उन्हें अपने परिवार के बारे में चिंता सता रही है। हमें कैंपस में कोई समस्या नहीं आ रही है, लेकिन मैं अपने परिवार के बारे में चिंतित हूं। बांग्लादेश के एक छात्र विद्युत ने कहा- हिंसा बहुत तेजी से फैल रही है। वे अपने परिवार से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से कोई नेटवर्क नहीं है।

**न्यूयॉर्क में भी बांग्लादेशियों का हंगामा :** न्यूयॉर्क में भी बांग्लादेशियों ने हंगामा शुरू कर दिया है। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेशी वाणिज्य दूतावास पर हमला कर दिया और जबरन बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की तस्वीर को हटाया गया।

**बांग्लादेश की सेना में बड़ा फेरबदल :** बांग्लादेश में बड़ी तेजी से बदले राजनीतिक घटनाक्रम के बीच सेना ने अंतरिम सरकार बनाने की घोषणा की है। मेजर जनरल जियाउल अहसन को हटा दिया गया है। मोहम्मद जनरल तबरेज शम्स को क्वार्टर मास्टर का प्रभार सौंपा गया है। ले जेनरल मुजीबुर रहमान को ट्रेनिंग का प्रभार सौंपा गया है।

#RememberingBauji



A tribute to the son of soil
on his 94th birth anniversary

We commemorate the visionary spirit of Shri O.P. Jindal, whose bold dreams transformed industries and empowered communities. His indomitable legacy lives on in the heart of every endeavour at Jindal Group.

Shri O. P. Jindal
7th August 1930 - 31st March 2005
Founder and Visionary, O. P. Jindal Group

Remembering Bauji Today... and Every Day...

JINDAL SAW LTD. TOTAL PIPE SOLUTIONS | JSW Better Everyday | JSL JINDAL STAINLESS | JINDAL STEEL & POWER

# सरकार दिव्यांगों के समावेशी विकास पर कर रही फोकस : चंपाई

## अनाथ बच्चों की शिक्षा-दीक्षा पर भी सरकार का फोकस, दिव्यांगजनों के समावेशी शिक्षा के लिए स्टेट यूनिवर्सिटी की परिकल्पना पर कार्यशाला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** उच्चतर एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि दिव्यांगजनों को सामान्य जीवन में समावेशी भागीदारी के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए दिव्यांगजनों के लिए राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना की परिकल्पना की गयी है। वह मंगलवार को होटल बीएनआर में आयोजित स्टेट लेवल कंसल्टेटिव वर्कशॉप को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सोच यह है कि मनुष्य जीवन के लिए कुछ ऐसा करें, जो मिसाल बन सके। दिव्यांगजनों के लिए समावेशी विश्वविद्यालय एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में सब के पास सब कुछ नहीं है। हमारे दिव्यांगजन भी उनमें शामिल हैं। उनके समावेशी विकास पर फोकस किये बिना संपूर्ण विकास की बात बेमानी होगी। सामान्य मानव जीवन में उनकी भागीदारी सुनिश्ति हो सके, इसके लिए प्रयास जारी है। उन्होंने सरायकेला खारसावां के राजनगर प्रखंड में ओडिशा की सीमा पर स्थित एक गांव का जिक्र करते हुए बताया कि वहां के स्कूल के नेत्रहीन हेडमास्टर कैसे शिक्षा देते थे। उनके ही कार्यों से प्रेरणा लेकर दिव्यांग विश्वविद्यालय की स्थापना की पहल की जा रही है।




**इच्छाशक्ति हो तो हर समस्या का समाधान संभव :** उन्होंने कहा कि झारखंड मूल रूप से धनी प्रदेश है। जंगल-झाड़ से सुसज्जित है, लेकिन पिछड़ा भी है। पिछड़ेपन के लिए वह किसी की आलोचना नहीं कर रहे हैं, लेकिन आगे इसे कैसे विकसित बनायें, इस पर सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि इच्छाशक्ति हो, तो हर समस्या का समाधान संभव है। सरकार उच्चतर शिक्षा के लिए लगातार सुविधाएं विकसित कर रही है। छात्रों को हर सुविधा दी जा रही है। अनाथ बच्चों की शिक्षा-दीक्षा पर भी सरकार का फोकस है। उन्होंने कार्यशाल में आये प्रबुद्धजनों से कहा कि उनके सुझाव लेकर वह समावेशी दिव्यांग विश्वविद्यालय की परिकल्पना को साकार करेंगे।

**नवोत्थान छात्रवृत्ति योजना शुरू करेगी सरकार :** दिव्यांग विश्वविद्यालय को झारखंड के शिक्षा जगत में एक नया अध्याय बताते हुए उन्होंने कहा कि यह मात्र एक भवन अथवा कक्षाओं का समूह नहीं, बल्कि समाज के इस खास समुदाय के लिए आशा की किरण, एवं उनके बौद्धिक प्रगति का केंद्र होगा, जहां वे अपने सपनों को आसानी से पूरा कर सकें। झारखंड सरकार द्वारा प्रस्तावित यह विश्विद्यालय रांची में बनने जा रहा है, जिसमें दिव्यांग विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक संसाधन, सुविधाएं, प्रशिक्षित संकाय व सहायक कर्मचारी, विशिष्ट एवं रोजगार उन्मुखी शैक्षणिक पाठ्यक्रम, तथा कैरियर गाइडलाइन और प्लेसमेंट की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। साथ ही झारखंड सरकार नवोत्थान छात्रवृत्ति योजना शुरू करने जा रही है।

इसके तहत राज्य के अनाथ एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं को पूर्ण पाठ्यक्रम शुल्क (अधिकतम 10 लाख तक, प्रति वर्ष) की प्रतिपूर्ति की जायेगी।

### दिव्यांगजनों के लिए समावेशी वातावरण बनाना होगा : सचिव

कार्यशाला में उच्चतर एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार ने कहा कि समाज के विशेष वर्ग दिव्यांगजनों के लिए समावेशी वातावरण बनाना होगा। यह सिर्फ विभाग ही नहीं, हम सभी का दायित्व है। समावेशी दिव्यांग विश्वविद्यालय की परिकल्पना में भी यही तथ्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों की क्षमता पहचान कर उनके विकास पर फोकस करना हमारा लक्ष्य है। दिव्यांगजनों की कुल 21 कैटेगरी है। उनकी कैटेगरी के अनुसार उनकी आवश्यकता को ध्यान में रख उनके लिए कोर्सेज डिजायन करना होगा। क्लास डिजायन करना होगा।
उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि लातेहार जिले में बतौर उपायुक्त अपनी पदस्थापना के दौरान उन्होंने दिव्यांगजनों के लिए एक नई सुबह नामक कार्यक्रम की शुरूआत की थी। उसी तरह देवघर में उड़ान और गुरुकुल कार्यक्रम के माध्यम से 40 हजारों दिव्यांगों को लाभ पहुंचाया था। उन्होंने कहा कि दिव्यागजनों के अलावा सामान्य छात्रों के लिए भी विभिन्न योजनाएं लेकर आएंगे।
कार्यशाला में निदेशक उच्च शिक्षा रामनिवास यादव, असिस्टेंट रजिस्टार कोऑपरेटिव सर्विस विवेक सिंह, संस्था मनोविकास, दिल्ली के मैनेजिंग सेक्रेटरी डॉ. अलोक भुवन, निदेशक तकनीकी शिक्षा सुनील कुमार आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

---

### केस फाइलिंग के नये नियम पर हाईकोर्ट के तीन जजों की बेंच ने फैसला सुरक्षित रखा

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में केस फाइल करने के नये नियम पर मंगलवार को पूर्ण पीठ ने सुनवाई की। इस केस से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद, जस्टिस राजेश शंकर और जस्टिस अरुण कुमार राय की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। पूर्व में सुनवाई करते हुए अदालत ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया, झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन और रजिस्ट्रार जनरल को प्रतिवादी बनाया था।


**खोया- पाया**

मैं फिरोज दिलावर खाना निवासी-न्यू पारस टोली हरमैन इन्कलेव, डोरण्डा, रांची का रहने वाला हूँ मेरे Origibnal Sale Deed (मिस मारिया एम एडविना डिकोस्टा) 100-6364/1995 Date 18/09/1995 जिसका खाता संख्या -70 Plot No-3997 है घर से बैंक जाने के क्रम में डोरंडा बाजार के पास कही खो गया अतः किसी सज्जन को मिले तो सम्पर्क करे :- M-94311 75027


# आजीवन सजा काट रहे और 30 कैदी होंगे रिहा

### सीएम की अध्यक्षता में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक सम्पन्न हुई। यह बैठक प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में हुई। इसमें उन 67 कैदियों के रिहाई से संबंधित मामलों पर पुनः विचार किया गया। झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की पिछली दो बैठकों में अस्वीकृत किये गये थे। बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की अनुशंसा के आलोक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 67 कैदियों को कारामुक्त किये जाने के मामलों पर अधिकारियों के साथ गहन-विचार विमर्श किया। समीक्षा के क्रम में न्यायालयों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक एवं प्रोबेशन पदाधिकारी के मंतव्य पर अधिकारियों के साथ बिंदुवार विचार-विमर्श के उपरान्त 30 कैदियों को रिहा किये जाने के निर्णय पर मुख्यमंत्री ने अपनी स्वीकृति दी।



बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव नलिन कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, न्यायायिक आयुक्त दिवाकर पांडेय, महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक अनुराग गुप्ता, कारा महानिरीक्षक सुदर्शन प्रसाद मंडल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सीएम से मिला सचिवालय सेवा संघ का प्रतिनिधिमंडल

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को झारखंड सचिवालय सेवा संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने झारखंड सचिवालय सेवा संघ के लंबित माँगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर झारखंड सचिवालय सेवा संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद, महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा, उपाध्यक्ष विनय बरनवाल, इरशाद आलम, सचिव पीयूष कुमार एवं दीप्ति शिखा हेरेंज उपस्थित थे।

# विपक्ष के नेता अमर बाउरी को हाइकोर्ट ने किया नोटिस

### पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की विधानसभा सदस्यता रद्द मामले में नोटिस

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** दलबदल के मामले में जयप्रकाश भाई पटेल की विधानसभा सदस्यता खत्म करने के झारखंड विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने विपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने झारखंड विधानसभा अध्यक्ष को मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए जयप्रकाश भाई पटेल की सदस्यता रद्द करने संबंधी फाइल एवं प्रोसीडिंग्स का दस्तावेज मांगा है। इससे पहले प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उन्हें बिना सुने हुए और बिना अवसर प्रदान किए हुए झारखंड विधानसभा अध्यक्ष ने उनकी सदस्यता रद्द कर दी है।
जबकि विधानसभा अध्यक्ष के पास अन्य सदस्यों की विधानसभा सदस्यता रद्द करने संबंधी कई मामले अभी लंबित है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 28 अगस्त निर्धारित की है। दरअसल, विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो के न्यायाधिकरण ने जयप्रकाश भाई पटेल के खिलाफ इस संबंध में दायर शिकायत पर संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत सुनवाई के बाद उनकी विधानसभा सदस्य को रद्द करने का फैसला सुनाया था, यह फैसला 26 जुलाई से प्रभावी माना जाएगा। मांडू विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय जनता पार्टी के जयप्रकाश भाई पटेल लोकसभा चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस में शामिल हुए थे और उसके टिकट पर हजारीबाग सीट से चुनाव मैदान में उतरे थे। लेकिन चुनाव हार गए थे। जयप्रकाश भाई पटेल के खिलाफ भाजपा ने स्पीकर न्यायाधिकरण में दलबदल की शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर लगातार दो दिनों तक सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन अधिनियम के नियमावली प्रारुप को कृषि मंत्री की स्वीकृति

**रांची।** झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन (संवर्धन और सुरक्षा) अधिनियम 2022 के नियमावली प्रारुप पर कृषि मंत्री दीपिका पांडेय ने अपनी स्वीकृति दे दी है। साथ ही झारखंड प्रोफेशनल एजुकेशनल कोर्स (रेगुलेशन ऑफ फी) बिल पर भी मंत्री ने सहमति प्रदान कर दी। इसके अलावा विभागीय मंत्री द्वारा अन्य विभागीय योजनाओं से संबंधित कार्य भी संपादित किए गए। वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य योजनांतर्गत आईटी एवं परामर्शी सेवाओं की स्थापना के लिए दस करोड़ रुपये के व्यय की स्वीकृति दी गयी। राज्य योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 24-25 में कृषि क्षेत्र में फसल उत्पादन एवं उत्पादकता को बढाने हेतु उन्नत कृषि प्रौद्योगिकी को समायोजित कर एग्री स्मार्ट ग्राम विकसित किया जाएगा। इस पर चार करोड़ 51 लाख 96 हजार रुपए की स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान की गयी है कि 31 मार्च 2025 तक अवशेष राशि को वापस जमा कर दिया जाएगा। रामकृष्ण मिशन विवेकानंद यूनिवर्सिटी के अधीन विस्तारित केंद्र रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थान, मोराबादी (रांची) को 3 करोड़ 52 लाख 80 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई।


**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**

**शुद्धि पत्र**

नगर पंचायत, लातेहार के ज्ञापांक 1648 दिनांक 01.08.2024 द्वारा जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी लातेहार के माध्यम से PR NO 331759 Urban Development (24-25)#D द्वारा फौगींग मशीन एवं लार्वा के दवा के कय हेतु विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित अतिअल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं० 05/2024-25 में संबंधित सामग्रियों के कय हेतु पूर्ण विवरणी एवं सभी कर सहीत अपना कोटेशन जमा करने की तिथि टंककीय भूलवश दिनांक 10.10.2024 के अपराहन् 2.30 बजे अंकित हुई है, जिसे दिनांक 10.08.2024 के अपराहन् 2.30 बजे पढा व समझा जाय, शेष यथावत रहेगें।

PR 331966 Urban Development (24-25)_D

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार



**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
**एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड**

**अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (5th Call)**
**PR No: 318239 Dated 08.02.2024**
**अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- 43/2024-25 दिनांक :- 05.08.2024**

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-SRK-13/2023-24 | राजनगर | 1 | राजनगर हाता मुख्य पथ राजनगर उच्च विद्यालय से कालाझरना तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०– 2.300 कि०मी०) | 1226.772 | बारह करोड़ छब्बीस लाख सतहत्तर हजार दो सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | गम्हरिया | 2 | नीलमोहनपुर से टिपाटांड (बड़ाककरा) तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 1.950 कि०मी०) | | | |
| | | गम्हरिया | 3. | राजनगर जुगसलाई पथजयकान से छोटा कुना बेड़ा सीमा भाया दड़ाईमाछ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 3.800 कि०मी०) | | | |
| | | गम्हरिया | 4 | लुपुनडीह से पम्प हाउस तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०– 1.800 कि०मी०) | | | |
| | | गम्हरिया | 5 | गजिया से राजगाँव मोड़ भाया बड़डीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०– 2.900 कि०मी०) | | | |
| | | गम्हरिया | 6 | नावागढ़ से तिरिलडीह चौक तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०– 4.600 कि०मी०) | | | |
| | | खरसांवा | 7 | रायडीह जुमडी हाट से सोखनडीह, सिदाडीह, नारायणडीह होते हुए सीनी–खरसावाँ मुख्य पथ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०– 4.600 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–08.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 13.08.2024 अपराहन 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–14.08.2024 .अपराहन 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..................
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

PR 332040 Rural Work Department(24-25).D

अभियंता प्रमुख
ग्रामीण कार्य विभाग–सह–
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची


# विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू, मॉनिटरिंग सेल का गठन

### आईजी अभियान ने जिलों के एसपी के साथ की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। इसको लेकर मंगलवार को आईजी अभियान एवी होमकर ने जिले के एसपी के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक के दौरान आईजी अभियान ने विधान सभा चुनाव-2024 को स्वच्छ, निष्पक्ष और शान्तिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने सभी जिलों को अपने-अपने जिलों में चुनाव सेल गठित करते हुए चुनाव संबंधी कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया।
उन्होंने गैर जमानतीय वारंटों का निष्पादन करने, हिस्ट्री शीटरों, फिरारियों और अन्य सक्रिय अपराधियों के विरूद्ध सख्त और निरोधात्मक कार्रवाई करने, अन्तर्राज्जीय और अंतर जिला चेक पोस्टों का प्रभावशाली क्रियान्वयन, अवैध शराब, मादक पदार्थ, हथियार, नकद के विरूद्ध विशेष अभियान चलाने, नक्सल विरोधी अभियान को और प्रभावशाली करने, बलों की आवश्यकता का आकलन और उनके सुरक्षित आवागमन, बलों के आवासन की योजना बनाने, सुदूरवर्ती और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए हेलीड्रॉपिंग प्लान बनाने, शैडो एरिया की पहचान करते हुए चुनाव के दौरान संचार व्यवस्था के लिए योजना बनाने, पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों का चुनाव संबंधी प्रशिक्षण कराने और सभी जिला में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल और वीआईपी मॉनिटरिंग सेल का गठन करने का निर्देश दिया।

# कृषि क्षेत्र को डीजल मुक्त करने की है योजना : केंद्रीय मंत्री

### सांसद आदित्य साहू ने झारखंड में पीएम कुसुम योजना की प्रगति का मामला उठाया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा सांसद आदित्य साहू के सवालों का जवाब देते हुये नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाईक ने बताया कि केंद्र सरकार ने मार्च 2019 में पीएम कुसुम योजना की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि इसका विस्तार जनवरी 2024 में किया गया है। ताकि किसानों को ऊर्जा और जल सुरक्षा प्रदान की जा सके। उनकी आमदनी बढ़ाई जा सके। कृषि क्षेत्र को डीजल मुक्त किया जा सके और पर्यावरण प्रदूषण को कम किया जा सके। दरअसल, श्री साहू ने झारखंड सहित देश भर के किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान ;पीएम कुसुम का ब्यौरा मांगा था।
उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य सहित देश भर के किसानों को लाभान्वित करने वाली पीएम कुसुम योजना के तहत तीन घटक हैं। इसमे पहले घटक में किसान अपनी जमीन पर 2 मेगावाट की क्षमता तक के विकेन्द्रीकृत ग्राउंड स्टिल्ट माउंटेड ग्रिड कनेक्टेड सौर या अन्य अक्षय ऊर्जा आधारित विद्युत संयंत्र स्थापित कर सकते हैं। अक्षय ऊर्जा विद्युत संयंत्र को किसान अपनी भूमि पर स्वयं या किसानों के समूह-सहकारी समितियों, उत्पादक संगठनों, जल उपयोगकर्ता संघों के साथ साझेदारी में या डेवलपर के माध्यम से स्थापित कर सकते हैं।
इन विद्युत संयंत्रों से उत्पन्न अक्षय विद्युत की खरीद डिस्कॉम द्वारा पूर्व निर्धारित स्तरीकृत टैरिफ पर की जाती है। यदि किसान, डेवलपर को अपनी जमीन लीज पर देते हैं तो वे लीज रेंट प्राप्त करने के लिए भी पात्र हैं।
दूसरे घटक के अंतर्गत किसान, सिंचाई के लिये स्टैण्ड अलोन सौर कृषि पंप की स्थापना कर सकते हैं। सरकार स्टैण्ड अलोन सौर कृषि पंप के लिये 30 प्रतिशत ;या पूर्वोत्तर क्षेत्रध्पहाड़ी क्षेत्र-द्वीपों के लिये 50 प्रतिशत की केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करती है। तीसरे घटक के बारे में बताया कि यह घटक अपने व्यक्तिगत पंप सौरीकरण मोड के तहत ग्रिड कनेक्टेड कृषि पंपों के सौरीकरण और कृषि भार के फीडर स्तर सौरीकरण को भी सक्षम बनाता है। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य में 20 मेगावाट की स्वीकृति के साथ दूसरे और तीसरे घटक में 49985 और 1000 पंप की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# मंइयां सम्मान योजना से भाजपा मुद्दाविहीन झामुमो ने छपवाये हैं लाखों फॉर्म : सुप्रियो

### झामुमो ने मंइयां योजना की सफलता के लिए महिलाओं का जताया आभार, कहा, पहले दिन अधिक हिट्स के कारण सर्वर स्लो हो गया

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** झामुमो ने मुख्यमंत्री मंईयां महिला सम्मान योजना की सफलता और इसे महिलाओं के द्वारा हाथों-हाथ लेने के लिए सरकार और महिलाओं के प्रति आभार प्रकट किया है। झामुमो ने इस योजना को लेकर बाबूलाल मरांडी समेत अन्य भाजपा नेताओं के आरोपों को अनर्गल बताया। केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि पहले दिन अधिक हिट्स होने के कारण सर्वर स्लो हो गया, जिसका निराकरण किया जा रहा है। कहा कि सरकार की इस अति महत्वाकांक्षी योजना से भाजपा सेटबैक में चली गयी है।

**लोकसभा चुनाव हारने के बाद भाजपा को मुद्दा नहीं मिल रहा :** सुप्रियो ने निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा मुद्दाविहीन हो गयी है, उसे समझ ही नहीं आ रहा है कि वह कौन सा मुद्दा लेकर चुनाव और जनता के बीच जाये। लोकसभा चुनाव हारने के बाद भाजपा को कोई मुद्दा नहीं मिल रहा था, तो घुसपैठ का मुद्दा लायी। मगर, इसमें घुसपैठ कम और हिंदू-मुस्लिम अधिक था। जब यह भी हवा हो गया, तो अब सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पर ऊंगली उठा रही है। झामुमो महासचिव ने कहा कि हमारी सरकार ने महिलाओं, छात्रो, किसानों, कर्मचारियों, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, सहिया, रसाईया के लिए कई लाभों की घोषणा की है।

**केंद्र हमारा बकाया लौटा दे, तो ऐसी कई योजनाएं लायेंगे :** सुप्रियो ने कहा कि अगर केंद्र सरकार हमारा बकाया 1.36 लाख करोड़ लौटा दे, तो ऐसी कई योजनाएं हमारी सरकार ला सकती है। जीएसटी का भी बकाया केंद्र सरकार नहीं देती है। उन्होंने कहा कि सहायक पुलिस कर्मियों की अधिकांश मांगें सरकार ने मान ली है। मगर कुछ विरोधी तत्वों के कारण आंदोलन खत्म नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा वालों को अपने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से सवाल पूछना चाहिए कि नियुक्ति में कई ऐसी शर्तें क्यों डाल दी गयीं?

**हिमंता मोदी से पूछें, 10 वर्षो में कहां गयी 20 करोड़ नौकरी :** झामुमो महासचिव ने कहा कि हिमंता जी को हमारी सरकार से हिसाब मांगने का हक नहीं है. उन्हें पीएम मोदी से पूछना चाहिए कि 2014 में हर साल दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया था, तो 10 साल में 20 करोड़ नौकरी कहां गयी? सीएमआई की रिपोर्ट के अनुसार, कोरोना के बाद 15 करोड़ लोगों की नौकरी चली गयी। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी ने मंईयां योजना के लाखों फार्म छपवाये हैं, जिसे हमारे कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर महिलाओं को देंगे।

## नगर विकास मंत्री ने की जुडको और नगर विकास की योजनाओं की समीक्षा

# समय पर काम पूरा नहीं करने वाली एजेंसियों पर कार्रवाई होगी: हफिजुल

### माह के अंत तक कांटाटोली फ्लाईओवर, रविंद्र भवन और ट्रांसपोर्ट नगर का काम पूरा करने का निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** नगरों के विकास से संबंधित चल रही परियोजनाओं मे ढिलाई और देरी बरदास्त नहीं की जायेगी। जो संवेंदक या एजेंसियां काम करने में कोताही बरतेंगी उनके खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी। यह हिदायत राज्य के नगर विकास एवं आवास मंत्री हफीजुल हसन ने दी है। मंत्री ने मंगलवार को जुडको के सभागार में जुडको एवं विभाग द्वारा क्रियान्वित करायी जा रही योजनाओं की समीक्षा के दौरान यह बात कहीं। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के पूरा करने में विभाग एवन जुडको एजेंसियों का पूरा सहयोग कर रहा है फिर भी योजनाओं के पूरा होने मे देरी बेमानी लगती है। श्री हसन ने कहा कि सभी एजेंसी काम मे तेजी लायें। काम मे जमीन के अधिग्रहण, दूसरे विभागों की अनापत्ति प्रमाण पत्र ( एनओसी ) तथा कोई अन्य अड़चन आ रही हो तो बेझिझक उनसे अथवा विभागीय सचिव श्री अरवा राजकमल को बताया जाये। समस्या हरहाल में दूर की जायेगी।

मंत्री ने भरोसा दिलाया कि नगरों के विकास एवं आमजन के लिए बुनियादी सुविधाएं मयस्सर कराने के लिए हर वाजिब प्रयास किया जायेगा। इसके लिए सरकार जुडको एवं नगर निकायों के लिए नयी परियोजनायें लायेगी। विभाग एवं जुडको के अधिकारी इस कार्य मे सहयोग करें। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम के मद्देनजर नगर निगम सहित सभी निकाय सफाई पर विशेष ध्यान दें। जल जमाव का स्थायी समाधान किया जाये।

**माह के अंत तक खोल दिया कांटाटोली फ्लाईओवर : सचिव :** नगर विकास सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि जो भी परियोजनायें 90 प्रतिशत पूरी होकर संचालित होने लायक हो गयीं है, उनके पूरी होने के इंतजार करने के बजाय उदघाटन करा कर योजनाओं का लाभ लोगों को दिया जाये। सचिव ने कहा कि कांटाटोली फ्लाईओवर हर हाल में इस माह के अंत तक उदघाटन कर परिवहन के लिए खोल दिया जाये। सुकरहुटू स्थित ट्रांसपोर्ट नगर और रविंद्र भवन का काम एक माह में पूरा कर उदघाटन करायख जाये। सुडा निदेशक अमित कुमार और जुडको के वरिष्ठ अधिकारियों ने मंत्री हसन का बुके देकर अभिवादन किया। बैठक में नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल, सुडा निदेशक अमित कुमार, डीएमए निदेशक सत्येंद्र कुमार, जुडको के पीडीटी गोपालजी, पीडीए अरविंद कुमार मिश्र एवं पीडीएफ अमित चक्रवर्ती के अलावा अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं एजेंसियां शामिल हुईं।

### कांटाटोली सर्विस लेन का मरम्मत का काम जारी

कांटाटोली फ्लाईओवर के सर्विस लेन की मरम्मत शुरू कर दी गयी है। मंगलवार को जुडको की ओर इस पर काम लगाया गया है। सर्विस लेन में उभरे बड़े गढ़ढें को भरने का काम भी किया गया है। इसके अलावा सुरक्षात्मक इंतजाम किए गये. ताकि वाहन चालकों को कोई परेशानी न हो। जुडको के अधिकारियों ने इसका निरीक्षण भी किया है और काम तेजी से पूरा करने का निर्देश संवेदक को दिया है। जुडको ने पाइपालाइन को ज्वांइट होने तक वहां पर उभरे गड्ढे को अभी अस्थायी रूप से भरने को भी कहा है। बताते चलें कि भारी में सर्विस लेन की स्थिति काफी खराब हो गयी थी, आवागमन प्रभावत हो गया था। गड्ढे में पानी भर जाने से दुर्घटनाओं का भी आशंका हो गयी थी।

## 25 हजार मुआवजा का भुगतान करें आईएएस सुनील : आयोग

### आयोग ने राज्य सरकार को दिया अनुपालन कराने का निर्देश

### एनटीपीसी के अधिकारी ने सुनील कुमार पर लगाया था मारपीट का आरोप

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नेशनल ह्यूमन राइट कमीशन (एनएचआरसी) ने झारखंड सरकार को राज्य के वरीय आईएएस अधिकारी सुनील कुमार के मामले में आयोग द्वारा दिये गये निर्णय का अनुपालन हो, यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। आयोग ने राज्य सरकार को यह निर्देश सोमवार (5 अगस्त) को दिया है। मालूम हो कि एनटीपीसी के अधिकारी राकेश नंदन सहाय ने उनके साथ हुई अभद्रता की शिकायत एनएचआरसी में की थी। इस पर आयोग ने आईएएस अधिकारी सुनील कुमार को राकेश नंदन सहाय को मुआवजे के तौर पर 25 हजार का भुगतान करने का निर्देश दिया था। आयोग ने यह आदेश काफी पहले दिया था। लेकिन अब तक इस आदेश का अनुपालन नहीं किया गया है।

बताते चलें कि एनटीपीसी के अधिकारी राकेश नंदन सहाय ने वर्ष 2015 में यह आरोप लगाया था कि आईएएस अधिकारी सुनील कुमार ने उनके साथ मारपीट की है। सुनील कुमार उस वक्त हजारीबाग डीसी के पद पर थे। दोनों के बीच शुरू हुआ आरोप प्रत्यारोप का मामला अदालत की दहलीज तक जा पहुंचा था। इसी वर्ष दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से हाईकोर्ट में समझौते के तहत केस खत्म तो कर दिया। लेकिन आयोग के आदेश का अनुपालन अधिकार सुनील कुमार ने अब तक नहीं किया है। सुनील कुमार की पत्नी के नाम पर खरीदी गयी जमीन मामले में एसीबी में भी शिकायत की गयी थी। सुनील कुमार फिलहाल भवन निर्माण विभाग में सचिव के पद पर कार्यरत हैं।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान बढ़ेगा : महताब अंसारी

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** वार्ड 4 चार की सभी महिलाओं को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना 2024 का फॉर्म मंगलवार को बड़ागई के मदरसा फैज ए आम कम प्रोग्रेसिव हाई स्कूल में जमा कराया गया। इस योजना के प्रति महिलाओं में उत्साह और उमंग देखा गया। कैंप में महिलाओं की काफी तादात थी। सभी महिलाओ को फॉर्म दिया गया और फॉर्म आंगनबाड़ी सहाइका के द्वारा भरवाया गया। इस अवसर पर झामुमो युवा के संयुक्त सचिव महताब अंसारी ने कहा कि यह योजना हमारी माता-बहनों के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के तरफ से एक उपहार है। इस योजना के तहत 21 साल से 50 साल तक की महिलाओं 1000 एक हजार रुपया परती महीना का आर्थिक सहायता दी जायेगी। इस पैसे से पोषण, स्वस्थ्य, स्वच्छता पर खर्च करेंगी। इससे समाज में महिलाओं के प्रती सम्मान बढ़ेगा। वार्ड 4 के पूर्व पार्षद हुस्न आरा ने कहा ये योजना महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाएगी और महिलाओं को ताकत परदान करेगी। निरीक्षण के दौरान बड़गाई अंचल अधिकारी शिवशंकर पांडेय ने सभी तरह के फार्म को लेने की अनुमति कम्प्यूटर ऑपरेटरों को दी। इस अवसर पर झामुमो नेता महताब अंसारी एवं वार्ड पार्षद हुस्न आरा को सहयोग के लिए स्थानीय लोगों ने आभार जताया और कहा कि मुख्यमंत्री की यह योजना साधारण परिवार की महिलाओं के लिए उम्मीद की एक किरण दिखाई पड़ती नजर आ रही है। इस अवसर पर फैय्याज शाह ,अबुतालिब अंसारी,नेजतुल्लाह अंसारी, बड़गाई के सेक्रेटरी जिक्रुल्लाह अंसारी, शाहनवाज अंसारी ,लड्डन अंसारी, कुलुम अंसारी, हाफिज अंसारी, फिरोज अंसारी समेत बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रघुवर दास के कार्यकाल में बने पुलों की होगी जांच : डॉ. इरफान अंसारी

**रांची।** ग्रामीण विकास-ग्रामीण कार्य सह पंचायती राज मंत्री डॉ.इरफान अंसारी ने कहा है कि वे पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यकाल में बने सारे ग्रामीण पुलों की जांच करायेंगे। उन्होंने रांची में पत्रकारों से कहा कि अधिकारियों को इस संबंध में स्पष्ट कहा है कि पहले से बने सारे पुलों की जांच करायी जाये जिसकी गुणवत्ता में संदेह मिल रहा है। हाल में रांची व बोकारो में पुलों के गिरने की वजहों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को भी इस संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए हैं। मंत्री कहा कि वे गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करना चाहते हैं, ऐसे में वर्तमान में बन रहे पुलों के साथ-साथ पूर्व सीएम रघुवर दास के कार्यकाल में बने पुलों की भी जांच करायेंगे।

## नेत्र विशेषज्ञ डॉ बीपी कश्यप को दो गोल्ड के साथ मिली फाईको की मानद उपाधि



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची, नयी दिल्ली।** इंडियन सोसाइटी ऑफ कॉर्निया एवं केराटोरेफ्रेक्टिव सर्जन्स के वार्षिक अधिवेशन के उद्घाटन सम्मारोह में झारखंड के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ. बीपी कश्यप को नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। यह सम्मान कार्यक्रम के चीफ गेस्ट डॉ. शिवाजी कालगे, सांसद, लोकसभा (लातूर, महाराष्ट्र के प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ) के द्वारा प्रदान किया गया। मालूम हो की इस से पहले 14 मार्च को डॉ बीपी कश्यप को कलकाता में आयोजित अखिल भारतीय नेत्र सोसाइटी के 82वें वार्षिक अधिवेशन के उद्घाटन सम्मारोह में विट्रियो रेटिना के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम के लिए फाईको के प्रतिष्ठित मानद डिग्री प्रदान किया गया था। 10 फरवरी को मुंबई नेत्र सोसाइटी के वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में भी डॉ. बीपी कश्यप को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया था।

## विद्यार्थियों को हर हाल में गुणात्मक शिक्षा सुलभ हो : राज्यपाल गंगवार



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय रांची के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ सुनील चंद्र दुबे, झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ डीके सिंह, झारखंड ओपेन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ टीएन साहु ने राज भवन में भेंट की एवं विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर राज्यपाल ने उपस्थित सभी कुलपतियों से कहा कि विद्यार्थियों को हर हाल में गुणात्मक शिक्षा सुलभ हो, हमारे विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित करें तथा एकेडमिक कैलेंडर का पूर्णतः पालन हो। हमारे विश्वविद्यालय छात्रहित में सदा सक्रियता से कार्य करें। हमारे शिक्षण संस्थानों में सर्वत्र ज्ञान का माहौल हो एवं सभी अनुशासित होकर अपना कार्य करें। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी भी उपस्थित थे। इनके अलावा राज्यपाल से सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ गोपाल पाठक ने राज भवन में भेंट की एवं विश्वविद्यालय की स्थिति से अवगत कराया।

## राजेश मुंडा गोलीबारी मामला, जमीन अधिग्रहण को लेकर मारी गयी थी गोली, आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता




रांची। राजधानी रांची में एक अगस्त को रांची के कांके थाना क्षेत्र के चांदनी चौक के पास जमीन कारोबारी राजेश मुंडा को अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया था। मामले की तफ्तीश में जुटी रांची पुलिस ने फायरिंग मामले का खुलासा करते हुए गोली मारने वाले अपराधी सौरभ कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। सौरभ कुमार सिंह ने कुख्यात अपराधी रामपाहन के कहने पर राजेश मुंडा को गोली मारी थी।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि विवादित जमीन पर कब्जा कर उन्हें बेचने के धंधे में रामपाहन का पूरा गिरोह लिप्त है। राजेश मुंडा भी एक जमीन कारोबारी है और उसने फोरलेन में अधिग्रहित की जा रही जमीन में एक टुकड़ा खरीदा था, ताकि बाद में उसे अच्छी कीमत पर बेच सके। रामपाहन या नहीं चाहता था कि राजेश मुंडा उस जमीन को खरीदे। इसे लेकर राजेश मुंडा को रामपाहन के द्वारा धमकाया भी गया था। लेकिन राजेश मुंडा रामपाहन की धमकी से नहीं डर है जिसके बाद सौरभ सिंह को राजेश मुंडा की हत्या की सुपारी दे दी गई। रामपाहन के कहने पर ही सौरभ कुमार सिंह ने एक अगस्त की शाम राजेश मुंडा पर कई फायर किये, लेकिन राजेश मुंडा की किस्मत अच्छी थी वह बच गया। फायरिंग में सिर्फ एक गोली राजेश के पैर में लगी थी।

**रामपाहन का जमीन पर कब्जा करने का है धंधा :** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि साल 2019 में कांके रोड में ही सिविल कोर्ट के अधिवक्ता रामप्रवेश सिंह की गोली मारकर हत्या की गई थी। रामप्रवेश सिंह की हत्याकांड को रामपाहन और सौरभ के भाई शिवम सिंह ने मिलकर अंजाम दिया था। सौरभ और उसका भाई शिवम दोनों ही राम पाहन के लिए शूटर का काम करते हैं। रामप्रवेश सिंह हत्याकांड में रामपाहन और शिवम दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

रामपाहन जमानत पर जेल से निकलने के बाद फिर से जमीन के दो नंबर धंधे कर रहा था फिलहाल वह पुलिस की पकड़ से फरार है उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

## डीजीपी ने समीक्षा बैठक की, डायल 112 के संबंध में जागरूक करने का निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डायल 112 का प्रचार-प्रसार कर आम लोगों को जागरूक करने लिए डीजीपी अनुराग गुप्ता ने मंगलवार को समीक्षा बैठक की। इस दौरान डायल 112 के सुचारू रूप से क्रियान्वयन और आम जनता के बीच प्रचार-प्रसार कर जागरूकता और रिस्पॉन्स टाइम में और अधिक सुधार लाने के जैसे बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान डीजीपी ने कहा कि झारखंड पुलिस के स्तर से एक क्यूआरकोड का निर्माण कर सार्वजनिक स्थानों और सभी पब्लिक ट्रांसपोर्ट, पार्क, स्कूल, कॉलेज जहां छात्रों का अवागमन होता हो, वहां लगाया जाये, ताकि पीड़ित के द्वारा अविलंब स्कैन कर 112 पर समय पर सूचना दी जा सके।

**एडीजी अभियान ने जारी किये दिशा निर्देश :** एडीजी अभियान ने बैठक के दौरान डायल-112 से संबंधित प्राप्त शिकायतों पर त्वरित और तार्किक कार्रवाई करने को लेकर निर्देश जारी किये। रिस्पॉन्स टाइम में अपेक्षित सुधार लाने के लिए आम जनता से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई कर कम समय में निष्पादन करने पर चर्चा की गयी। डायल-112 से संबंधित मोबाईल एप डाउनलोड करने के लिए सभी एसपी को अपने-अपने जिलो में स्कूल और कॉलेजों में कैंप लगाने छात्रों को प्रेरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने आपात सहायता प्राप्त करने के लिए डायल-112 का जानकारी सार्वजनिक करने के दिशा निर्देश दिये।

## लगातार आदेश के बाद भी नहीं सुधर रही है ट्रैफिक व्यवस्था, लॉन्ग टर्म प्लान बनायें : हाईकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने ट्रैफिक एसपी पर नाराजगी जताते हुए मौखिक कहा कि कोर्ट के कई आदेश के बावजूद भी राजधानी रांची में ट्रैफिक व्यवस्था में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। ट्रैफिक व्यवस्था के लिए लॉन्ग टर्म प्लान बनाने की जरूरत है। सात वर्षों से यह जनहित याचिका चल रही है लेकिन रांची में जाम की समस्या का समाधान नहीं निकल पाया है। कोर्ट ने अवैध ढंग से चल रहे ई रिक्शा और ऑटो रिक्शा के खिलाफ लगातार अभियान चलाने का निर्देश दिय। सुनवाई के दौरान ट्रैफिक एसपी कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे। कोर्ट ने उनसे सड़क के विभिन्न चौक चौराहों पर ट्रैफिक पोस्ट एवं उसमें वॉशरूम की व्यवस्था के संबंध में जानना चाहा। इस पर ट्रैफिक एसपी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि रांची में 60 ट्रैफिक बूथ एवं 50 ट्रैफिक पोस्ट चिन्हित किया गया है। रांची नगर निगम की ओर से बताया गया कि ट्रैफिक बूथ और पोस्ट के निकट मॉड्यूलर वॉशरूम की व्यवस्था कर दी जाएगी। कोर्ट ने ट्रैफिक एसपी से मौखिक कहा कि रांची में ऑटो रिक्शा एवं ई रिक्शा चालको का ड्रेस कोड लगातार मेंटेन रहे यह सुनि>ित करें। ट्रैफिक व्यवस्था सुगम बनी रहे इसके लिए लगातार स्पेशल अभियान चलाएं। यह भी देखें की ऑटो या ई रिक्शा चालक अपने वाहन में निर्धारित संख्या से ज्यादा यात्री किसी भी स्थिति में ना बैठाए। राजधानी रांची में ट्रैफिक में सुधार जमीनी स्तर पर दिखना चाहिए। वीआईपी मूवमेंट के समय तो ट्रैफिक व्यवस्था ठीक रहती है लेकिन आम लोगों का रांची के सड़कों पर चलना काफी कष्टकारी होता है। प्रतिदिन उन्हें जाम की समस्या से निपटना पड़ता है। कोर्ट ने राज्य सरकार को ट्रैफिक सुधार के लिए किए गए उपायों की जानकारी शपथ पत्र के माध्यम से देने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 21 अगस्त निर्धारित किया। रांची में ट्रैफिक की व्यवस्था सुगम बनाने को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई।

### पुलिस ने शुरू की सेना के कब्जे वाली जमीन से जुड़े केस की जांच

**रांची।** रांची पुलिस ने भी लैंड स्कैम केस की जांच शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम के आरोपी जेल में बंद अफसर अली को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रांची पुलिस ने अफसर अली को उस केस में गिरफ्तार किया है, जो सेना की कब्जे वाली भूमि की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़ा हुआ है। इस संबंध में बरियातू थाना में प्राथमिकी दर्ज है। अफसर अली की गिरफ़्तारी के बाद पुलिस ने उससे पूछताछ के लिए कोर्ट से दो दिनों की रिमांड देने का आग्रह किया है। जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। कोर्ट के आदेश के बाद रांची पुलिस अफसर अली से जेल में पूछताछ करेगी। अफसर अली फर्जी डीड बनाने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम का सहयोगी है।

## झारखंड प्रोक्यूरमेंट ऑफ गुड्स एंड सर्विस मैनुअल 2024 हो रहा तैयार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रोक्यूरमेंट ऑफ गुड्स एंड सर्विस मैनुअल 2024 का ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है। सरकार ने वर्क्स विभागों सहित अन्य विभागों में के ठेकों में अक्सर गड़बड़ी और मनमानी की शिकायतों के बीच सरकार ने नये सिरे से नियमावली तैयार कराने का निर्णय लिया है। इस नियमावली के अंतर्गत पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य, नगर विकास, पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन, पेयजल,जलसंसाधन, ऊर्जा सहित अन्य कार्य विभाग दायरे में रहेंगे। वित्त विभाग झारखंड ने सामग्रियों की खरीद के लिए यह नियमावली तैयार की है, जिसे जल्द ही सारी प्रक्रिया पूरी कर कैबिनेट की मंजूरी दिलायी जायेगी। इसमें सामग्रियों की खरीद, ओपेन कंपेटेटिव बिड प्रोसेस, सप्लायर रिलेशनशीप मैनेजमेंट, प्रोक्यूरमेंट को कैसे सुरक्षित किया जाये, कंपनियों के डिबार और ब्लैकलिस्ट करने के विस्तृत नियम, शिकायतों के निवारण सहित अन्य प्रमुख बिंदुओं पर फोकस किया गया है। जेम पोर्टल के जरिये प्रोक्यूरमेंट इत्यादि कराने और पारदर्शिता बरतने संबंधी विस्तृत प्रकिया निर्धारित की गयी है। पांच लाख से ऊपर की सामग्रियों की खरीद के लिए ओपेन बिड प्रोसेस इत्यादि अपनाने का निर्णय लिया है, इसके अलावा कई बिंदु हैं, जिस पर नियमावली बनायी जा रही है। इसके अलवा सामग्रियों के रखरखाव व सर्विस पर भी विशेष ध्यान रखा गया है।

### बांग्लादेश में हिंदूओं पर अत्याचार और मंदिरों पर हमले करना, निंदनीय: राजेन्द्र प्रसाद

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने बांग्लादेश में कट्टरपंथियों के द्वारा हिंदु महिलाएं ,पुरुष पर किए जा रहे अत्याचार व मंदिरों पर हमले और तोड़फोड़ किए जाने की घटनाओं की घोर निंदा की है। श्री प्रसाद ने भारत सरकार से आग्रह किया है कहा बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और मंदिरों पर हो रहे हमले को तुरंत रोकने के लिए कड़े से कड़े कदम उठाये। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की अस्थिरता पुरे एशिया के लिए चिंता का विषय है। कहा बांग्लादेश के मामले को लेकर भारत सरकार के साथ विपक्षियों का साथ खड़ा रहना देश हित में है।

# न्यूजीलैंड में नौकरी के दिलवाने के नाम पर 1.66 करोड़ ठगी, डीजीपी से शिकायत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** न्यूजीलैंड में नौकरी के नाम पर 1.66 करोड़ रूपया ठगी कर ली गई। इस मामले की जांच को लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता से शिकायत की गई है। यह शिकायत चाइल्ड राइट्स फॉउंडेशन के सचिव बैजनाथ कुमार ने मंगलवार को की है। शिकायत में कहा गया है कि गुमला जिला के बसिया का रहने वाला विनेश कुमार साहु के माध्यम से पता चला कि डॉ. मीना एस गोप इनको न्यूजीलैंड ऑक्लैंड सिटी हॉस्पिटल में नौकरी लगा देंगी। मीना एस गोप के माता-पिता इनके ही गांव सोनमेर के रहने वाले हैं। जिसे ये बहुत दिनों से जानती है। जो अभी गोवा में रहते हैं। ये उनके माता को फोन के माध्यम से पता किया तो उनके माता ने बताया कि बेटी मीणा छह वर्षों से न्यूजीलैंड में रहती है। तब इनलोगों को विश्वास हो गया। इसके बाद मीना एस गोप इनलोगों को अपने विश्वास में लेकर कहने लगा कि मैं न्यूजीलैंड ऑक्लैंड सिटी हॉस्पिटल की सेक्रेट्री हूं। इसके बाद इनलोगों को बहुत सारे प्रलोभन दी कि वीजा बनवा देगी और वहीं खाने रहने की सारी व्यवस्था करा देगी और महीने का एक लाख रुपया सैलेरी दिया जाएगा।

डीजीपी से किए गए शिकायत में कहा गया है कि मीना एस गोप ने कहा कि न्यूजीलैंड ऑक्लैंड सिटी हॉस्पिटल में नीचे पद के लिए प्रति व्यक्ति चार लाख और उच्च पद के लिए आठ लाख और 12 लाख रूपया देना होगा तो इनलोगों ने कुल 14 लोगों का अलग-अलग तारीख को कुल 1.66 करोड़ रूपया बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची के पास विजय शर्मा नाम के व्यक्ति को दिया गया। जिसके बारे में इनलोगों को कॉन्फ्रेंस कॉल करके पैसा लिफाफा में मीना एस गोप ने इनको देने के लिए कहती थी। काफी दिन बीत गये पर न इनलोगों को वीजा दिला पायी ना ही नौकरी। जब ये लोग फोन करके पैसे वापस करने की बात बोलते हैं तो यो पैसा भी वापस नहीं कर रही है।

## विश्व आदिवासी दिवस : मुख्य समारोह की तैयारी की समीक्षा

# गरिमा और पूरी भव्यता के साथ मनाया जायेगा महोत्सव : सीएम

**सांस्कृतिक कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र होगा झारखंड की समृद्ध कला-संस्कृति**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान रांची में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आगामी 9 एवं 10 अगस्त 2024 को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर झारखण्ड आदिवासी



महोत्सव सम्पूर्ण गरिमा और भव्यता के साथ मनाया जाय। महोत्सव में पहुँचने वाले सभी आगंतुकों के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सांस्कृतिक समारोह स्थल में आगंतुकों के बैठने की पूरी व्यवस्था हो। साज-सज्जा तथा भव्यता में कोई कमी न रहे इस हेतु पूरी तैयारी एक बेहतर प्लानिंग के साथ करें।

**ख्याति प्राप्त कलाकारों के साथ नये कलाकारों को भी अवसर मिले :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि समारोह के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में झारखंड की समृद्ध कला, संस्कृति को प्राथमिकता के तौर पर शामिल करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम की भव्यता झारखंड के कला-संस्कृति पर केंद्रित हो यह सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयोजन के दौरान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान परिसर में लगे पेड़-पौधों को कोई नुकसान नहीं पहुंचे, इसका विशेष ध्यान रखें। मौके पर अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि कार्यक्रम के दौरान समारोह स्थल पर लगे एक भी पेड़-पौधों को नुकसान न पहुंचे इस निमित्त पूरी तत्परता के साथ विशेष ध्यान रखा जा रहा है। समीक्षा में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्य समारोह में आयोजित सांस्कृतिक प्रोग्राम में स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दें।

बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव श्री कृपानंद झा, राज्य के आदिवासी कल्याण आयुक्त श्री अजय नाथ झा एवं उपायुक्त रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### कोकर में बच्चे की मौत, सड़क जाम, हंगामा

रांची। सदर थाना क्षेत्र के कोकर चौक के पास तेज रफ्तार गाड़ी ने बच्चे को धक्का मार दिया। धक्के से बच्चे की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। बच्चे की मौत के बाद लोगों ने वहां सड़क जाम कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। सड़क जाम कर रहे स्थानीय लोगों को समझाने का प्रयास कर रही है, लेकिन समझने को तैयार नहीं हुए। देर रात सदर डीएसपी के हस्तक्षेप से मामला शांत किया गया।

### नौ ऑटो, 55 ई रिक्शा जब्त, हंगामा

**रांची।** शहर में यातायात व्यवस्था का सुदृढ़तापूर्वक पालन किया जा रहा है या नहीं। इसे लेकर यातायात विभाग के द्वारा डंकन ड्राइव के तहत स्कूल बसों के ड्राइवर की जांच की गयी। कई स्कूली बस के ड्राइवर की रिपोर्ट नेगेटिव आई। इसके बाद पुलिस ने बिना परमिट के नौ ऑटो तथा 55 ई-रिक्शा को जब्त किया। ई- रिक्शा जब्त होने के बाद चालकों ने जगन्नाथपुर थाना एरिया में हंगामा किया। कहा गया कि ई- रिक्शा का परमिट मांगा जा रहा है, जबकि नगर निगम की ओर से कोई परमिट निर्गत नहीं किया गया है। इधर, यातायात पुलिस ने बिना लाइसेंस और यातायात नियम तोड़ने के एवज में 164 लोगों से जुर्माना वसूला गया है।

### पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए 1.72 करोड़

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने बीमार 561 पुलिसकर्मियों को बड़ी राहत दी है। पुलिस मुख्यालय ने झारखंड पुलिस सहायता कल्याण कोष से इन पुलिसकर्मियों और उनके आश्रितों के इलाज के लिए 1.72 करोड़ की राशि आवंटित की है। गौरतलब हो कि तत्कालीन डीजीपी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बीते 16 जुलाई को एक बैठक हुई थी। बैठक में राज्य के कई आला अधिकारी, पुलिस व मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारी शामिल हुए थे।

### सड़क दुर्घटनाओं को लेकर एडीजी ने की समीक्षा

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सड़क सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक एडीजी अभियान की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित हुई। बैठक में जिलों के एसपी, रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी शामिल हुए। बैठक के दौरान यह बात सामने आयी कि राज्य के रांची गुमला, खूंटी, चाईबासा, जमशेदपूर, गढ़वा, रामगढ, पाकुड़, जामताड़ा और चतरा में सड़क दुर्घटना की घटनाओं की वृद्धि हुई है। इसे लेकर संबंधित जिलों के एसपी के साथ चर्चा की गयी। एसपी, एसएसपी से कहा गया कि नशे में वाहन चलाना, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाना सड़क दुर्घटनाओं के मुख्य कारण हैं। इस पर लगाम लगाया जाये।

### डीआईजी आरपीएफ संतोष कुमार दुबे को राहत

**रांची।** एडीजी प्रिया दुबे के पति धनबाद के तत्कालीन सीनियर कमांडेंट रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) संतोष कुमार दुबे के मामले में झारखंड हाई कोर्ट ने रेलवे बोर्ड द्वारा उन्हें प्रीमेच्योर रिटायरमेंट दिए जाने के आदेश को निरस्त किया। कोर्ट ने उनका जॉइनिंग अविलंब करने का आदेश रेलवे बोर्ड को दिया है। कोर्ट ने मामले को निष्पादित कर दिया। दरअसल झारखंड हाईकोर्ट से विभाग की कार्यवाही पर रोक के बावजूद रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा प्रीमैच्योर रिटायरमेंट कर दिया गया था। इसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। संतोष कुमार दुबे वर्तमान में डीआईजी आरपीएफ पद पर लखनऊ में पदस्थापित थे।

### जमीन घोटाले के आरोपी से दो दिन पूछताछ

**रांची।** सेना के कब्जेवाली 4.55 एकड़ जमीन फर्जीवाड़े समेत तीन जमीन घोटाले में जेल में बंद रिम्सकर्मी अफसर अली उर्फ अफ्सू खान से बरियातू पुलिस दो दिनों तक पूछताछ करेगी। यह पूछताछ फर्जी होल्डिंग नंबर से जुड़े मामले में की जाएगी। रांची नगर निगम से फर्जी दस्तावेज जमा करके दो फर्जी होल्डिंग नंबर लिया गया था। इसी होल्डिंग नंबर से सेना की जमीन बेची गई थी। मामले के जांच अधिकारी ने अदालत से पूछताछ करने का आवेदन दिया था। इस पर अदालत ने दो दिन 7 एवं 8 अगस्त को अफसर अली से पूछताछ करने की इजाजत दी है। इसी दरअसल फर्जी होल्डिंग नंबर की जानकारी मिलने के बाद रांची नगर निगम के राजस्व शाखा में कर-संग्रहकर्ता के पद पर कार्यरत दिलीप शर्मा ने 4 जून 2022 को बरियातू थाना में प्रदीप बागची के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### एसजीएसयू भोपाल व जेएसओयू के बीच एमओयू

**रांची।** एसजीएसयू, भोपाल द्वारा स्थापित राष्ट्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता केंद्र (एनसीएसडीई) जिसे आगे एनसीएसडीई कहा जाएगा, और झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय (जेएसओयू) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर मंगलवार को हस्ताक्षर किया गया है। एनसीएसडीई की एनईपी-लीप इसके ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म आइसेक्ट लर्न द्वारा संचालित एक प्रमुख पहल है। यह झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय को ई-लर्निंग, सामग्री विकास, दूरस्थ शिक्षा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को लागू करने में मदद करेगी।

### अद्वितीय प्रतिभावान थीं सुषमा स्वराज : कर्मवीर

**पुण्यतिथि पर याद की गयी सुषमा स्वराज**

रांची। भाजपा मुख्यालय में मंगलवार को पूर्व विदेश मंत्री स्व सुषमा स्वराज की पुण्य तिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि स्व सुषमा स्वराज अद्वितीय प्रतिभा की धनी थी। पार्टी में कार्य करने वाली बहनों के लिये वे प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि स्व सुषमा को ईश्वर ने बहुमुखी प्रतिभा से संपन्न बनाया था। वे कुशल वक्ता, कुशल संगठनकर्ता व राजनेता रहीं। भारत की विदेशमंत्री के रूप में उन्होंने अपनी नई पहचान बनाई थी। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में राकेश प्रसाद, पंकज सिन्हा, मनोज दुबे थे।

### डीजीपी से चोरी का उद्भेदन कराने की मांग

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने मंगलवार को पुलिस महानिदेशक झारखंड अनुराग गुप्ता से डाल्टनगंज में लवली गुप्ता एवं रांची धुर्वा के विवेक कुमार गोप के घर में हुई भीषण चोरी का उद्भेदन कर चोरों को गिरफ्तार कर आभूषण और रुपए बरामद करने की मांग की है। मालूम हो कि बीते 7 जुलाई को मेदिनीनगर में लवली गुप्ता के घर भीषण चोरी हुई थी। इसमें 25 लाख रुपए की ज्वेलरी और 25 लाख नकद की राशि की चोरी हुई थी। वहीं 7 जुलाई को ही रांची के धुर्वा में विवेक कुमार गोप के घर से 12.30 लाख रुपए की ज्वेलरी और नगद राशि की चोरी हुई थी। इन घटनाओं की अभी तक कोई उद्भेदन नहीं हुई है। श्री गुप्ता ने कहा कि इन घटनाओं का समाधान केवल पीड़ित परिवारों और व्यापारियों के लिए बल्कि समाज में कानून व्यवस्था और जन विश्वास रखने के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। डीजीपी से मिलने वालों में प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता, श्रवण गुप्ता, सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, दीनानाथ प्रसाद आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

### उत्पाद सिपाही नियुक्ति प्रक्रिया 20 अगस्त से

**रांची।** उत्पाद विभाग में 20 अगस्त से 583 पदों पर सिपाहियों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होनी है। इसको लेकर एडीजी मुख्यालय ने झारखंड पुलिस मुख्यालय में मंगलवार को बैठक की। इस बैठक में झारखंड पुलिस मुख्यालय के अधिकारी के अलावा चयन परिषद के मेंबर और अध्यक्ष शामिल हुए। बता दें कि उत्पाद विभाग में सिपाही नियुक्ति को लेकर सात चयन पर्षद का गठन किया गया है। जिनमें कुल 513,832 अभ्यर्थियों का फिजिकल टेस्ट (शारीरिक परीक्षा) का आयोजन किया जायेगा। सभी चयन पर्षद में 13 दिनों तक फिजिकल टेस्ट का आयोजन किया जायेगा।

### पारा शिक्षकों के नियमतीकरण संबंधी असम सरकार के फैसले को भाजपा ने सराहा

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने असम सरकार द्वारा पारा शिक्षकों के नियमतीकरण के फैसले की सराहना की है। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता विश्व शरमा को बधाई एवम शुभकामनायें दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा और इंडी ठगबंधन की सरकारों की नीति और नीयत में यही फर्क है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेतृत्व की सरकार अपनी घोषणाओं को जमीन पर उतारने में विश्वास करती है।

# यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए स्पेशल क्विक रिस्पांस टीम तैनात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर और ट्रैफिक नियमों का से पालन करवाने के लिए स्पेशल क्विक रिस्पांस (एसक्यूआरटी) टीम तैनात की गई है। मंगलवार को सीसीआर से डीआईजी अनूप बिरथरे और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने स्पेशल क्विक रिस्पांस टीम को ऑन किया। डीआईजी और एसएसपी ने स्पेशल क्विक रिस्पांस टीम को हरी झंडी दिखाकर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए रवाना किया। बाइक सवार ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को दिनभर भ्रमणशील रहते



हुए रांची की ट्रैफिक दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी दी गई है।

**10 बाइक की एक स्पेशल टीम बनायी गयी :** रांची डीआईजी अनूप बिरथरे ने कहा कि डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर 10 बाइक की एक स्पेशल टीम बनाई गई है। डीजीपी के आदेश पर रांची एसएसपी ने टीम गठित की है, जिसे स्पेशल क्विक रिस्पांस टीम का नाम दिया गया है। इसके लिए 20 पुलिस कर्मियों को चयनित किया गया है। चयनित पुलिस कर्मियों को वायरलेस और सायरन युक्त 10 बाइक दी गई है। एक बाइक पर दो पुलिसकर्मी बैठ कर ट्रैफिक को नियंत्रण करने का काम करेंगे। डीआईजी के अनुसार, शहर में अगर कहीं भी बहुत ज्यादा जाम की स्थिति होगी, वहां तुरंत स्पेशल टीम कूच करेगी और जाम को हटाने का काम करेगी। क्विक रिस्पांस टीम पूरे शहर में घूम-घूम कर जहां-तहां अपने वाहन पार्क करने वाले लोगों पर कार्रवाई करेगी।

## पीएमएफएमई बैंकर्स कॉन्क्लेव का शुभारंभ

**रांची।** मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में उद्योग विभाग की ओर से आयोजित पीएमएफएमई बैंकर्स कॉन्क्लेव 2024 का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने बेहतर कार्य करने वाले कई उद्यमियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये छोटे उद्यमियों को राज्य सरकार के स्तर से दी जा रही मदद की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीएमएफएमई महत्वपूर्ण योजना है। इसका उद्देश्य सूक्ष्म खाद्य उद्यम के क्षेत्र में सूक्ष्म स्तर पर उद्यमियों को वित्तीय एवं तकनीकी सुविधा प्रदान किया जाना है। इस योजना के तहत कुल 153 करोड़ रुपये के निवेश से हजारों छोटे उद्यमियों को सब्सिडी प्रदान की गयी है।

# झारखंड में छापेमारी, 24 घंटे में 605 फरार अपराधी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर राज्य भर में फरार एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तार के लिए विशेष छापेमारी की गयी। इस कड़ी में पिछले 24 घंटे में राज्य भर के अलग-अलग जिलों से कुल 605 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें सबसे अधिक हजारीबाग और बोकारो रेंज से फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई है। इनमें बीती रात चले अभियान में कुल 102 अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इससे पहले रविवार को भी 94 फरार अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

**डीजीपी का पुलिस अधिकारियों को है सख्त निर्देश**

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सभी जिले के एसएसपी, एसपी और वरीय पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किया है कि हर हाल में अपने-अपने क्षेत्र में अपराध पर लगाम लगाएं। साथ ही पुलिसकर्मी किसी भी विवाद में न पड़ें, अन्यथा उन्हें बख्शा नहीं जायेगा। डीजीपी ने सभी थानेदारों को साफ शब्दों में निर्देश दिया है कि वह बेहतर पुलिसिंग करें और वर्दी का मान रखें। अगर पुलिस वाले बेहतर काम करेंगे, तो झारखंड पुलिस का हौसला बुलंद होगा।

## फर्जी कंपनी बनाकर अमन साहू के लेवी के पैसे को इन्वेस्ट करता था शंकर

**रांची।** एनआईए ने लातेहार के तेतरियाखाड़ कोयला खदान में गोलीबारी, जबरन वसूली और आगजनी के मामले में जेल में बंद गैंगस्टर अमन साहू के एक प्रमुख सहयोगी के शंकर यादव खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। मामले में एनआईए ने आरोप पत्र दाखिल किया जाने वाला 25वां आरोपी शंकर यादव, अमन साहू का प्रमुख सहयोगी था, जो वर्तमान में झारखंड के विभिन्न मामलों में जेल में है। वह अमन साहू द्वारा जबरन वसूली के पैसे को ठिकाने लगाने के लिए फर्जी कंपनियों का उपयोग करता था। जांच के दौरान, फरवरी 2024 में शंकर यादव के परिसरों की तलाशी ली गई, जिसमें एक करोड़ तीस लाख रुपये नकद जब्त किए गए थे। एनआईए की जांच में झारखंड में पुलिस अधिकारियों और जेल कर्मचारियों पर गोलीबारी सहित कई सनसनीखेज अपराधों में अमन साहू गिरोह की संलिप्तता का खुलासा हुआ है।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा के बयान पर भाजपा का पलटवार

# राज्य सरकार की असफल योजनाओं की है एक लंबी दास्तां : प्रतुल शाहदेव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि वादा था महिलाओं को चूल्हा खर्चे में 2000 प्रतिमाह और गरीब परिवारों को 6000 प्रतिमाह देने का और अब मात्र 1000 रुपये प्रति माह देने का फॉर्म भराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़न के घटनाओं की संख्या चरम पर है सरकार इस मुद्दे पर मौन क्यों है। उन्होंने कहा कि जो सरकार आज तक स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति नहीं बन पाई। 1932 का खतियान लागू नहीं कर पाई। बेरोजगारों को 5000 एवं 7000 प्रति माह बेरोजगारी भत्ता नहीं दे पाई। ऐसी सरकार से उसकी राजनीतिक मृत्यु शैया पर किसी नई योजना के सफल



कार्यान्वन की उम्मीद करना भी बेमानी है।

उन्होंने कहा कि दरअसल इस सरकार के भ्रष्टाचार ने झारखंड को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनाम किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल घूम आये हैं। पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम अभी जेल में है। मुख्यमंत्री के तमाम दरबारी जेल के भीतर हैं। विधि व्यवस्था चौपट हो गई है। इन सबसे ध्यान बांटने के लिये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बिना तैयारी के मइयां सम्मान योजना को ले आये हैं। उन्होंने कहा कि पहले ही चार दिनों में इस योजना के प्रति सरकार की मंशा की कलई खुल गई। अधिकांश जगह सर्वर डाउन है। बिचौलिये हावी हैं। फार्म जमा नहीं हो पा रहा है। यह स्पष्ट दिखा रहा है कि चुनाव को देख कर सरकार की हड़बड़ी ने बड़ी गड़बड़ियां करा दी है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में महिला उत्पीड़न की घटनाओं ने झारखंड के पहले 19 वर्षों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। 5 वर्षों में लगभग 7000 बहू- बेटियों की इज्जत लूटी गई। सरकार ने आज तक श्वेत पत्र जारी करके यह नहीं बताया कि इसमें से कितने अभियुक्तों को फास्ट ट्रेक कोर्ट के जरिये सजा दिलाई गई।

उन्होंने कहा कि सत्ता के नशे में चूर झामुमो को अब अपने निश्चय पत्र में किये गये वायदे भी याद नहीं है। झामुमो के प्रवक्ता ने स्पष्ट रूप से कहा कि उनके मेनिफेस्टो में चूल्हा भत्ता का कोई जिक्र नहीं है।

# बंगाल की पॉवर ऑफ अटॉर्नी से रांची में बेच दी जमीन, सीआइडी ने दो को किया गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बंगाल रजिस्ट्री कार्यालय से कराई गयी फर्जी पॉवर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर रांची में जमीन बेचने के मामले में सीआईडी ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीआईडी ने संतोष साहू और विकास साहू को रांची के पिठोरिया थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए सीआईडी के इंस्पेक्टर शिव गोप ने बताया कि संतोष साहू और विकास साहू की क्या भूमिका है यह पता किया जा रहा है।

**अब तक इस केस में छह लोगों को किया जा चुका है गिरफ्तार**

अब तक इस केस में छह लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जिस जमीन की बंगाल के पॉवर ऑफ अटॉर्नी को आधार बना कर खरीद-बिक्री की गयी है वह रांची के पिठोरिया इलाके के जमुआरी मौजा में स्थित है। जिसका खाता नंबर 10,11,33,29 और प्लॉट नंबर138,139,140,142,160,161 और 162 है।

**जमीन पर मालिकाना हक बताने वाले सुशांत ने पिठोरिया थाना में दर्ज करवाई प्राथमिकी :** जमीन पर खुद का मालिकाना हक बताने वाले सुशांत घोष ने इस सभी लोगों के खिलाफ पिठोरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। पिठोरिया थाना में दर्ज प्राथमिकी को टेकओवर करते हुए सीआईडी ने जांच शुरू की है। प्राथमिकी में कहा गया है कि विमल सिंघानिया ने साजिश के तहत प्रशांत घोष की जगह किसी फर्जी व्यक्ति का इस्तेमाल कर उनकी जमीन की पावर ऑफ एटॉर्नी ले ली। उसके आधार पर प्रशांत घोष की जमीन की खरीद-बिक्री की गयी। रांची में स्थित जमीन की पावर ऑफ एटॉर्नी चौबीस परगना, प०िम बंगाल की रजिस्ट्री कार्यालय में 19 अप्रैल 2023 को हुई है।

## राजभवन के सामने दूसरे दिन भी डटे रहे प्रारंभिक शिक्षक

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश के बैनर तले तीन सूत्री मांगों के समर्थन में मंगलवार को दूसरे दिन धरना प्रदर्शन राजभवन के समक्ष किया गया। अनशनकारियों के समर्थन में रांची, लोहरदगा, धनबाद, जामताड़ा, पलामू, गढ़वा, दुमका, सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम व खूंटी के हजारों के शिक्षकों अपनी मांगों के समर्थन में डटे रहे। पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष शिव शंकर पोलाई ने सभी अनशनकारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। संघ के अध्यक्ष अनूप केसरी महासचिव राममूर्ति ठाकुर व मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं होंगी, शिक्षकों का अनशन कारवां बढ़ता जाएगा। पलामू जिले के निर्मल कुमार अनशन में जुड़े। उन्होंने मांग की कि राज्य के अन्य कर्मियों की भांति शिक्षको के लिए एम ए सी पी लाभ सरकार लागू करे। एक जनवरी 2006 से छठे वेतनमान के वेतन निर्धारण में विसंगति को दूर करना। इसमें भी सरकार सचिवालय कर्मी को वित्तीय लाभ दे रही है, जबकि हम शिक्षक इस से वंचित है।

# चार शहरों में डेमोग्राफी चेंज वाले मुख्यमंत्री के बयान से सहयोगी राजद-कांग्रेस असहज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा राज्य के चार प्रमुख शहरों के डेमाग्राफी चेंज पर दिये गये बयान ने अब तूल पकड़ना शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री के उक्त ब्यान से गठबंधन के सहयोगी दल कांग्रेस और राजद असहज महसूस कर रहे है। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा जहां इसे अपना एजेंडा का हिस्सा मानकर मुख्यमंत्री के बयान को सही बता रहा है तो राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस इसे गठबंधन धर्म के खिलाफ दिया गया बयान बता रहा है।

**भाजपा के एजेंडे को ही आगे बढ़ा रहे हैं हेमंत सोरेन : राजेश**

हेमंत सोरेन के डेमोग्राफी चेंज वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए राजद के वरिष्ठ नेता राजेश यादव कहते हैं कि उनका बयान भाजपा के एजेंडे को मजबूत करने वाला है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि क्या सिर्फ चार जिलों में डेमोग्राफिक चेंज हुआ है? हेमंत सोरेन चार शहरों का जिक्र कर किस ओर इशारा करना चाह रहे हैं। राजद नेता ने कहा कि अगर झामुमो अपने एजेंडे पर चलेगा तो राजद का अपना एजेंडा है। झामुमो को यह ध्यान में रखना चाहिए कि भाजपा को सत्ता से दूर रखने के लिए हमारा गठबंधन हुआ है।

**गठबंधन दलों से बात कर सीएम को देना चाहिए था बयान :** झामुमो के दूसरे सहयोगी दल, कांग्रेस ने भी सदन के अंदर हेमंत सोरेन के बयान को गलत बताते हुए कहा कि गठबंधन की सरकार में इस तरह का बयान नहीं देना चाहिए। किसी भी संवेदनशील मुद्दे पर बयान देने से पहले गठबंधन दलों के साथ मिलकर बात करना चाहिए।

**मानसून सत्र में क्या कहा था हेमंत सोरेन ने :** सीएम हेमंत सोरेन ने मानसून सत्र के आखिरी दिन कहा था कि संथाल में बांग्लादेशी घुसपैठ की बात करने वाले इन लोगों ने राज्य के कई जिलों में सरकारी जमीन पर भाजपा का दफ्तर खोल दिया है। मुझ पर जमीन हड़पने का आरोप लगाकर जेल भेज दिया। जबकि ये लोग खुद जमीन लूट रहे हैं।

## धार्मिक ध्रुवीकरण पर मुख्यमंत्री ने पूछा था सवाल : मनोज पांडेय

विधानसभा में हेमंत सोरेन के उठाये सवाल को वाजिब बताते हुए झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि जो लोग सिर्फ हिन्दू-मुस्लिम करने के लिए डेमोग्राफी चेंज की बात कहते हैं उनके लिए यह सवाल था कि रांची, बोकारो, जमशेदपुर, धनबाद का डेमोग्राफिक चेंज कैसे हुआ और किन लोगों की वजह इन शहरों में आदिवासियों की संख्या घटी है। इस पर भी बात होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है बल्कि हकीकत है। मनोज पांडेय ने कहा कि झामुमो का अपना एजेंडा है और उनका अपना एजेंडा है, हम सब महागठबंधन में हैं।

इधर मुख्यमंत्री के डेमोग्राफी चेंज वाले बयान पर राजनीतिक विशलेषकों का कहना है कि इसका सीधा असर विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस और राजद की राजनीति पर पड़ेगा क्योंकि बोकारो, रांची, जमशेदपुर और धनबाद में ज्यादातर संख्या दूसरे राज्य खासकर बिहार से आये लोग ही वर्षो से रह रहे है। इन शहरी क्षेत्रों से मुख्यत: कांग्रेस चुनाव लड़ती है। ऐसे में हेमंत सोरेन के बयान पर इन दोनों सहयोगियों की नाराजगी स्वाभाविक है। यही वजह है कि कांग्रेसी विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के डेमोग्राफी चेंज के बयान को पार्टी उनका व्यक्तिगत बयान बता कर पल्ला झाड़ चुकी है तो मुख्यमंत्री को भी गलत बता रही है क्योंकि बात वोट बैंक से जुड़ा है।

## एक मुलाकात अपनों के साथ : प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने क्षेत्र दौरा किया

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस रेस हो गयी है। मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस ने एक मुलाकात अपनों के साथ अभियान की शुरूआत की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर अपने सहयोगियों के साथ विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर जनता के बीच अपनी पार्टी की पैठ को आंकने का काम कर रहे हैं। अभियान के जरिये प्रदेश कांग्रेस अपनी पकड़ देखना चाहती है कि किस इलाके में पार्टी का कैसे और कितना जनाधार है। कैसे दूसरों को भी कांग्रेस की नीतियों और सिद्धांतों से अवगत कराया जा सकता है।

कार्यक्रम के तहत मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने राजधानी रांची के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने हिदपीढ़ी, अरगोड़ा, हिनू, कांके शहरी क्षेत्र प्रखंड, मोरहाबादी, रातू रोड उत्तरी ओर रातू रोड दक्षिणी प्रखंड, किशोरगंज कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों, कार्यकर्ताओं और कांग्रेसजनों से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान ठाकुर ने संगठन के साथ सरकार की ओर से चलायी जा रही योजनाओं पर भी चर्चा की।

# हसीना का निष्कासन

पिछले दिनों में व्यापक पैमाने पर हुए हिंसक प्रदर्शनों ने शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद त्यागकर देश छोड़ने को मजबूर कर दिया। पिछले करीब तीन सप्ताह में हुई आरक्षण विरोधी हिंसा में तीन सौ से अधिक लोगों की जान चली गई। दरअसल, इस संकट की मूल वजह एक लोकतांत्रिक नेतृत्व का तानाशाह बनना बड़ा कारण रहा। वास्तव में लगातार चार बार प्रधानमंत्री बनने वाली शेख हसीना ने जनाक्रोश को हल्के में लिया। जिससे बांग्लादेश के जनमानस में गहरे तक यह भाव पैदा हुआ कि उनकी आकांक्षाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। हालांकि, पाक परस्त राजनीतिक दलों ने इस आक्रोश को अपने लिये सत्ता का रास्ता बनाने में इस्तेमाल किया, लेकिन इस संकट को शह देने में कई विदेशी ताकतें भी पीछे नहीं रही। दरअसल, महज सात माह पहले हुए आम चुनावों के बाद से ही देश में जनाक्रोश धीरे-धीरे बढ़ने लगा था। दक्षिणपंथी रुझान वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी और अन्य राजनीतिक दलों ने आम चुनावों का बहिष्कार किया था। हालांकि,शेख हसीना लगातार चौथी बार सत्ता में तो आई, लेकिन विपक्षी दल जनता में यह संदेश देने में कामयाब रहे कि चुनावों में धांधली हुई है। इस तरह चुनावों के संदिग्ध तौर-तरीकों ने शेख हसीना की जीत को धूमिल कर दिया। जिसका अंतर्राष्ट्रीय जगत में भी अच्छा संदेश नहीं गया। तभी पिछले महीनों में अपनी सरकार के लिये अंतर्राष्ट्रीय समर्थन जुटाने हेतु शेख हसीना ने भारत व चीन की यात्रा की थी। हालांकि, इस दौरान देश में स्थितियां उनके अनुकूल नहीं थी। वास्तव में शेख हसीना लगातार विस्फोटक होती स्थितियों का सावधानी से आकलन नहीं कर पायी। आरक्षण आंदोलन को दबाने के लिये की गई सख्ती ने आग में घी का काम किया। अब बांग्लादेश अस्थिरता के चेपेट में है।

# अलर्ट मोड में भारत

भारत सरकार ने एक एडवाइजरी जारी कर भारतीयों को बांग्ला देश की यात्रा टालने की सलाह दी है। ढाका में वहां के सेना प्रमुख वकार-उज-जमान ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा है शेख हसीना को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि देश में अंतरिम सरकार का गठन किया गया है। उन्होंने जनता से हालात सुधारने के लिये कुछ समय मांगा है। जाहिर है कि बांग्लादेश में तख्तापलट हो चुका है और हालत वैसे ही हैं जो 1971 में पूर्वी पाकिस्तान के रूप में उसके मुख्य देश से अलग से होने के लिये चलाये गये मुक्ति संग्राम के दिनों में था और उसके बाद 1975 की तरह भी, जब शेख हसीना के पिता व पहले प्रधानमंत्री बंगबन्धु शेख मुजीबुर्रहमान की हत्या कर जनरल एमएजी उस्मानी ने सत्ता सम्हाली थी। उल्लेखनीय है कि प्रदर्शनकारी 1971 की विवादग्रस्त आरक्षण प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे थे जिसके जरिये 1971 के मुक्ति संग्राम सेनानियों के वंशजों के लिये शासकीय नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण देने की व्यवस्था है। इसका समर्थन करने वालों और विरोधियों के गुट आमने-सामने है जिनकी हिंसक मुठभेड़ों में 300 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की बात कही जाती है। वैसे देश में महिलाओं के लिये 10, धर्म के आधार पर अल्पसंख्यकों को 5 और विकलांग लोगों के लिये 1 प्रतिशत का आरक्षण है, लेकिन विरोध स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों को दिये जाने वाले आरक्षण को ही है। बाद में हाईकोर्ट द्वारा इसका कोटा कम करने का फैसला सुनाया गया था लेकिन आंदोलनकारी उसे पूरी तरह से समाप्त करना चाहते हैं। वैसे आंदोलन के बाद जून माह में सरकार ने उच्च वर्ग की नौकरियों में इस आरक्षण को घटाया था पर इससे विरोधी संतुष्ट नहीं हुए। देखना यह है कि अंतरिम सरकार, जैसी भी बनती है, किस प्रकार से हालात को सुधारती है।

# सोशल मीडिया पर स्क्रॉल होती युवाओं की जिंदगी



**अगर** आप समाज से अलग-थलग महसूस करते हैं, और सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम जैसे ऐप्स पर ज्यादा समय बिताते हैं तो एक नए शोध के अनुसार, इससे स्थिति और बिगड़ सकती है। सोशल मीडिया से युवाओं में अवसाद बढ़ रहा है। फेसबुक से डिप्रेशन का खतरा 7 प्रतिशत बढ़ा है, फेसबुक से चिड़चिड़ापन का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ा है। सोशल मीडिया ने मोटापा, अनिद्रा और आलस्य की समस्या बढ़ा दी है, 'फियर ऑफ मिसिंग आउट' को लेकर भी चिंताएं बढ़ गई हैं। स्टडी के मुताबिक सोशल मीडिया से सुसाइड रेट बढ़े है। इंस्टाग्राम से लड़कियों में हीन भावना आ रही है।

सोशल मीडिया के माध्यम से जांच करना और स्क्रॉल करना पिछले एक दशक में तेजी से लोकप्रिय गतिविधि बन गया है। अधिकांश लोगों द्वारा सोशल मीडिया का उपयोग सोशल नेटवर्किंग साइटों के आदी हो जाने से हो रहा हैं। वास्तव में, सोशल मीडिया की लत एक व्यवहारिक लत है जिस में सोशल मीडिया के बारे में अत्यधिक चिंतित होने की विशेषता है, जो सोशल मीडिया पर लॉग ऑन करने या उपयोग करने के लिए एक अनियंत्रित आग्रह से प्रेरित है और सोशल मीडिया के लिए इतना समय और प्रयास करते है जो अन्य महत्वपूर्ण जीवन क्षेत्रों को प्रभावित करता है।

वर्तमान समय में फोन बड़े से लेकर बच्चों तक के लिए जरूरी हो गया है। बच्चों के स्कूल की पढ़ाई भी ऑनलाइन हुई है। ऐसे में बच्चे फोन पर ज्यादा समय बताते है। फोन के ज्यादा इस्तेमाल की वजह से बच्चों को सोशल मीडिया की लत भी लग रही है। सोशल मीडिया पर लत की वजह से बच्चों की नींद पर असर पड़ रहा है। नजर भी कमजोर हो जाती है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ की रिपोर्ट में ये साफ हुआ है कि अगर कोई बच्चा एक हफ्ते तक लगातार सोशल मीडिया का प्रयोग करते है, तो वह एक रात तक की नींद भी खो सकते हैं। अकसर बच्चों के साथ ये होता है कि जब वो सोशल मीडिया का इस्तेमाल करके सोते है, तो आंखें बंद करने के बाद भी उनके दिमाग में वह चीजें चलती रहती है, जो वो देखकर सोए है।

सोशल मीडिया की लत एक व्यवहार संबंधी विकार है जिसमें किशोर या युवा वयस्क सोशल मीडिया से मोहित हो जाते हैं



- डॉ सत्यभान

> सोशल मीडिया से युवाओं में अवसाद बढ़ रहा है। फेसबुक से डिप्रेशन का खतरा 7 प्रतिशत बढ़ा है, फेसबुक से चिड़चिड़ापन का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ा है। सोशल मीडिया ने मोटापा, अनिद्रा और आलस्य की समस्या बढ़ा दी है, 'फियर ऑफ मिसिंग आउट' को लेकर भी चिंताएं बढ़ गई हैं। स्टडी के मुताबिक सोशल मीडिया से सुसाइड रेट बढ़े है। इंस्टाग्राम से लड़कियों में हीन भावना आ रही है।

और स्पष्ट नकारात्मक परिणामों और गंभीर कमियों के बावजूद ऑनलाइन मीडिया को कम करने या बंद करने में असमर्थ होते हैं। जबकि कई किशोर दैनिक आधार पर (फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, यू-ट्यूब, वाइन, स्नैपचैट और वीडियो गेम सहित) ऑनलाइन मीडिया के किसी न किसी रूप में संलग्न होते हैं, किशोर सोशल मीडिया की लत अत्यधिक खतरनाक है, एक बढ़ती हुई अच्छा महसूस करने के तरीके के रूप में सोशल मीडिया पर निर्भरता, और दोस्ती में नुकसान, शारीरिक सामाजिक जुड़ाव में कमी और स्कूल में नकारात्मक प्रभाव के बावजूद इस व्यवहार को रोकने में असमर्थता चिंता का विषय बन गई है।

दुनिया में हर पांचवां युवा यानी लगभग 19 फीसद युवाओं ने साल भर के भीतर किसी न किसी तरह के खेल में पैसा लगाया है। इसमें वे ज्यादातर बार ऑनलाइन सट्टेबाजी का शिकार हुए है। आज के समय में सोशल मीडिया का बहुत ज्यादा उपयोग से युवा वर्ग में न सिर्फ आत्मविश्वास कम हो रहा है बल्कि अकेलेपन का भी आभास बढ़ रहा है। यही कारण है कि हताशा और चिंता भी बढ़ती है। पिछले काफी समय से सोशल मीडिया पर वैसे तो सभी वर्गों की सक्रियता बढ़ी है, लेकिन सबसे ज्यादा प्रभावित युवा वर्ग हो रहा है। यहां तक की आत्महत्या का ख्याल भी युवाओं में बढ़ रही है। लंबे समय तक सोशल मीडिया पर बने रहने के कारण मानसिक स्वास्थ्य पर विपरीत असर हो रहा है। ऐसे मामलों में 15 से 45 वर्ष आयु के केस अधिक सामने आ रहे हैं। जिसके कारण नींद की कमी के साथ-साथ कार्य की क्षमता भी प्रभावित होती है। आज का दौर मोबाइल, लैपटॉप जैसे गैजेट्स के बगैर अधूरा है। ऐसे में आप अपनी मानसिक सेहत का ध्यान रखकर और कुछ उपायों को अपनाकर सोशल मीडिया के एडिक्शन से बच सकते है।

हम में से ज्यादातर लोग आज सोशल मीडिया के आदी हैं। चाहे आप इसका इस्तेमाल दोस्तों और रिश्तेदारों से जुड़ने के लिए करें या वीडियो देखने के लिए, सोशल मीडिया हम में से हर एक के लिए जाना-पहचाना तरीका है।

प्रौद्योगिकी और स्मार्ट उपकरणों के प्रभुत्व वाली दुनिया में नेटफ्लिक्स को बिंग करना या फेसबुक पर स्क्रॉल करना, इन दिनों मिनटों और घंटों को खोना बहुत आम है। ये वेबसाइट और ऐप हमारा ज्यादातर समय खा रहे हैं, इतना कि यह अब एक लत में बदल गया है। सोशल मीडिया की लत जल्दी से उस कीमती समय को खा सकती है जो कौशल विकसित करने, प्रियजनों के साथ समय का आनंद लेने या बाहरी दुनिया की खोज में खर्च किया जा सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि यह मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों जैसे कम आत्मसम्मान, अकेलेपन की भावना, अवसाद और चिंता का कारण बन सकता है। सप्ताह में कम से कम एक या दो बार, सोशल मीडिया फ्री दिवस मनाएं। यह शनिवार/रविवार को हो सकता है या जो भी दिन आपको लगता है कि आपके लिए उपयुक्त है। समय के साथ, हमें अपनी स्क्रीन पर दिखने वाले छोटे-छोटे इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप या फेसबुक आइकन की आदत हो जाती है।

नया क्या है यह देखने के लिए नियमित रूप से अपने फोन की जांच करना हमारी आदत बन गई है। आप अपने सोशल मीडिया के उपयोग को कम करने के लिए दिन में एक बार अपने नोटिफिकेशन देख सकते हैं। सोशल मीडिया के लिए अपनी आवश्यकता पर विचार करें क्योंकि कभी-कभी सोशल मीडिया की लत हमारे ध्यान या दूसरों के साथ संबंध की आवश्यकता के कारण हो सकती है। इस पर अपने विचार लिखने के लिए कुछ समय व्यतीत करें और इस पर काम करने का प्रयास करें कि आप अपने उपयोग को कैसे कम कर सकते हैं।

## खास बात

### अपनी भाषा में इंजीनियरिंग

**नागेन्द्र सिंह**

**देश** के आठ राज्यों के 14 इंजीनियरिंग कालेजों में अब पढ़ाई का माध्यम उनकी अपनी भाषाएं होंगी। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की पहली वर्षगांठ पर इस क्रांतिकारी कदम का कौन स्वागत नहीं करेगा? अब बी. टेक की परीक्षाओं में छात्रगण हिंदी, मराठी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, गुजराती, मलयालम, बांग्ला, असमिया, पंजाबी और उड़िया माध्यम से इंजीनियरी की शिक्षा ले सकेंगे। मातृभाषा के माध्यम का यह शुभ-कार्य यदि 1947 में ही शुरू हो जाता और इसे कानून, गणित, विज्ञान, चिकित्सा आदि सभी पाठ्यक्रमों पर लागू कर दिया जाता तो इन सात दशकों में भारत विश्व की महाशक्ति बन जाता और उसकी संपन्नता यूरोप के बराबर हो जाती। दुनिया का कोई भी शक्तिशाली और संपन्न देश ऐसा नहीं है, जहाँ विदेशी भाषा के माध्यम से पढ़ाई होती हो।

हिरन पर घास लादने की मूर्खता सिर्फ भारत-जैसे पूर्व गुलाम देशों में ही होती है। इसके विरुद्ध डॉ. लोहिया ने जो स्वभाषा आंदोलन चलाया था, उसका मूर्त रूप अब देखने में आ रहा है। जब 1965-66 में मैंने इंडियन स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज में अपना पीएच.डी. का शोध ग्रंथ हिंदी में लिखने की मांग की थी तो मुझे निकाल बाहर किया गया था। संसद ठप्प हो गई थी लेकिन उसके 50-55 साल बाद अब क्रांतिकारी कदम उठाने का साहस भाजपा सरकार कर रही है। सरकार में दम और दृष्टि हो तो शिक्षा में से अंग्रेजी की अनिवार्य पढ़ाई पर कल से ही प्रतिबंध लगाए और देश के हर बच्चे की पढ़ाई उसकी मातृभाषा में ही हो। अंग्रेजी समेत कई अन्य विदेशी भाषाएं स्वेच्छया पढ़ने-पढ़ाने की सुविधाएँ विश्वविद्यालय स्तर पर जरूर हों लेकिन यदि शेष सारी पढ़ाई स्वभाषा के माध्यम से होगी तो यह निश्चित जानिए कि नौकरियों में आरक्षण अपने आप अनावश्यक हो जाएगा। गरीबों, ग्रामीणों और पिछड़ों के बच्चे बेहतर सिद्ध होंगे। परीक्षाओं में फेल होने वालों की संख्या घट जाएगी। कम समय में ज्यादा पढ़ाई होगी। पढ़ाई से मुख मोड़ने वाले छात्रों की संख्या घटेगी। छात्रों की मौलिकता बढ़ेगी। वे नए-नए अनुसंधान जल्दी-जल्दी करेंगे।

**स्तनपान,** माता को शिशु जन्म के बाद शीघ्र स्वस्थ होने में मदद करता है। यह स्तन एवं ओवेरियन कैंसर, हृदय रोग और मधुमेह जैसी अनेक बीमारियों के खतरे से बचाने के साथ ही, जन्म अंतराल को भी बेहतर बनाता है।

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

## आपके ट्वीट

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत चिकित्सकों, पारा कर्मी, संविदा पर कार्यरत कर्मी तथा अन्य की दैनिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उपस्थिति पोर्टल का शुभारंभ किया।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





जीवन में आने वाले ह्यस्वास्थ्य संकटह्ल में किसी के आगे झुकना ना पड़े, इसलिए पाई-पाई जोड़ कर हर साल हेल्थ इंश्योरेंस का प्रीमियम भरने वाले करोड़ों आम हिंदुस्तानियों से भी मोदी सरकार ने ?24 हजार करोड़ वसूल लिए। **– राहुल गांधी, कांग्रेस**

# भ्रम में मन

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**क्या** सपना में जो हम देखते हैं जब तक कोई जगा हुआ व्यक्ति जगा न दे हम बैचेनी से बच पाते हैं। राजा के नाविकों को लगा देने के बाद भी सपने में डूबने की बैचेनी होती रही। इससे वहीं बचा सकता है जो इनसे बच चुका है। जो भय, कामना हमारे जीवन में प्रभावी रूप लेती है वहीं सपने में बैचेन करती है। यही कामना हमारे जन्म जन्मातंर में हमारी पीछा करती है। सपने की बैचेनी और जीवन में सांसारिक वस्तुओं को पाने की बैचेनी में इंसान का हाल बेहाल हो जाता है। सांसारिक वस्तुओं के बीच रहकर भी कामना रहित होने की क्षमता होनी चाहिए। इसके लिए विश्वास अटूट हो परमात्मा पर, सदगुरु पर। अगर आपका विश्वास कमजोर हे तो आपकी आस्था टूटती है तो आपकी कामना मुक्ति की कैसे हो सकती है। कृष्ण पर अर्जुन की अटूट आस्था थी। यही कारण था कि गीता का उपदेश कृष्ण ने अर्जुन को दिया। अन्य चारों पांडव भी वीर थे लेकिन अर्जुन ने महाभारत की लड़ाई में कृष्ण की सेना और कृष्ण में से एक चुनने की बात आई तो कृष्ण को चुना। आपका विश्वास भक्ति में जितना मजबूत होगा आपका जीवन उतना ही सुदंर कामना रहित हो जाएगा। कष्ट इसलिए ज्यादा है क्योंकि हमलोगों ने अपनी कामना बढ़ा ली है। समाज में ज्यादा से ज्यादा सांसारिक वस्तुओं की इच्छा करने से कष्ट बढ़ रहा है। हमें उतने ही पैर पैसारने चाहिए जितने लंबे सौर हो। हमारे पूर्वजों ने हर चीज में अपनी कामना पर नियंत्रण रखते थे।

## कॉर्टून वर्ल्ड

कैसी सुरक्षा ...





साभार कॉर्टून मूववेंट

## लेटर टू एडीटर

### कल्याणकारी हो नीति

**जनसंख्या** नियंत्रण नीति जाति, धर्म, मजहब, समुदाय से ऊपर उठकर सब पर समान दृष्टि से लागू हो ताकि समस्त जनता सहर्ष स्वीकार कर सके। नीति ऐसी होनी चाहिए, जिसमें प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की गारंटी, बुजुर्गों व महिलाओं की सुरक्षा निश्चित हो। यदि नई जनसंख्या नियंत्रण नीति में यह सब होगा तो उसे मानने से कोई इनकार नहीं करेगा। **– रविकांत सिंह, रांची**

### बालश्रम का संकट

**बालश्रम** किसी भी देश के लिए एक जटिल समस्या है, जिसके निदान के बिना हम बेहतर भविष्य की कल्पना नहीं कर सकते है। भारत में सरकारी आंकड़े के अनुसार यहां बाल-श्रम की संख्या मात्र 50 लाख है। वही गैर-सरकारी आंकड़े इनकी संख्या 3 करोड़ बताते हैं जो निरंतर बढ़ती जा रही है। सरकार को एक बार ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। **– विश्वनाथ प्रसाद, रांची**

# संयुक्त परिवार में ही सुरक्षित है नौनिहालों का भविष्य

## समाज

**प्रियंका कौशल**

**दो** दिन पहले एक समाचार आया कि पुणे में रहने वाले एक 16 वर्ष के बच्चे ने ऑनलाइन गेमिंग के टास्क को पूरा करने के लिए 14वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। उसने अपने सुसाइड नोट में लिखा ₹लॉग ऑफ₹। केवल इतना ही नहीं आत्महत्या के पहले बच्चे ने एक कागज पर पेंसिल से उसके अपार्टमेंट और गैलरी से कूदने वाला टास्क बनाया। इसी पेपर में लॉगआउट भी लिखा है। बच्चे के कमरे से गेम की कोडिंग भाषा में लिखे कई कागज भी मिले हैं। बच्चे की मां के अनुसार वह दिन भर अपने कमरे में बंद रहकर गेम खेलता था। जिस दिन बच्चे ने ये कदम उठाया मां दूसरे बीमार बच्चे की देखरेख कर रही थी। पिता विदेश में कार्यरत हैं और मां भी कामकाजी है। अब प्रश्न ये उठता है कि ऐसे में हमारे बच्चे कैसे सुरक्षित रहेंगे?

आपको ब्लू व्हेल गेम याद ही होगा। उसमें भी टास्क के जरिए खिलाड़ी को आत्महत्या के लिए मजबूर किया जाता था। वर्ष 2017 में ब्लू व्हेल गेम पर देश में प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन अब एक नया गेम सामने हैं। ताजा मामला ऐसे ही एक ऑनलाइन गेम का है। भारत में ब्लू व्हेल गेम ने पहला शिकार जुलाई 2017 में मुंबई के 14 साल के स्कूल छात्र मनप्रीत सिंह साहनी को बनाया था। तब मनप्रीत ने 7वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी थी। 2019 में जारी एक रिपोर्ट की मानें तो ब्लू व्हेल गेम के चलते रूस, यूक्रेन, भारत और अमेरिका में 100 से ज्यादा बच्चों की जान गई थी।

वर्तमान में अधिकांश घरों में माता और पिता दोनों ही कामकाजी होते हैं। एकल परिवार होने से बच्चों को अकेले या दूसरों के भरोसे छोड़ दिया जाता है। ऐसे में बच्चे का मनोविकास वैसा नहीं हो पाता, जैसा होना चाहिए। कई बच्चे गलत संगत में पड़ जाते हैं। कई दुर्व्यवहार या शोषण का शिकार होते रहते हैं। एक खतरा ऑनलाइन गेम्स का भी आ गया है। देश में ज्यादातर बच्चो के पास बच्चों के पास मोबाईल फोन और टैब है। ऑनलाइन गतिविधियों के माध्यम से ब्रेनवाश कर उनका जीवन तक छीना जा रहा है। ऑनलाइन रहने के कई खतरे बच्चो पर मंडरा रहे हैं, जिससे अभिभावक पूरी तरह अनभिज्ञ हैं। अब प्रश्न खड़ा होना स्वाभाविक है कि अपने बच्चों को बचाएं कैसे?

इसका केवल एकमात्र ही समाधान हैं संयुक्त परिवार। जहां बच्चे पूरी तरह सुरक्षित, स्वस्थ व चरित्रवान बन सकते हैं। संयुक्त परिवारों में दादा-दादी, काका-काकी, ताऊ-ताई और परिवार के अन्य छोटे-बड़े सदस्य साथ रहतें हैं। सब एक दूसरे की चिंता करते हैं, देखभाल करते हैं और आपस मे स्नेह बांटते हैं। विशेषकर बच्चे सबकी नजरों के सामने रहते हैं। उनमें परिवार के संस्कार स्वतः ही हस्तांतरित होते हैं। घर मे बुजुर्गों के रहने से बच्चों की दिनचर्या अनुशासित होती है।

भारतीय संयुक्त परिवारों में बच्चों को अन्य सम्बन्धों में भी माता-पिता से भी अधिक प्रेम पाते हम सबने देखा है। बच्चे अपने दादा-दादी और परिवार के अन्य सदस्यों जैसे बुआ, काका, मामा के अत्यंत निकट होते हैं। परिवार के अन्य बच्चों के साथ वे परस्पर सहयोग करना आसानी से सीख जाते हैं। मिल कर रहना और सबका सम्मान करने का भाव उनकी प्रकृति में सहज ही समा जाता है।

किशोर या युवा होने पर वे गली, मोहल्ले या शहर में कहां, किसके साथ खड़े हैं या घूम रहे हैं, इस पर अन्य परिजनों की दृष्टि भी रहती है। इससे बालक या बालिका कभी पथ भ्रष्ट नहीं होते। लेकिन आज पाश्चात्य प्रभाव के कारण परिवार टूटने लगे हैं। कर्तव्यों की बात करने वाले हम भारतीय अधिकारों की बात करने लगे। यहीं से त्याग व समर्पण की जगह स्वार्थ ने ले ली।

# सीएम योगी के तंज में छुपी, भविष्य की राजनीति

## मंथन

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

**उत्तरप्रदेश** की राजधानी लखनऊ में बारिश के दौरान मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति और उसकी पत्नी पर सड़क पर भरा पानी उछालने और महिला को खींचकर गिराने के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा रुख अपनाया है। इसकी गूंज विधानसभा तक में सुनाई दी। मुख्यमंत्री ने सदन में दो आरोपितों का नाम लिया, जिस पर जमकर राजनीति भी हो रही है। योगी ने जिन आरोपितों का नाम लिया उनमें एक मुस्लिम और एक यादव था, जिसका मकसद मुख्य विपक्षी दल सपा पर निशाना साधना था। योगी ने तंज भरे अंदाज में कहा, "यह सद्भावना वाले लोग हैं? यानी अब इनके लिए सद्भावना ट्रेन चलाएंगे? नहीं इनके लिए बुलेट ट्रेन चलेगी।"

सभी आरोपितों के नाम सामने आने के बाद विपक्षी दलों ने मुख्यमंत्री योगी को घेरना शुरू कर दिया है। विपक्षी दलों का कहना है कि अपराधियों की न जाति होती है और न धर्म लेकिन योगी आदित्यनाथ ने सदन में उनकी धार्मिक और जातीय पहचान को रेखांकित किया जो निंदनीय है। सनद है कि मुस्लिम-यादव (एमवाई) फॉमूर्ले के सहारे समाजवादी पार्टी लंबे समय से सूबे में अपनी राजनीति कायम रखे हुए है। माना जाता है कि समाजवादी पार्टी का मुस्लिम और यादव पारंपरिक वोटर हैं। इसी समीकरण के सहारे समाजवादी पार्टी यूपी में चार बार सरकार बना चुकी है। सपा ने एमवाई डी यानी दलित व दूसरी जातियों पर फोकस किया तो वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में उसकी सीटें 47 से बढ़कर 111 हो गईं। मतदान प्रतिशत भी अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

उत्तर प्रदेश की आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी लगभग 20 प्रतिशत है और 2022 के चुनाव में सपा को उनका पूरा समर्थन 2017 के चुनाव की तुलना में इसके टैली में सुधार का एक महत्वपूर्ण कारक था। पिछले कुछ चुनावों में गैर-यादव ओबीसी के वोटों ने भाजपा की जीत सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अनुमान के अनुसार, ओबीसी उत्तर प्रदेश की आबादी का लगभग 40-50 प्रतिशत हिस्सा हैं। यादव राज्य की आबादी का लगभग 8-10 प्रतिशत हिस्सा हैं। इसलिए अखिलेश को अपनी पार्टी के आधार को अपने पारंपरिक मुख्य समर्थकों, यादवों से आगे बढ़ाकर अन्य ओबीसी समुदायों को भी शामिल करने की आवश्यकता थी।

प्रदेश में दलितों की भी अच्छी खासी आबादी है, जो करीब 20 प्रतिशत है और परंपरागत रूप से बसपा के वफादार रहे हैं। अखिलेश दलितों के एक वर्ग तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, जो लंबे समय से पार्टी की गिरावट से हतोत्साहित हो गए हैं।

लोकसभा चुनाव के लिए अखिलेश यादव ने पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) को साथ लेकर चुनाव मैदान में उतरे। अखिलेश को लगा कि अल्पसंख्यक के नाम पर भाजपा मुसलमानों की आड़ में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कर सकती है। फिर उन्होंने पीडीए के 'ए' को कभी अगड़ा बताया तो कभी आधी आबादी मतलब महिलाएं। इसी फामूर्ले पर अखिलेश यादव ने टिकट बांटे। इस बार एमवाई वाले सालों पुराने सामाजिक समीकरण को तिलांजलि दे दी गई। मुस्लिम और यादव तो हर हाल में समाजवादी पार्टी के साथ रहेंगे। इस सोच के आधार पर अखिलेश यादव ने इस बार के चुनाव में अपनी रणनीति बदल ली। जिसका फायदा पार्टी को मिला और सपा ने ऐतिहासिक 37 सीटों पर जीत दर्ज की। राजनीतिक विशलेषक केपी त्रिपाठी के अनुसार, ह्न आज भले ही अखिलेश पीडीए का राग अलाप रहे हैं। लेकिन उनकी मजबूती का आधार एमवाई समीकरण ही है। इसलिए मुख्यमंत्री योगी ने हुडदंगियों का नाम लेते हुए यादव और मुस्लिम का नाम लिया। योगी ने सपा के कोर वोट बैंक पर सीधा प्रहार किया है।" त्रिपाठी कहते हैं कि, "योगी आदित्यनाथ और भाजपा सपा पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाती रहती है। सपा के शासन में कानून व्यवस्था किसी से छुपी नहीं रही। इसमें कोई दो राय नहीं है कि लचर कानून व्यवस्था सपा सरकार की सबसे बड़ी कमजोरी रही है। ऐसे में योगी ने प्रदेशवासियों को यह संदेश सदन से दिया है कि अगर ये सद्भावना वाले लोग सत्ता में आ गये तो प्रदेश में बहन बेटियों और आमजन की जिंदगी दुश्वार हो जायेगी। आने वाले समय में भाजपा सपा को इस मुद्दे पर घेरती नजर आयेगी। अधिवक्ता मोहित शर्मा कहते हैं कि, "कड़ी कानून व्यवस्था मुख्यमंत्री योगी की यूएसपी रही है। प्रदेश की जनता खासकर महिलाएं कानून व्यवस्था के मामले में योगी जी की बड़ी प्रशसंक है।

## स्पीड न्यूज

### कुजू के डटमा मोड़ में खुला ट्रेलर हाईवा ऑनर एसोसिएशन ऑफिस



कुजू। ट्रक, ट्रेलर, हाईवा ऑनर एसोसिएशन का कार्यालय डटमामोड़ स्थित बजरंगबली मंदिर के पास खुला। इसका उद्घाटन ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय प्रसाद ने किया। उन्होंने कहा कि सदस्य अपने काम निपटारा करेंगे। सदस्यों ने क्षेत्र में चल रहे ओवरलोडिंग बंद करने को लेकर भी कई महत्वपूर्ण रणनीति तय की गई। सभी सदस्यों ने ओवरलोडिंग बंद करने की मुहिम में एक दूसरे को बढ़ चढ़कर सहयोग करने का वायदा किया। मौके पर अध्यक्ष सचिव पारस महतो, कोषाध्यक्ष राजेशप्रसाद, संरक्षक महेंद्र प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष सुरेश साव विनोद प्रसाद समेत कई वाहन मालिक मौजूद थे।

### विधायक से मिला प्रतिनिधिमंडल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा को प्रखंड बनाने के मामले पर भुरकुंडा क्षेत्र विकास मंच ने सरकार के जवाब पर आपत्ति जताई है। विधायक अंबा प्रसाद से मिलकर भुरकुंडा क्षेत्र विकास मंच के प्रतिनिधि मंडल ने सरकार के जवाब पर रोष जताते हुए उनसे भुरकुंडा की जनता के साथ अन्याय बताया है। कहा गया कि सरकार कहती है कि पंचायत एवं जनसंख्या के हिसाब से भुरकुंडा अपनी अर्हताएं पूरा नहीं करता है। जबकि रामगढ़ जिला के अंतर्गत दुलमी एवं चितरपुर तथा गढ़वा जिला के अंतर्गत डंडा, धुरकी, रमकंडा, चिनिया, रंका जैसे प्रखंड प्रस्तावित भुरकुंडा प्रखंड से काफी छोटे हैं। विधायक ने प्रतिनिधि मंडल को आशवस्त किया है कि वे पुनः इस मुद्दे पर संबंधित विभाग के अधिकारियों से मिलेंगी। प्रतिनिधि मंडल में भुरकुंडा क्षेत्र विकास मंच के वरिष्ठ पदाधिकारी दर्शन गंझू , विनय कुमार सिंह के अलावे प्रखंड प्रमुख के प्रतिनिधि सीताराम मुंडा, अनिल सिंह, प्रवीर चटर्जी आदि शामिल थे।

### उज्जवला फाउंडेशन की बैठक

**कुजू।** मोतीराम कंपलेक्स बोंगावार में उज्जवला फाउंडेशन की बैठक सोमवार को हुई। इसकी अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन वीना कुमारी ने की। बैठक में फाउंडेशन को आगे बढ़ाने और अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य आप सभी को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सफल अभियान के तहत प्रयासरत है। जिसका आने वाले दिनों में परिणाम दिखेगा। प्रजापति ने बताया कि अगली बैठक चितरपुर में होगी। बैठक में मनोज गिरी, जनक प्रसाद, प्रकाश केसरी, शांति देवी, कौशल्या देवी, सुमन देवी, सुनीता देवी, संगीता देवी, रिंकू देवी, गिरजा देवी, कर्मी देवी, कंचन देवी, पार्वती देवी, बचनी देवी, रीता देवी समेत कई सदस्य शामिल रहे।

### मंत्री ने एफसीआइ गोदाम का किया निरीक्षण

बरही। स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति विभाग के मंत्री बन्ना गुप्ता ने मंगलवार को बरही प्रखंड परिसर स्थित एफसीआई गोदाम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बन्ना गुप्ता ने गोदाम का व्यवस्था देखकर काफी संतुष्ट दिखे। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि मैंने इससे पूर्व अन्य जगहों पर कई एफसीआई गोदाम का निरीक्षण किया है लेकिन बरही की व्यवस्था देख संतुष्ट हूं। गोदाम की सफाई से लेकर वजन एवं डायरी के अनुसार खाद्यान्न सभी चीजें ठीक मिली है। इस दौरान मंत्री बन्ना गुप्ता के साथ स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला, स्वास्थ्य एवं खाद आपूर्ति विभाग मंत्री के सचिव, प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदर, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी संयज यादव, एफ सी आई गोदाम प्रबंधक पुरुषोत्तम सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### कांग्रेस का पंचायत व बूथ कमेटी गठित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड क्षेत्र के सयाल उत्तरी पंचायत में सोमवार को कांग्रेस कमेटी का पंचायत कमेटी एवं बूथ कमेटी का गठन किया गया। कार्यक्रम में इंटक प्रदेश सचिव अंकित राज मुख्य रूप से मौजूद थे। इस दौरान सर्वसम्मति से अजय पासवान को पंचायत अध्यक्ष, मंजू लता को उपाध्यक्ष, मो. महफूज अंसारी को सचिव, गुड्डू यादव को सह सचिव, अनुज कुमार को कोषाध्यक्ष, तापस गांगुली को मीडिया प्रभारी, जयविंद कुमार व जसीम अंसारी को संरक्षक एवं कांति कुमारी को महिला प्रतिनिधि चुना गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को फूलमाला एवं कांग्रेस पार्टी का अंग वस्त्र प्रदान करके स्वागत किया गया। इस दौरान कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

### चौकीदार बहाली परीक्षा का रिजल्ट जारी

**रामगढ़।** चौकीदार बहालीपरीक्षा का परिणाम जिला प्रशासन ने मंगलवार को जारी किया। 28 अगस्त को हुई लिखित परीक्षा, 30 जुलाई एवं 1 अगस्त को शारीरिक दक्षता परीक्षा तथा 5 अगस्त को प्रमाण पत्रों की जांच व चिकित्सीय परीक्षण के उपरांत अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों कि सूची जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा जारी कर दी गयी है। अभ्यर्थी रामगढ़ जिला के आधिकारिक वेबसाइट रामगढ़ .एनआइसी .इन तथा जिला समाहरणालय के ब्लॉक ए स्थित सूचनापट्ट पर परीक्षा का परिणाम देख सकते हैं। कुल 72 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है वही 7 अभ्यर्थियों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है।

### लायंस क्लब का शपथ ग्रहण संपन्न

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जमशेदपुर के कुशुम कमानी आडिटोरियम में लायंस इंटरनेशनल क्लब का शपथ ग्रहण समारोह हुआ, जिसमें झारखंड और बिहार के 90 क्लबों के विभिन्न प्रतिनिधियों ने भाग लिया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पास्ट इंटरनेशनल डायरेक्टर डॉ वीके लाडिया उदयपुर शामिल हुए। समारोह में वीके लाडिया ने लायंस क्लब की प्रशासनिक टीम का विधिवत शपथ ग्रहण करवाया। कार्यक्रम का समापन पूर्व जिला पाल राहुल वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से जिला 322 ए के सभी पूर्व जिलापाल शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन 322 ए की जिला पाल सीमा वाजपेई की टीम द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में कुल 350 लायंस सदस्य शामिल हुए।

# इस्पात जगत के महान व्यक्तित्व व प्रेरणा स्रोत थे बाऊजी

**जन्म दिन पर विशेष**

**ओपी जिंदल ने आजीवन दलितों-पिछड़ों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए संघर्ष किया**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** महान व्यक्तित्व एवं प्रेरणा स्रोत ओपी जिंदल जिन्हें प्यार और सम्मान से बाऊजी पुकारा जाता है। वे एक महान दूरद्रष्टा थे। मातृभूमि के प्रति प्रेम से प्रेरित होकर उन्होंने भारत को आत्मनिर्भरता की राह दिखाई। उन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिबद्धता से ओपी जिंदल ग्रुप जैसे विशाल औद्योगिक समूह की स्थापना की, जो आज राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा ही रहा है। पूरी मानवता को भी एक नई दिशा दिखा रहा है। वे जननायक थे, जिन्होंने आजीवन दलितों-पिछड़ों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के हितों के लिए संघर्ष किया।

बाऊजी की दूरदर्शिता का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि आज से 50 साल पहले ही उन्होंने आत्मनिर्भर भारत का सपना देखा और देश का भाग्य बदलने में अग्रणी भूमिका निभाई। बाऊजी की 94वीं जयंती पर शत शत नमन। हरियाणा के हिसार जिले स्थित नलवा गांव में 7 अगस्त 1930 को एक किसान परिवार में जन्मे जिन्दल को बचपन से ही मशीनों से लगाव था। उनकी मौलिक सोच, बदलाव लाने का उनका जुनून और इन सबसे बढ़कर भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किये गए उनके प्रयास ने उन्हें मशीनों से बात करने वाले शख्सियत के रूप में विश्व विख्यात कर दिया। उनका जन्म भले ही हरियाणा में हुआ हो, लेकिन पूरा भारत उनकी कर्मभूमि था। श्री जिन्दल ने 1952 में कोलकाता के निकट लिलुआ में एक स्टील पाइप, बेंड और सॉकेट फैक्ट्री लगाई और जन्मभूमि की सेवा के लिए वे वापस हिसार लौट आए। 1960 में उन्होंने हिसार में एक फैक्टरी लगाई जो आधुनिक भारत का एक गौरवपूर्ण मंदिर यानी ओपी जिंदल ग्रुप का आधार बनी। वे एक जन्मजात इंजीनियर थे। उन्होंने स्वदेशी तकनीक पर आधारित जिंदल इंडिया नामक एक पाइप मिल की स्थापना की, जिसे आज जिंदल इंडस्ट्रीज के नाम से जाना जाता है। 1970 में उन्होंने जिन्दल स्ट्रिप्स लिमिटेड की स्थापना की और शुरू से ही अनुसंधान पर ध्यान दिया। इसके बाद जिन्दल सॉ, जेएसडब्ल्यू, जिंदल स्टेनलेस और जिन्दल स्टील एंड पावर के रूप में इस वटवृक्ष का विकास हुआ जो आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्टील, पावर, माइनिंग, एवं इन्फ्रास्ट्रक्टर सेक्टर में उत्कृष्टता के उदाहरण हैं। हिसार में सफलता के बाद बाऊजी ने छत्तीसगढ़ (तत्कालीन मध्य प्रदेश) को अपनी कर्मभूमि बनाया, जहां से उन्होंने पूरे विश्व में समूह के विस्तार की योजना बनाई। रायगढ़ में जेएसपी का कोयला आधारित स्पंज आयरन प्लांट, जो दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा है, राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिचायक है। 1990 के दशक में उन्होंने सीजीपी यानी स्पांज आयरन प्लांट के बारे में सपना देखा, जिसे जेएसपी के ओडिशा स्थित अंगुल प्लांट में स्थापना किया उनके बेटे नवीन जिंदल ने। बाऊजी ने अपने प्लांट के आसपास रहने वाले लोगों के कल्याण के लिए भी सदैव चिंतनशील रहे। उन्होंने जहां कहीं भी फैक्टरी लगाई, वहां के लोगों के कल्याण के लिए उन्होंने स्कूल, अस्पताल और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराईं। उनका दर्शन था कि वह उद्योग सफल नहीं हो सकता, जिसके आसपास का समाज विफल हो। इस्पात जगत के पुरोधा, स्वच्छ राजनीति के शिखर पुरुष और सामाजिक विकास के जननायक ओपी जिन्दल ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ी। उनके जीवन और उपलब्धियों को आधुनिक प्रबंध सिद्धांतों में शामिल कर पूरी मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है।

ओपी जिंदल ग्रुप जैसे विशाल औद्योगिक समूह के संस्थापक और अग्रणी राजनेता होने के बावजूद बाऊजी ने कभी भी अपने कार्यालय का दरवाजा बंद नहीं रखा। आम हो या खास, सभी के लिए उनके दरवाजे 24 घंटे खुले रहे। उन्होंने कभी कोई सचिव नहीं रखा और वे लोगों से सीधे मिला करते थे। वे सभी के लिए सदैव सुलभ और उपलब्ध थे। अपने लोगों से वेहद से ज्यादा स्नेह करते थे और उनका ख्याल रखते थे।सुख-दुख में उनके अभिभावक थे। बाउजी ने राजनीति में आकर जनसेवा की एक नई परिभाषा प्रस्तुत की। शिक्षा, स्वास्थ्य और लोगों की संपन्नता के लिए उन्होंने आजीवन संघर्ष किया। वे तीन बार हिसार से विधायक रहे और 1996 में हरियाणा के कुरुक्षेत्र से लोकसभा सांसद बनकर राष्ट्र की नीतियों और कार्यक्रमों के निर्माण में बड़ा योगदान दिया। 2005 में वे हिसार से पुनः विधायक बने और उन्हें हरियाणा का ऊर्जा मंत्री बनाया गया।

समाजसेवा के प्रति समर्पित रहते हुए बाऊजी ने यह सुनिश्चित किया कि गरीब, जरूरतमंद, दलितों और पिछड़ों को आर्थिक और राजनीतिक गतिविधियों से लाभ मिले। उन्हें मुख्यधारा में शामिल होने के पर्याप्त अवसर पैदा हों। समाज के संतुलित एवं सौहार्द्रपूर्ण विकास की सकारात्मक सोच रखने वाले बाऊजी का राष्ट्र प्रथम-लोग प्रथम का दर्शन आज ओपी जिंदल ग्रुप की नीतियों और कार्यक्रमों की आधारशिला है। संपूर्ण ओपी जिन्दल ग्रुप राष्ट्र के प्रति बाऊजी की प्रतिबद्धता का एक बड़ा उदाहरण है। बाऊजी उम्मीद के दीपपुंज थे। जो कोई उनके पास आता, वो उनका मुरीद बन जाता था। देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी उनके लाखों प्रशंसक थे। ये उनके दिये हुए संस्कार ही हैं कि उनके चारों बेटे पृथ्वीराज जिंदल (जिंदल सॉ), सज्जन जिंदल (जेएसडब्ल्यू), रतन जिंदल (जिन्दल स्टेनलेस) और नवीन जिंदल (जेएसपीएल) आज उद्योग जगत के अग्रणी सितारों में गिने जाते हैं। ये सभी एक बेहतर कल के निर्माण के प्रति समर्पित हैं। इसी कड़ी में तीसरी पीढ़ी के स्मिनू जिन्दल, पार्थ जिन्दल, अभ्युदय जिन्दल और वेंकटेश जिन्दल बाऊजी की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। बाऊजी के बारे में कहा जाता है कि जहां दूसरों ने दीवारें देखीं, वहां उन्होंने दरवाजे देखे। वे समस्या में भी समाधान देखते थे और यही वजह है कि आज करोड़ों लोग उनके दिखाए मार्ग पर चलकर सुख, शांति और समृद्धि की जोत प्रज्ज्वलित कर रहे हैं। बाऊजी ने देश और लोगों की सेवा में अपना जीवन बिताया।

## बरही : ओबीसी महापंचायत में शामिल हुये मंत्री बन्ना गुप्ता, कहा

# अपने लोगों को पहचानने की जरूरत

**ओबीसी विरोधी मानसिकता से ग्रस्त है भाजपा : उमाशंकर अकेला**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




बरही। टाउन हॉल बरही में विधानसभा स्तरीय ओबीसी महापंचायत में स्वास्थ्य एवं खाद्य मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल हुए। विधायक उमाशंकर अकेला, प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू, स्टेट कोऑर्डिनेटर सुरजीत नागवाला, जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, अनिल यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। डॉ प्रकाश कुमार व ओबीसी जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया।

बन्ना गुप्ता ने कहा कि अपने लोगो को पहचानने की जरूरत है ताकि सदन में आपकी भागेदारी सुनिश्चित हो। अपने मन के डर को मिटाइए। केंद्र सरकार आपस में लोगों को लड़ाकर सियासत कर रही है ऐसे लोगों को अब हटाने का समय आ गया है। कांग्रेस आपस में प्रेम और मोहब्बत बांटने का काम करती है। हम महात्मा गांधी के वंशज हैं हम मारेंगे नहीं पर मानेंगे भी नहीं। विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि बीजेपी पूरी तरह ओबीसी विरोधी मानसिकता से पीड़ित है। इसलिए जब से देश की सत्ता में भाजपा आई है, वो लगातार पिछड़ों के आरक्षण व अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है। गलत नीतियों के कारण पिछड़ा वर्ग के लोग आरक्षण के अधिकार से वंचित है। कहा कि अब पिछड़ा वर्ग के सामने बीजेपी की सच्चाई उजागर हो गई है। कांग्रेस ओबीसी हितैषी हैं एवं भाजपा ओबीसी विरोधी है। कहा कि आज के युवाओं को सामाजिक आरक्षण को समझने की जरूरत है लेकिन भाजपा ने धर्म के नाम पर लोगो को बांटने का काम किया है।

मौके पर प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, विस विधायक प्रतिनिधि छट्टू गोप, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, अशोक सिंह, यमुना यादव, मनोहर यादव, लक्ष्मण यादव, मुखिया सिकंदर राणा, मनोज कुमार, राजू राणा, गौतम मेहता, विकास गुप्ता, बिखल साव, संतोष यादव, अशोक देव, रेणु देवी, प्रीति गुप्ता, अर्चना हेंब्रम, अनिल यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# टाटा कंपनी के कर्मचारी के घर चोरी करने वाला अपराधी अरेस्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में टाटा कंपनी के कर्मचारी के घर में चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया। यह जानकारी मंगलवार को रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

उन्होंने बताया कि पांच अगस्त को सूचना मिली थी कि टाटा कंपनी के कर्मचारी महताब आलम के घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा रात्री में ताला तोड़कर क्वार्टर से लाखो रुपया का सामान की चोरी कर लिया गया है। इस संबंध में अज्ञात चोर के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के निर्देशानुसार कांड का सफल उद्भेदन एवं चोरी गयी सामान की बरामदगी के लिए टीम गठित कर छापेमारी शुरू की गई। इस दौरान अपराधी राजू रजक पिता जालो रजक ईसीसी कॉलोनी पानी टंकी घांटोटांड से गिरफ्तार किया गया ।

अपराधी की निशानदेही पर कांड में चोरी गयी सभी समान और जेवर को बरामद किया गया । एसडीपीओ ने बताया कि राजू रजक ऐसो आराम के लिए चोरी करता था। उसने पूछताछ के दौरान पुलिस को यह बताया कि कुछ दिन पहले उसके घर से एक छोटा सा सीलिंग फैन चोरी हो गया था। जिसकी वजह से उसे गर्मी में रात गुजारनी पड़ रही थी। इसके बाद उसने चोरी का प्लान बनाया और महताब आलम के घर में लगे कूलर को भी उसने इसी नियत के तहत चोरी किया। चोरी किए गए कूलर को लगाकर वह अपने घर में ही सो रहा था। उसने महताब आलम के घर से सोने और चांदी के जेवरात भी चोरी किए थे जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। छापेमारी में मांडू सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## प्लांट में सेफ्टी मानकों का नहीं रखा ध्यानः बन्ना गुप्ता

**बरही।** स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता और विधायक उमाशंकर अकेला पवनपुत्र स्टील एंड एलॉय प्लांट पहुंचे और घटना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सबसे पहला काम मजदूरों का बेहतर इलाज हो। उन्होंने कहा कि प्लांट में नियम कानून को ताक पर रखकर काम किया जा रहा है। श्रम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है। मजदूरों से बिना सेफ्टी कीट दिए काम करवाए जा रहे है। मंत्री ने फैक्ट्री के सुपरवाइजर हर्ष त्रिपाठी से मजदूरों की जानकारी लेनी चाही, जिसे वह बताने से कतराते रहे। मंत्री ने सुपरवाइजर को डांट लगाते हुए इंस्पेक्टर को पुलिस कस्टडी में लेने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि पहले मजदूर ठीक हो, उसके बाद इस कंपनी पर कार्रवाई की जाएगी।

**मनोज यादव बोले, मृतकों और परिजनों को मिले मुआवजा :** पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि घटना अत्यंत ही पीड़ादायक है और ऐसी कंपनियों को सुरक्षा के मानकों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कंपनी से घायलों औ मृतकों के समुचित इलाज और मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की जिला प्रशासन से भी आग्रह है कि ऐसे कंपनियों में सुरक्षा मानकों की यथोचित जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करें ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो।

# शिक्षकों से संवादहीनता खत्म करेंगे : डीएसई

**संदीप**

## हजारीबाग में नये डीएसई आकाश कुमार ने लिया प्रभार



हजारीबाग। जिले में सोमवार को नवपदस्थापित डीएसई आकाश कुमार ने पूर्णतः प्रभार ग्रहण कर लिया। 29 जुलाई को उन्होंने स्वतः प्रभार ग्रहण किया था। उस दौरान तत्कालीन डीएसई संतोष गुप्ता ने नवपदस्थापित डीएसई को प्रभार नहीं सौंपा था। ऐसे में जिला के शिक्षा विभाग आम लोगों की चर्चा का विषय बन गया था। आखिरकार चर्चा पर अब विराम लग गया है। सोमवार को नवपदस्थापित डीएसई ने प्रभार ग्रहण कर लिया।

नवपदस्थापित डीएसई आकाश कुमार ने खबर मंत्र से बात करते हुए कहा कि शिक्षकों से जो संवादहीनता यहां खत्म हो गई थी उसे बहाल करेंगे। शिक्षकों से बात करके उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा छात्र-शिक्षक हित में जी भी कदम उठाए गए हैं उनका अक्षरसः पालन किया जाएगा।

**स्वागत व विदाई की रस्म का नहीं हुआ पालनः** बीते ढाई दशक में पहली बार जिले के शिक्षा विभाग में किसी अधिकारी की न तो विदाई की रस्म निभाई गई न ही नवपदस्थापित का स्वागत किया गया। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रवक्ता सह समन्वय समिति के सदस्य राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा कि यह अच्छी परिपाटी नहीं है। हमारी सभ्यता व संस्कृति इसकी इजाजत नहीं देता। ऐसे में शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विभाग के जरिये समाज में अच्छा संदेश जाना चाहिए था, उसे देने में यह विभाग असफल रहा।

**अब तक सबसे विवादस्पद डीएसई रहे संतोष गुप्ताः** झारखंड राज्य के गठन के बाद से अब तक के सबसे विवादास्पद डीएसई के नाम में संतोष गुप्ता का नाम शीर्ष पर होगा। इनके कार्यकाल के दौरान शिक्षक-अधिकारी के बीच की खाई बढ़ती ही चली गई। कई शिक्षकों को न सिर्फ सस्पेंड किया बल्कि शो-कॉज से दहशत पैदा करने की कोशिश की। शिक्षकों की लंबित प्रोन्नति के मामले में किसी प्रकार की कार्यवाई नहीं की गई। स्कूली बच्चों की दी जाने वाली पोशाक की घटिया क्वालिटी को लेकर जब बातें मीडिया में आईं तो मामला विधानसभा में उठा। इसके बाद राज्यस्तरीय जांच टीम का गठन किया गया। हालांकि अब तक तक उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई। पेंशन पावना आदि के भुगतान में भी ढील बरती गई। अब देखने वाली बात होगी कि नवपदस्थापित डीएसई आकाश कुमार इन चुनौतियों से बखूबी निपट पाते हैं या नहीं।

**लुटिया डुबोने वालों से सिपहसालारों से रहना होगा सावधानः** नवपदस्थापित डीएसई को ऐसे सिपहसालारों से सावधान रहना होगा जिन्होंने पूर्व डीएसई की खासी किरकिरी करवाई। दरअसल पूर्व डीएसई संतोष गुप्ता के सिपहसालारों में कुछ ऐसे लोग शामिल थे जिन्होंने उनकी मज्जम्मत करवाने में खासी भूमिका निभाई। ऐसे में नवपदस्थापित डीएसई आकाश कुमार को वैसे लोगों से सावधान रहना होगा जो जिस थाली में खाते हैं उसी में छेद करते हैं। बहरहाल आने वाले दिनों में सब कुछ साफ होगा, बस उसका इंतजार करिए।

## एक नजर में

### महिला का शव बरामद, हत्या की आशंका

बरकट्ठा। गोरहर पुलिस ने थाना क्षेत्र के लगनवा गांव से एक बंद कमरे से महिला का शव बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि यह हत्या का मामला लग रहा है। किसी धारधर हथियार से महिला को मारा है। फिलहाल शव को पुलिस ने कब्जे मे ले लिया है। मृतक महिला का एक पुत्र है। दो दिनों से साथ था । अगल बगल के लोग जब उससे उसकी माँ के बारे मे पूछते थे तो वह लोगो को कहता था की माँ सो रही है। जब वह मंगलवार तक घर से बाहर नहीं निकली तो लोगों को शक हुआ। लोग जब घर के अंदर कमरे खोला तो देखा की महिला का शव जमीन पर पड़ा था।

प्रेम प्रसंग से हुई थी शादी : संगीता कुमारी की शादी 2018 मे प्रेम प्रसंग को लेकर कोर्ट मे हुई थी। लगनवा निवासी संटू सिंह से शादी हुयी थी। शादी के बाद संटू सिंह बाहर चला गया। वह छह वर्षो से घर नहीं आया है। कई बार पंचायत भी हुई। महिला बेटा माहिर के साथ थाना के मदद से लगनवा मे रहने लगी। पुलिस ने बताया कि वह अपने सास माला देवी और ससुर राजेंद्र सिंह के साथ रहती थी। घटना के बाद दोनों फरार है।

### श्रमिक पारिवारिक परामर्श सत्र आयोजित

**केरेडारी।** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना द्वारा बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा लिमिटेड के श्रमिकों के लिए सोमवार को पारिवारिक परामर्श सत्र आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए, खान एजेंट आसीम मिश्रा, खान प्रबंधक श्री बीवी रमेश कुमार, सीएसआर कार्यकारी अलका पांडा,और बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा लिमिटेड के सुरक्षा अधिकारी और सुरक्षा कर्मी शामिल थे। इस आयोजना का मूल उद्देश्य कार्यस्थल पर स्वास्थ्य और सुरक्षा संस्कृति को और बढ़ावा देना है। परामर्श सत्र में कर्मचारियों के परिवारजनों को बुलाया गया एवं कर्मचारियों को उनके परिवार के प्रति ज़िम्मेदारियों के बारे में जागरूक किया गया। कर्मचारियों को अपनी कार्यशैली में सुरक्षा को महत्व देने के लिए कहा गया और बताया गया कि कार्यस्थल सुरक्षा को एक मूल्य माना जाए क्योंकि मूल्य समय के साथ नहीं बदलते। कार्य को सही एवं सुरक्षित तरीके से करने की एक निश्चित समाजिक एवं आर्थिक कीमत होती है।

### इचाक : छठ और श्मशान घाट पर हुयी बोरिंग

इचाक। बरियठ पंचायत के मुखिया निशु कुमारी के पहल पर पंचायत के छठ व श्मशान घाट पर हुयी बोरिंग।मुखिया ने कहा कि छठ घाट पर पंचायत के तीन गांव बरियठ पर टांड भुसाई, चंदवारा का घाट लगता है जिसे गर्मियों के दिनों में नदी सूख जाने से ग्रामीणों को काफी परेशानी होती थी। अब यहां के लोगों को सहूलियत होगी। इस कार्य में दिगम्बर कुमार मेहता,निरंजन मेहता,प्रेम मेहता, राजभालम मेहता,सुरेश प्रसाद , महेश प्रसाद मेहता, महेंद्र प्रसाद व अन्य सहयोग किया।

### मंईयां सम्मान योजना का सर्वर डाउन

**टाटीझरिया ।** झरपो खैरा डूमर धर्मपुर डहररभंगा भराजो बेडम टाटीझरिया आठों के पंचायत सचिवालय प्रांगण में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शिविर के दौरान ऐप्स में सरवर डाउन रहने से बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज,टाटीझरिया प्रमुख सह जिला प्रमुख संघ अध्यक्ष संतोष मंडल,उप प्रमुख रवि वर्णवाल, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह झरपो पंचायत मुखिया शिबू प्रसाद सोनी, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अध्यक्ष रवि सिंह आठों पंचायत के मुखिया ,पंचायत सचिव,वार्ड सदस्य,कंप्यूटर ऑपरेटर कर्मी को लाभुको द्वारा काफी खरा खोटा जैसी शिकायतें सुनने को मिल रहा है।

### लोटस गार्डेन वर्ल्ड स्कूल में पौधरोपण



**बरही।** लोटस गार्डेन वर्ल्ड स्कूल के 51 बच्चों ने 51 पौधे लगाकर देश की आजादी के क्रांतिकारी शहीदों को श्रद्धांजलि दी। प्रत्येक वर्ष उन वीरों के नाम के नारे लगाने से ऊपर उठकर उनके बेहतर भारत के सपने को साकार करने के प्रयास में प्रतिवर्ष 51 पौधे लगाकर श्रद्धांजलि देने के मुहिम को शुरू किया है। प्राचार्य समीर बड़जात्या ने कहा कि ऐसा ही प्रयास अन्य स्कूल के साथ-साथ तमाम अन्य संस्थाओं के संचालकों करना चाहिए।

### जागृति महिला संघ ने रेनकोट व छाते बांटे



बड़कागांव ।पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के सहायक कर्मचारियों को समर्थन करने की एक पहल के तहत जागृति महिला संघ ने रेनकोट और छाते वितरित किए जागृति महिला संघ की अध्यक्षा तजीन फैज, उपाध्यक्ष मीनाक्षी सक्सेना और अन्य वरिष्ठ क्लब सदस्य ने 55 रेनकोट और 45 छाते वितरित किए गए। तजीन फैज ने सहायक कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया और इस तरह की पहलों के महत्व को रेखांकित किया, जो एक सहायक और समावेशी कार्य वातावरण को बढ़ावा देने में मदद करती हैं।जिसमें प्राप्तकताओं ने जागृति महिला संघ के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया।

# राष्ट्रबोध से ही राष्ट्र समृद्धि यात्रा सार्थक होगी, कर्तव्यबोध के साथ शत्रुबोध भी आवश्यक

**रमेश शर्मा**



**किसी** भी राष्ट्र की समृद्धि यात्रा उसके निवासियों की अंतर्चेतना में दायित्व और कर्तव्यबोध के साथ उन शत्रुओं का बोध भी आवश्यक है जो राष्ट्र के आधार को क्षति पहुंचाने के लिए सक्रिय रहते हैं । यह व्यापक दृष्टि ही राष्ट्रबोध की संपूर्णता है। वस्तुतः किसी एक दिशा में दौड़ने से जीवन सार्थक नहीं होता । सफलता के लिए बहुदर्शी होना चाहिए है । जैसे यात्रा के लिए हम केवल वाहन की गति नहीं देखते, मार्ग की अनुकूलता, दिशा बोध और बाधाओं का आकलन भी करते है । यही चिंतन राष्ट्र समृद्धि यात्रा का है । राष्ट्र का निर्माण केवल नारे लगाने से नहीं होता । राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिकों के समग्र चिंतन और प्रयत्नों की निरंतरता से होता है । निसंदेह राष्ट्र समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका शासक के नीति निर्णयों की होती है । पर इससे कहीं अधिक नागरिकों की अंतर्चेतना में राष्ट्रबोध महत्वपूर्ण होता है।

नागरिकों की अंतर्चेतना की संकल्पना राष्ट्र को भी प्रभावित करती है और शासकों के नीति निर्णयों को भी। राष्ट्र में कुल चार प्रकार के नागरिक होते हैं। एक जिनका पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित होता है । वे पुरुषार्थ करते हैं, परिश्रम करते हैं उपलब्धियां की ऊंचाई पर भी पहुंचते हैं पर स्वयं को निमित्त मानकर कहते हैं- इसमें मेरा कुछ नहीं, इद न मम्सब राष्ट्र को समर्पित है । दूसरे वे जिनमें दायित्व वोध और कर्तव्यबोध तो होता है, वे राष्ट्र की प्रगति समृद्धि भी चाहते हैं लेकिन उनकी प्राथमिकता में राष्ट्र नहीं व्यक्तिगत हित होता है । तीसरे वे जो प्रत्यक्ष और परोक्ष राष्ट्र की प्राथमिकता, प्रतिष्ठा और राष्ट्रभाव को क्षति पहुंचाने के लिए निरंतर सक्रिय रहते हैं । और चौथे केवल दर्शक दीर्घा में होते हैं। इन्हें न दायित्व बोध होता है, न कर्तव्यबोध। वे भ्रांत धारणाओं में जीते हैं, अपनी न्यूनतम आवश्यकता अथवा व्यसनों की आपूर्ति में ही डूबे रहते हैं और ये भीड़ के अनुगामी हो जाते हैं। राष्ट्र की समृद्धि और भविष्य की यात्रा के लिये इन चारों प्रकार के नागरिकों की पहचान और उसके अनुरूप इनसे व्यवहार आवश्यक है ।

राष्ट्रबोध और राष्ट्र की अवधारणाः राष्ट्र की अवधारणा सबसे पहले भारत में विकसित हुई । संसार का चिंतन केवल देशों का निर्माण और उनकी राजनैतिक सीमाएं निर्धारित करने तक सीमित रहा लेकिन भारत ने इससे बहुत आगे राष्ट्र के स्वरूप और समृद्धि का चिंतन किया । देश और राष्ट्र की अवधारणा में बहुत अंतर है । यह ठीक उसी प्रकार है जैसे शरीर के अंग और इन्द्रियां दृश्यमान होते हैं । वहीं चित्त, बुद्धि और आत्मा अदृश्यमान । यही अंतर देश और राष्ट्र में होता है । देश दृश्यमान होता है और राष्ट्र अदृश्यमान । राष्ट्र का यह अदृश्यमान स्वरूप नागरिकों की भावनात्मक चेतना में होता है । जिसे हम राष्ट्रभाव कह सकते हैं। इसकी झलक नागरिकों की सकारात्मक जीवन शैली और आदर्श चिंतन में होती है । इसे हम संस्कृति का संबोधन देते हैं। यह उच्च मानवीय मूल्यों और प्रकृति के अनुकूल आदर्शों का समन्वय जीवन की सतत प्रक्रिया है । इसका स्वरूप उभरने में शताब्दियां लग जाती हें। पीढ़ियां खप जाती हैं। यह संदेश हमें ऋग्वेद में मिलता है । ऋग्वेद ने आ राष्ट्रे राजन्यः शूर इषव्योऽतिव्याधी महारथो जायताम् कहा तो यजुर्वेद ने वयं राष्ट्रे जाग्रयाम का आह्वान किया । अथर्ववेद ने अभिवर्धताम् पयसाभि राष्ट्रेण वर्धताम् कहा। वेदों में इनके अतिरिक्त और ऋचाएं भी हैं। इनमें राष्ट्र का आधार सत्य, ऋत, उद्यम, उग्र, दीक्षा, तप, ब्रह्म और यज्ञ को माना है । यदि केवल इन तीन ऋचाओं का संदेश समझें तो इनमें एक ओर शूरवीर एवं महारथी शासक होने की अपेक्षा है तो वहीं सामान्य जनों से जागरूक होने और जागरूक करने का आह्वान है । वह भी धन-धान्य से परिपूर्ण । यह एक ऐसे राष्ट्र की संकल्पना है जिसके नागरिक और शासक दोनों उच्च मानवीय आदर्शों के साथ सशक्त और समृद्ध हों । यही झलक हमें भारत के सांस्कृतिक मूल्यों और जीवनशैली में मिलती है । अपनी परंपराओं, सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति समर्पण के साथ जीवन यात्रा । इसकी निरंतरता ही तो राष्ट्रबोध है । इस सांस्कृतिक चेतना और मानवीय मूल्यों की झलक भारतीय जीवन शैली में प्रतिदिन मिलती है । प्राणियों में सद्भाव और विश्व के कल्याण की प्रार्थना, चींटी से लेकर हाथी तक और मामूली दूब से लेकर विशाल वटवृक्ष तक सबकी सुरक्षा, सत्य, अहिंसा, परिश्रम, पुरुषार्थ, परहित और सकारात्मक चिंतन इसका प्रमाण हैं । हम अर्थ और काम दोनों में धर्म से संतुलन बनाते हैं । यह सांस्कृतिक चेतना ही राष्ट्रबोध है और भारत राष्ट्र की केन्द्रीभूत शक्ति भी । पिछले डेढ़ हजार वर्षों पूरे संसार का स्वरूप बदल गया। देशों के नाम बदले, आकार बदले उनके अपने मौलिक राष्ट्रतत्व कोई पता नहीं। जबकि भारत ने एक लंबी अंधकार भरी रात देखी है । जैसा दमन, विध्वंस और सामूहिक नरसंहार का तांडव भारत में हुआ, वैसा उदाहरण कहीं नहीं। फिर भी भारत राष्ट्र का मूलतत्व सजीव है और अब पुनः पल्लवित होकर आकाश छूने की अंगड़ाई ले रहा है । इसका आधार भारतीयों की सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रबोध ही है । संस्कृति के प्राकृतिक तत्वों का सतत प्रवाहमान रहना और उनकी सुरक्षित निरंतरता की चेतना ही राष्ट्रबोध है।

राष्ट्रमित्र और राष्ट्रशत्रु की पहचान भी आवश्यकः प्रकृति में दो प्रकार की वनस्पति होती हैं ।एक आरोग्य और जीवन की सहायक और दूसरी जीवन के लिए घातक। हम दोनों की पहचान करके अपना व्यवहार निश्चित करते हैं। अनुकूल वनस्पति के निकट और घातक वनस्पति से सावधान रहते हैं। यह अलग बात है कि मनुष्य घातक वनस्पति का शोधन करके औषधि बनाना सीख गया है । लेकिन जब तक शोधन नहीं होता तब तक घातक वनस्पति से सावधानी रखी जाती है । मानवीय प्रकृति में भी ये दोनों धाराएं होती है । एक राष्ट्र, संस्कृति, परंपराओं और मानवीय मूल्यों के लिये समर्पित और दूसरी इन संस्कृति और परंपराओं के लिए घातक । भारतीय राष्ट्रतत्व में सत्य अहिंसा, शांति, सद्भाव, समन्वय, समरसता और सामूहिकता को प्रधानता है । इसके अनुरूप आचरण करने वाले नागरिकों राष्ट्रमित्र कहा जाता है । इसके विपरीत अशांति, असत्य, हिंसा क्रूरता, वैमस्यता, बिखराव और प्रगति में अवरोध उत्पन्न करने वाली मानसिकता के नागरिकों को राष्ट्रशत्रु की पंक्ति में माना जा सकता है । इस मानसिकता के लोग हर युग में रहे हैं। वैदिककाल में भी और पुराणकाल में भी । तब इस मानसिकता के नागरिकों को असुर, दैत्य, राक्षस अथवा दानव कहा जाता था । पर समय के साथ राष्ट्रशत्रुओं की कार्यशैली में कुछ परिवर्तन आया। इसके उदाहरण सल्तनतकाल और अंग्रेजीकाल में मिलते हैं। राष्ट्रशत्रु दो प्रकार के हो गए । एक वे जो खुलकर राष्ट्र के विरुद्ध आचरण करते हैं, आक्रांताओं की पंक्ति में अग्रणी होते हैं और दूसरे वे छद्म नाम और रूप लेकर सहयोगी होने का दावा करके विश्वासघात करते हैं। मध्यकाल लगभग प्रत्येक युद्ध में इन दोनों प्रकार के राष्ट्रशत्रुओं की झलक देखी जा सकती है । स्वतंत्रता के बाद भी ये दोनों प्रकार के राष्ट्रशत्रुओं की सक्रियता देखी जा सकती है । स्वतंत्रता के बाद यदि शासनशैली में परिवर्तन आया तो इनकी कार्यशैली में भी परिवर्तन है । प्रगति की आधुनिक स्पर्धा में भारत अग्रणी होने का प्रयास कर रहा है ।

# भारत के मानसूनी रंग

**राकेश दुबे**

**कश्मीर** से कन्या कुमारी तक मानसून भारत को तरबतर कर रहा है। कहीं मौसम जन्य विभीषिका दिख रही है तो कहीं हरीतिमा ओढ़े प्रकृति खड़ी है, सही अर्थों में भारत की सांस्कृतिक विविधता ऐसी है कि कोई भी मौसम हो उत्सवों पर कभी विराम लगता ही नहीं है, पूरे साल जारी रहते हैं। मानसून का तो अपना ही मूड होता है, लेकिन देश के अलग-अलग हिस्सों के अपने अलग विशिष्ट उत्सव हैं। देश में हर मौसम की अपनी क्षेत्रीय परम्पराएं व रिवायतें हैं। जब बारिश पड़ने के बाद हर जगह हरियाली छा जाती है तो कश्मीर से कन्याकुमारी तक की विभिन्न संस्कृतियों में अलग-अलग तरह से जश्न मनाये जाने लगते हैं। जैसे पुरी, ओडिशा की रथ यात्रा भारत का सबसे विख्यात मानसून उत्सव है। दुनिया के हर कोने से भक्तगण इस रथ यात्रा में शामिल होने के लिए आते हैं।

आदि पेरुक्कू मानसून महोत्सव मुख्यतः तमिलनाडु का उत्सव है जो तमिल महीने आदि के 18वें दिन मनाया जाता है। यह उत्सव महिला केंद्रित है और पानी के जीवन-निर्वाह गुणों को भावांजलि देने के लिए मनाया जाता है। यह तमिलनाडु की नदियों, घाटियों, पानी के टैंकों, झीलों, कुओं आदि के पास मनाया जाता है, जब उनमें पानी का स्तर काफी बढ़ जाता है और मानसून की शुरूआत होती है। मान्यता यह है कि पानी ही जीवन है क्योंकि बारिश से ही झील, तालाब, नदी जल के स्त्रोत भरते हैं। इस उत्सव में महिलाएं पानी के परवरिश करने के गुणों की पूजा करती हैं, जिसके कारण जीवन सुरक्षित है।

यूं तो गोआ जनवरी से दिसम्बर तक उत्सव के मूड में ही रहता है, लेकिन मानसून में वह विशेष रूप से साओ जोआओ उत्सव मनाता है, जो इतना जिंदादिल होता है कि रंगों और उत्साह से भरा होता है। हर साल 24 जून को सेंट जॉन द बैप्टिस्ट का सम्मान करते हुए मनाये जाने वाले इस उत्सव की विशिष्ट परम्पराएं हैं, जिनमें फूलों के ताज पहनकर पानी में कूदना भी शामिल है। इस उत्सव में फलों, ड्रिंक्स आदि उपहारों का आदान-प्रदान भी होता है। गांवों में नदी किनारे आपको कार्निवल बोट्स भी देखने को मिलेंगी।

उत्तर पूर्व भारत के पहाड़ों के बीच में बसा मेघालय अपने मानसून उत्सव बेहदीनखलम में बहुत गहरी छलांग लगाता है। बेहदीनखलम का अर्थ होता है बुरी शक्तियों को भगाना। इसलिए इस उत्सव को मनाने के पीछे का उद्देश्य भी हैजा व अन्य महामारियों से मेघालय के वासियों को सुरक्षित रखने की कामना करना है। साथ ही इस उत्सव में भगवान से यह भी मांगा जाता है कि उनके समुदाय को समृद्धि और अच्छी फसल का वरदान दे।

लद्दाख का मानसून उत्सव हेमिस सबसे सम्मानित बौद्ध मठ हेमिस गोम्पा में आयोजित किया जाता है, जो कि ह्यलैंड ऑफ हाई पासेसह्ल में है। यह उत्सव पूरे दो दिन तक मनाया जाता है और इसका संबंध गुरु पद्मसंभव के जन्म दिवस से भी है, जो तिब्बती चंद्र माह के दसवें दिन पड़ता है। दूसरे शब्दों में इस उत्सव की टाइमिंग कुछ ऐसी है कि लगभग जुलाई के मध्य में ही इसका आयोजन होता है। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण चाम है जो कि तांत्रिक बुद्ध मत का बुनियादी पहलू है। इस उत्सव में विस्तृत कपड़े, पगड़ी, जेवर आदि पहनकर भिक्षु नृत्य नाटक करते हैं। देश की हिंदी पट्टी के नाम से चिन्हित प्रदेशों में सावन के झूलों और कजरी गाने की परंपरा है तो बुंदेलखंड में यह काल आल्हा को समर्पित रहता है। मानसून में आकाश का रंग कुछ भी भारत के रंगों की छटा निराली होती है। (लेखक, वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं।)

# आरक्षण : कोटे के अंदर कोटा का सुप्रीम निर्णय

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

**सुप्रीम कोर्ट** की सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने एक अहम फैसले में यह साफ कर दिया है कि राज्यों को आरक्षण व्यवस्था में कोटे के भीतर भी कोटा बनाने का अधिकार है। यानी राज्य सरकारें अब अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग में भी आरक्षण के लिए अलग-अलग श्रेणियां बना सकती हैं। यह अधिकार अभी तक राष्ट्रपति के पास ही सुरक्षित था। संसद में ही प्रस्ताव पारित कर, किसी भी जाति को, आरक्षण के दायरे में लाया जा सकता था अथवा जाति को आरक्षण से बाहर भी किया जा सकता था। इस फैसले के बाद इन वर्गों में हाशिये पर पड़ी जातियों को आरक्षण का फायदा मिलने की उम्मीद है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि यह बात भी लगातार उठाई जा रही थी कि समुचित अवसर नहीं मिलने के कारण आरक्षित अजा-जजा वर्ग में भी ऐसी कई जातियां हैं जो सामाजिक और आर्थिक तौर पर पिछड़ेपन से उबर नहीं पा रही हैं।

सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय पर राजनीतिक दल, सामाजिक कार्यकर्ता और अन्य समूह दो भागों में बंटते दिखाई दे रहे हैं। राजनीतिक दल अपने नफे-नुकसान के हिसाब से इस फैसले पर बयानबाजी कर रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस जैसे बड़े दलों ने इस मुद्दे पर लगभग चुप्पी साध रखी है। राजनीतिक चश्मे से इतर देखें तो संविधान पीठ का फैसला सामाजिक न्याय के लिए ह्यमील का पत्थरह्ल साबित हो सकता है। वर्तमान में दलित और आदिवासियों को शिक्षा और नौकरियों में क्रमशः 15 फीसदी और 7.5 फीसदी आरक्षण हासिल है। संविधान पीठ के दो कथन महत्वपूर्ण हैं। एक, एससी-एसटी के कोटे में कुछ जातियों का उप-वर्गीकरण करने से संविधान के अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 341 का उल्लंघन नहीं होता। समानता का सिद्धांत यथावत रहेगा। दूसरे, आरक्षण एक पीढ़ी तक सीमित कर देना चाहिए।

यदि पहली पीढ़ी आरक्षण का लाभ लेकर उच्च स्थिति तक पहुंच गई है, तो दूसरी पीढ़ी को आरक्षण का अधिकार नहीं मिलना चाहिए। जस्टिस बीआर गवई ने एससी-एसटी पर भी, ओबीसी की तरह, ह्यक्रीमीलेयरह्ल लागू करने की बात कही है। यह विवादास्पद मुद्दा बन सकता है। आरक्षण के आधार पर जो दशकों से राजनीति करते आ रहे हैं अथवा आरक्षण के कारण ही राजस्थान की एक खास जाति में पीढ़ी-दर-पीढ़ी आईएएस अफसर बनते रहे हैं, वे अपने हिस्से को बंटने क्यों देंगे?

अनुसूचित जाति समूह के भीतर जातियों को आरक्षण के लाभ से वंचित करने का इतिहास दशकों पुराना है। वर्ष 1960 में कोटे के अंदर कोटा की मांग आंध्र प्रदेश में उठी थी, जो कई सालों तक चली। इसके बाद 1997 में तब की आंध्र प्रदेश सरकार ने न्यायमूर्ति पी रामचंद्र राजू आयोग का गठन किया, जिसने कहा था कि आरक्षण का लाभ बड़े पैमाने पर अनुसूचित जातियों के बीच एक विशेष जाति के पास गया है और इसलिए, एससी को चार समूहों में वर्गीकृत करने की सिफारिश की।

1998 में तत्कालीन आंध्र प्रदेश सरकार ने अनुसूचित जातियों में एक सब कैटेगरी बनाने का एक प्रस्ताव पास किया। 2001 में यूपी सरकार ने हुकुम सिंह समिति का गठन किया, जिसने कहा कि आरक्षण का लाभ सबसे अधिक वंचित वर्गों के लोगों तक नहीं पहुंचा है। इसमें कहा गया कि यादवों को अकेले नौकरियों का अधिकतम हिस्सा मिला है।

इस समिति ने भी एससी/ओबीसी की सूची की सब कैटेगरी बनाने की सिफारिश की थी। 2005 में कर्नाटक सरकार ने न्यायमूर्ति एजे सदाशिव पैनल की स्थापना की, जिसमें एससी जातियों के बीच उन जातियों की पहचान करने पर जोर दिया गया, जिन्हें कोटा से लाभ नहीं मिला। पैनल ने 101 जातियों को चार श्रेणियों में विभाजित करने की सिफारिश की। 2006 में तब की केंद्र सरकार ने सब कैटेगरी के लिए एक पैनल बनाने का निर्णय लिया था।

# गुरुकुल की छात्राओं के साथ सरसंघचालक का अनूठा संवाद

**कृष्णमोहन झा**



**श्रीमद** दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय अमरोहा की छात्राओं को गत दिनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत से संवाद करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह उनके लिए अनूठा अनुभव था जब सरसंघचालक ने सहज सरल बोधगम्य भाषा में उनके मन की जिज्ञासा को शांत किया। छात्राएं प्रश्न पूछ रही थीं और सरसंघचालक उनके प्रश्नों का इस तरह उत्तर दे रहे थे मानों उनके और छात्राओं के बीच सामान्य वातार्लाप चल रहा हो। छात्राओं को निःसंकोच अपने प्रश्न पूछने की अनुमति थी और मोहन भागवत भी चेहरे पर स्मित हास्य के साथ पूरी तरह सहज होकर उनके हर प्रश्न का जबाब दे रहे थे। छात्राओं को पल भर के लिए भी यह आभास नहीं हुआ कि उन्हें आज विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन के सर्वोच्च पद पर आसीन व्यक्ति से रूबरू होने का सौभाग्य मिला है। संघ प्रमुख की व्यस्तता के कारण इस अनूठे संवाद का सिलसिला यद्यपि आधे घंटे तक ही जारी रह सका परन्तु श्रीमद दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय की छात्राओं के लिए यह यादगार अनुभव रहा। छात्राओं ने सरसंघचालक से धर्म, अध्यात्म, राष्ट्र भक्ति , नारीशक्ति सहित अनेक विषयों पर आधारित प्रश्न पूछे और और उनकी हर जिज्ञासा का सुंदर समाधान संघ प्रमुख ने किया।

जब एक छात्रा ने उनसे प्रश्न किया कि आप सरसंघचालक होने के साथ देश के प्रधानमंत्री व अन्य वरिष्ठ पदों को प्राप्त कर सकते थे। आपने ऐसा क्यों नहीं किया तो संघ प्रमुख ने कहा कि मेरे साथ यहां जो कार्यकर्ता बैठे हैं ,सभी ऐसे हैं। हम सब यहां कुछ होने के लिए नहीं बल्कि देश की सेवा करने के लिए आए हैं। किसी भी स्वयंसेवक से पूछो वह शाखा चलाने की इच्छा जताएगा। उसके लिए संघ का आदेश सर्वोपरि है। एक अन्य छात्रा का प्रश्न था कि अर्जुन के बलशाली होने पर भी श्रीकृष्ण के उपदेश की आवश्यकता पड़ी थी परन्तु आज उनके अभाव में क्या गीता उपदेश देने में सफल हो पाएगी। इस पर संघ प्रमुख ने उसे सरल शब्दों में समझाते हुए कहा कि श्रीकृष्ण सत्य हैं। जो सत्य है उसका अभाव नहीं होता। असत्य का कहीं भाव नहीं होता। भारत में योगेश्वरों की कभी कमी नहीं रही है। न पहले थी न आज है। धनुर्धर पार्थ चाहिए। ऐसे लोग चाहिए जो कर्तव्य पथ में धनुष उठाने के लिए तैयार रहें। गीता एक जीवन है।

उन्होंने कहा, भारत के साथ सनातन संस्कृति बढ़ रही है। भारत चार कदम चला तो दुनिया को लगा कि भारत बढ़ी शक्ति बन रहा है। एक छात्रा के मन में संघ प्रमुख से जीवन के उन संघर्षों को जानने की उत्सुकता थी कि जिन पर विजय प्राप्त करके वे एक सफल व्यक्ति बने। इस प्रश्न के उत्तर में मोहन भागवत ने कहा कि मेरे बारे में सभी को जानने की जिज्ञासा है। ऐसा मैं अकेला नहीं हूं। संघ के सभी कार्यकर्ता ऐसे ही होते हैं। संघर्ष क्या है। अहंकार को हावी न होने दें।

हम अपने मन बुद्धि और शरीर पर वास्तविकता का आवरण करें। एक-दूसरे के सहायक बनें। संघ के विस्तार में महिलाओं की भूमिका से जुड़े प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि संघ में यह सीधे तौर पर नहीं दिखतीं लेकिन पर्दे के पीछे बहुत बड़ी भूमिका है। संघ के चार हजार स्वयंसेवक अविवाहित हैं और लाखों स्वयंसेवक गृहस्थी में रहकर संघ के काम कर रहे हैं। उनके घर की माताएं-बहनें संघ के लिए समर्पित होकर काम करने देती हैं, इसलिए कर पाते हैं। मातृशक्ति के लिए संघ की राष्ट्र सेविका समिति की नौ हजार शाखाएं समाज के लिए काम कर रही हैं। संघ का काम नारियों को उन्नत नहीं सक्षम बनाना है।

संघ प्रमुख मोहन भागवत एक छात्रा के इस प्रश्न पर मुस्कुरा उठे कि आपके नाम के दोनों शब्द ईश्वर का स्मरण कराते हैं। यह नाम रखने के पीछे क्या रहस्य है।

भागवत ने कहा कि यह परिजनों का दिया नाम है। भागवत मेरे कुल का है जो बुजुर्गों का दिया हुआ है। भक्ति का प्रचार करने वाले भागवत कहलाते हैं। हमारे कुल में भी ऐसे रहे होंगे। मैं तो देशभक्ति का प्रचार करता हूं। मैं देश व देव में अंतर नहीं मानता। सरसंघचालक एक छात्रा के इस प्रश्न से बहुत प्रभावित हुए कि देश व धर्म में किसे ऊपर स्थान देना चाहिए और क्या धर्म उन्नति और देश उन्नति अलग-अलग हैं।

इस प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि नहीं, सब एक हैं। जो दुनिया के समय से चलता आया है वह सनातन धर्म है। सत्यार्थ का प्रकाश दिल में हो, हम देश हित के लिए काम करते रहें। मोहन भागवत ने छात्राओं के साथ संवाद कार्यक्रम के पूर्व महाविद्यालय में आयोजित यज्ञ में भाग लिया और नवनिर्मित भवन उद्घाटन किया। उन्होंने महाविद्यालय की 134 छात्राओं के उपनयन संस्कार के बाद उन्हें आशीर्वाद दिया।

# बच्चों में नेट और सोशल मीडिया के नकारात्मक प्रभावों के खिलाफ जागरूकता आवश्यक



**झारखंड** के शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि बच्चों पर इंटरनेट के नकारात्मक प्रभावों के खिलाफ लड़ाई में अधिक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है। मंत्री, फोरम फॉर लर्निंग एंड एक्शन विद इनोवेशन एंड रिगोर और झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा सह-आयोजित राम दयाल सिंह मुंडा जनजातीय शोध संस्थान, मोरहाबादी (रांची) में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी और पैनल चर्चा - डिजिटल युग में बच्चों और युवाओं की शिक्षा और कल्याण में बोल रहे थे।

मैं चाहता हूं कि हर कोई इस अभियान का हिस्सा बने क्योंकि डिजिटल प्लेटफॉर्म के नकारात्मक प्रभाव बच्चों और किशोरों के दिमाग को नुकसान पहुंचा रहे हैं। हर चीज के दो पहलू होते हैं - नकारात्मक और सकारात्मक। हम इंटरनेट के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन हम इंटरनेट और सोशल मीडिया के स्वस्थ उपयोग के पक्षधर हैं,ह्व उन्होंने कहा। साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, मंत्री ने कहा कि फ्लेयर स्कूली बच्चों को पाठ्यक्रम में हस्तक्षेप के माध्यम से उनके नकारात्मक प्रभावों और इससे निपटने के तरीके के बारे में शिक्षित करने में सराहनीय कार्य कर रहा है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में समाधान आधारित कार्यक्रम और हस्तक्षेप शुरू करने में रुचि रखती है और इस प्रयास और हस्तक्षेप के लिए सभी तरह की मदद का आश्वासन दिया। समारोह में बोलते हुए, झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति, डॉ डी के सिंह ने कहा कि भारत में इंटरनेट की पहुंच सबसे अधिक है। हम लगभग हर दिन समाचार पढ़ते हैं। हमारे लिए सुरक्षित इंटरनेट और डिजिटल प्लेटफॉर्म सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। सीआईपी, रांची में मनोचिकित्सा के प्रोफेसर प्रो। (डॉ।) निशांत गोयल ने 'शैक्षणिक संस्थानों में मनोवैज्ञानिक कल्याण का महत्व पर प्रकाश डाला। सेमिनार में इस विषय पर पैनल चर्चा भी हुई, जिसमें टॉरियन वर्ल्ड स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. सुभाष कुमार, कैराली स्कूल के प्रिंसिपल श्री राजेश पिल्लई, फिरायालाल पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल श्री नीरज सिन्हा और सफायर ग्लोबल स्कूल के प्रिंसिपल श्री अमित सिंह जैसे प्रतिष्ठित प्रिंसिपलों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इसके अतिरिक्त, प्रोफेसर सुश्री रश्मि वर्मा, एक्सआईएसएस रांची की सहायक प्रोफेसर डॉ. टीना मुरारका सहित डॉ. संताना कुमारी साइकोलॉजिस्ट डॉ. मधुमिता भट्टाचार्य जैसे प्रतिष्ठित विशेषज्ञ शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## सुरिंदर पाल ने संभाला रेलवे के सीनियर डीजीएम का पदभार



**जमशेदपुर।** सुरिंदर पाल ने दक्षिण-पूर्व भारतीय रेलवे, गार्डेन रीच, कोलकाता के नये सीनियर डीजीएम होंगे। उन्होंने गत 5 अगस्त को विधिवत अपना कार्यभार संभाल लिया। इसके पूर्व श्री पाल रेल लैंड डेवलपमेंट ऑथोरिटी,चंडीगढ़ के चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर पद पर कार्यरत थे। सुरिंदर पाल इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ इंजीनियर्स के 1990 बैच के अधिकारी हैं जबकि मार्च 1992 में उन्होंने भारतीय रेलवे में अपना योगदान दिया।

## क्रूज होटल में मृत पाये गये अमलगम स्टील के वरिष्ठ अधिकारी

**जमशेदपुर।** सरायकेला-खरसावां जिला स्थित अमलगम स्टील के वरिष्ठ अधिकारी समूर्ति रंजन दास अपने कमरे में संदिग्ध परिस्थिति में बेसुध पाये गये। बाद में होटल स्टाफ जब उन्हें आनन-फानन में टीएमएच ले गए तो चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। समूर्ति रंजन दास ओडिसा के खुरदा रोड निवासी थे। वे 4 अगस्त से होटल क्रूज के कमरा नंबर 315 में ठहरे हुए थे। मंगलवार की सुबह देर तक वो कमरे से बाहर नहीं निकले तो होटल रिसेप्सन स्टाफ ने बार-बार इंटरकॉपर पर फोन किया।

## हाथियों से बचाव के लिए सुखराम ने बांटे टॉर्च और पटाखे



**चांडिल।** ईचागढ़ विधानसभा के समाजसेवी सह झारखंड आंदोलनकारी सुखराम हेंब्रम ने जंगली हाथियों के उत्पात को देखते हुए कुंकडु प्रखंड के ओड़िया के ग्रामीणों को टॉर्च व पटाखे बांटे। सुखराम हेंब्रम ने कहा विगत कुछ दिनों से जंगली हाथियों के द्वारा काफी उत्पात मचाया जा रहा है। ग्रामीणों के पास टॉर्च की व्यवस्था नहीं थी। हाथियों से बचाव के लिए ग्रामीणों के बिच टॉर्च व पटाखे का वितरण किया गया। मौके पर बुद्धेश्वर गोप, सनबास मांझी, बिष्णु मांझी, अनिल महतो, राजेन टुडू, भास्कर टुडू उपस्थित थे।

## श्री श्याम सेवा समिति चांडिल करायेगी 11 जोड़े का सामूहिक विवाह



**चांडिल।** चांडिल अनुमंडल में पहली बार श्री श्याम सेवा समिति की और से सामूहिक विवाह कराने का निर्णय लिया है। चांडिल विवेकानंद केंद्र में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में समिति ने बताया कि समिति द्वारा चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से कम से कम पांच जोड़े तथा अधिकतम 11 जोड़े का सामूहिक विवाह कराने का निर्णय लिया है।

# एनआइटी जमशेदपुर के छात्रों का बंपर प्लेसमेंट, सृष्टि को सर्वाधिक 1.23 करोड़ का पैकेज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जमशेदपुर, जो तकनीकी शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है, के छात्रों को बम्पर प्लेसमेंट मिला है। छात्रा सृष्टि चिरानिया ने रुब्रिक में 1.23 करोड़ रुपये के पैकेज के साथ रिकॉर्ड-ब्रेकिंग प्लेसमेंट प्राप्त किया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि संस्थान के लिए एक नया मानदंड स्थापित करती है और एनआईटी जमशेदपुर में पोषित प्रतिभा के स्तर को उजागर करती है। इसके अतिरिक्त, संस्थान के छह अन्य छात्रों ने एटलसियन, एक प्रसिद्ध बहुराष्ट्रीय सॉफ्टवेयर कंपनी, में प्रतिष्ठित प्लेसमेंट प्राप्त किए हैं। इन छात्रों, जिनमें तान्या सिंह, अपूर्व सिन्हा, आदर्श कश्यप, अर्पित कुमार, शुभम कुमार और राहुल पांडे शामिल हैं, को 82 लाख रुपये प्रति वर्ष (एलपीए) के प्रभावशाली पैकेज की पेशकश की गई है, जो इस वर्ष एटलसियन द्वारा दी गई सबसे ऊंची पेशकश है।

एनआईटी जमशेदपुर, स्टील सिटी की शांतिपूर्ण परिधि में स्थित, लंबे समय से भारत के प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त है। इसने एक बार फिर से अपने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को आकार देने में अपनी क्षमता को साबित किया है, असाधारण प्लेसमेंट सत्र के साथ। संस्थान ने अपने बी.टेक छात्रों के लिए 93.76% की प्रभावशाली प्लेसमेंट प्रतिशतता प्राप्त की। कुल मिलाकर 725 प्लेसमेंट ऑफर हासिल किए, और कुल मिलाकर 900 से अधिक ऑफर प्राप्त किये।





एनआइटी जमशेदपुर का कैंपस, निदेशक, प्रो डॉ गौतम सूत्रधार और 1.23 करोड़ की पैकेज पाने वाली सृष्टि चिरानिया।

### तकनीकी प्रतिभा की नर्सरी है एनआइटी जमशेदपुर

इन छात्रों की हालिया सफलता एनआईटी जमशेदपुर की उत्कृष्ट तकनीकी प्रतिभा की नर्सरी के रूप में प्रतिष्ठा को और मजबूत करती है। एटलसियन, सॉफ्टवेयर विकास उपकरण और सहयोग समाधान में एक वैश्विक नेता, अपने उच्च मानकों और अत्याधुनिक कार्य वातावरण के लिए प्रसिद्ध है, जो 190 से अधिक देशों में ग्राहकों की सेवा कर रहा है। इसके कुछ लोकप्रिय उत्पादों में जीरा सॉफ्टवेयर, कॉन्फ्लुएंस, बिटबकेट, ट्रेलो और जीरा सर्विस मैनेजमेंट शामिल हैं। एटलसियन में प्लेसमेंट प्राप्त करना छात्रों की तकनीकी दक्षता, समस्या-समाधान क्षमता और असाधारण कौशल सेट का प्रमाण है, जो कंपनी की आवश्यकताओं के साथ पूरी तरह से मेल खाता है।

### क्या बताते हैं आंकड़े

वर्तमान प्लेसमेंट सत्र के आंकड़े एनआईटी जमशेदपुर के छात्रों के लिए उपलब्ध अवसरों की व्यापकता को उजागर करते हैं। प्लेसमेंट के लिए पंजीकृत 673 छात्रों (बी.टेक में) में से, 311 छात्रों ने 10 लाख रुपये से अधिक के ऑफर प्राप्त किए, 70 छात्रों ने 20 लाख रुपये से अधिक के ऑफर प्राप्त किए, 37 छात्रों ने 30 लाख रुपये से अधिक के ऑफर प्राप्त किए, और 11 छात्रों ने 50 लाख रुपये से अधिक के ऑफर प्राप्त किए, जिसमें एक सराहनीय औसत वेतन 12.63 लाख रुपये प्रति वर्ष है। यह उद्योग भर्तीकर्ताओं द्वारा एनआईटी जमशेदपुर के स्नातकों पर डाले गये उच्च मूल्य को रेखांकित करता है।

■ एनआइटी के निदेशक डा गौतम सूत्रधार के मुताबिक इस वर्ष के प्रमुख भर्तीकर्ताओं में अमेजन, ओरेकल, एटलसियन, सैमसंग, इंटुइट, टाटा स्टील और कई टाटा सहायक कंपनियाँ, फ्लिपकार्ट, निन्जाकार्ट, शलम्बरगर, क्वालकॉम, एल एंड टी, डेलॉइट, केपीएमजी, गोल्डमैन सैक्स, एक्सॉनमोबिल, बीपीसीएल, मेकॉन, एचएसबीसी, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक, आदित्य बिड़ला ग्रुप, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, अदानी पॉवर्स, वेदांता आदि शामिल हैं।

■ जैसे-जैसे एनआईटी जमशेदपुर के असाधारण प्लेसमेंट सत्र की खबर फैलती है, यह निस्संदेह संस्थान के लिए अधिक शीर्ष-स्तरीय भर्तीकर्ताओं को आकर्षित करेगी, इसकी प्रतिष्ठा को और बढ़ाएगी और इसके छात्रों के लिए और भी बड़े अवसरों के द्वार खोलेगी। एनआईटी जमशेदपुर लगातार अगली पीढ़ी के नेताओं को पोषित और सशक्त कर रहा है। यह सुनिश्चित करते हुए कि वे नवाचार को बढ़ावा देने में सक्षम हैं।

आरती, शंख, डमरू, घरीघंट की ध्वनि, आतिशबाजी से श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध, आस्था का दिखा अद्भुत नजारा

# बनारस की तर्ज पर सूर्य मंदिर छठ घाट पर की गयी महाआरती

□ सपरिवार शामिल हुए ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति की ओर से श्रावण माह के उपलक्ष्य पर मंगलवार संध्याकाल में बनारस के प्रख्यात गंगा घाट की तर्ज पर आयोजित महाआरती में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। आसमान से बरसते बादलों के बीच विश्व प्रसिद्ध बनारस के गंगा आरती की तर्ज पर आयोजित महाआरती में श्रद्धालुओं की विशाल भीड़ मौजूद रही। झमाझम बारिश के बावजूद सभी भक्त आरती में तल्लीन दिखे। मंगलवार शाम से हो रहे बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था डिगी नहीं और सभी पूरे भक्तिभाव और उत्साह के साथ आरती में मग्न रहे। इस भव्य महाआरती को देखने के लिए सिदगोड़ा समेत आसपास के क्षेत्र के हजारों लोग सम्मिलित हुए और मां गंगा की आरती में शामिल होकर उनका आशीर्वाद लिया। सूर्य मंदिर के छठ घाट के अविरल छल-छल करते जल के बीच आयोजित महाआरती का भव्य और दिव्य दृश्य बहुत मनोरम लग रहा था। महाआरती में सूर्य मंदिर के संस्थापक, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास सपत्नीक रुक्मिणी देवी, बहू पूर्णिमा ललित दास मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, महासचिव अखिलेश चौधरी व अन्य मौजूद रहे। बनारस से आये पंडितों एवं जमशेदपुर के 15 सदस्यीय पंडितों के समूह ने भक्ति से ओतप्रोत एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाआरती की।




महा आरती करते बनारस से आये पुजारीगण और गंगा आरती से पूर्व पूजा करते ओडिसा के राज्यपाल रघुवर दास व अन्य।।

**ये रहे उपस्थित :** महाआरती के दौरान पूर्व विधायक मेनका सरदार, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, देवेंद्र सिंह, सेवानिवृत्त आईपीएस राजीव रंजन सिंह, समाजसेवी शिवशंकर सिंह, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, महासचिव अखिलेश चौधरी, संजीव सिंह, अमरजीत सिंह राजा, शैलेश गुप्ता, शशिकांत सिंह, कृष्णमोहन सिंह, संतोष यादव, बंटी अग्रवाल, कंचन दत्ता, प्रेम झा, प्रमोद मिश्रा, दिनेश कुमार, गुंजन यादव, राकेश सिंह, कल्याणी शरण थे।

## एक नजर में

### कल निर्मल महतो के शहादत दिवस समारोह में आयेंगे सीएम

**जमशेदपुर।** 8 आगस्त 2024 को वीर शहीद निर्मल महतो की 37 वां शहादत दिवस मनाया जा रहा है । कार्यक्रम प्रातः 11:45 बजे शहीद स्थल चमारिया गेस्ट हाउस बिस्टुपुर में श्रद्धांजलि अर्पण कार्यक्रम होगा। इसके बाद मुख्य कार्यक्रम कदमा उलियान स्तिथ शहीद निर्मल महतो मैदान में दोपहर 1 बजे से विशाल जनसभा की गयी है। इस सभा में झारखंड राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन सहित माननीय मंत्रीगण ,सांसद सदस्य एंव माननीय विधायकगण उपस्थित रहेंगे ।अतः सभी जिला / प्रखंड/ नगर /पंचायत स्थरीय समिति एंव ज़िला के सभी वर्ग संगठनों के पदाधिकारी व सदस्यगण उलियान स्थित जनसभा के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने को कहा गया।

### टाटा वर्कर्स यूनियन के पूर्व महासचिव स्व. यूएन प्रसाद को किया गया नमन



**जमशेदपुर।** टाटा वर्कर्स यूनियन, जमशेदपुर ने यूनियन के पूर्व महासचिव स्व यूएन प्रसाद की पुण्य तिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। साथ ही दो मिनट मौन रह दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। मौके पर टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी ने स्व यूएन प्रसाद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें मजदूरों का सच्चा हितैषी बताया। मौके पर यूनियन महासचिव सतीश सिंह, उप-सभापति शैलेश सिंह, उपाध्यक्ष संजीव तिवारी, सह सचिव नीतेश राज, श्याम बाबू, यूनियन के डॉ एमएन सिंह मानस, धर्मवीर सिंह मौजूद थे।

### जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में मनाया गया इंटरनेशनल कॉमर्स डे



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेन्स यूनिवर्सिटी के सिदगोड़ा प्रांगण में कॉमर्स विभाग ने दिनांक 05.08.2024 को इन्टरनेशनल कार्मस डे का आयोजन किया। इस दिवस के तहत विभाग ने विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। आज के कार्यक्रम की अध्यक्ष कुलपति डॉ अंजिला गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर अपने आशीर्वचन से कार्यक्रम के शुरूआत की अनुमति प्रदान की। इस कार्यक्रम में केंद्र बजट 2024 के बारे में मुख्य वक्ता चार्टर्ड अकाउंटेंट श्री शिव चौधरी तथा कंपनी सेक्रेटरी श्री सुरोजित भूमिज ने छात्राओं को बताया। उन्होंने बताया कि बजट 2024 में पूंजी लाभ में मूल्य सूचकांक को हटाया गया तथा स्टैंडर्ड डिडक्शन 75000 किया गया। कॉमर्स की अध्यक्ष एवं डीन डॉ दीपा शरण ने स्वागत भाषण से कार्यक्रम की शुरूआत की तथा आज के दिवस की महत्व को बताया। उन्होंने विभाग के कॉमर्स क्लब के बारे में बताया। कार्यक्रम को डॉ कामिनी कुमारी,डॉ ग्लोरिया पूर्ति तथा डॉ छगनलाल अग्रवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन भावना कुमारी तथा श्वेता पटेल ने की। फ इसके बादप्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ ग्लोरिया पूर्ति ने किया।

### नाई समाज के सामुदायिक भवन का भूमि पूजन



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में नाई समाज के उत्थान एवं विकास हेतु एक सामुदायिक भवन की बहुत पुरानी मांग थी, जिसे देख जुगसलाई विधानसभा के विधायक मंगल कालिंदी एवं जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह ने पहल करते हुए छोटा गोविंदपुर में नाई समाज के भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटन करवाया था। आज उक्त भूमि पर भूमि पूजन कर पूरे विधि विधान से आवंटित भूमि को नाई समाज को दिया गया। ज्ञात हो कि गोविंदपुर, टेल्को, राहरगौड़ा, बारीगोडा में नाई समाज के लोग भारी संख्या में निवास करते हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि पूरे जमशेदपुर स्तर पर नाई समाज के विकास, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए कोई सामुदायिक भवन निर्माण नहीं था इसे देखते हुए गोविंदपुर में खाता संख्या 265 प्लॉट संख्या 694 में अंचलाधिकारी के द्वारा 10 डिसमिल जमीन आवंटित किया गया था। आज पूरे विधि विधान के साथ सामुदायिक भवन के लिए आवंटित भूमि को भूमि पूजन कर समाज को दिया गया। उन्होंने कहा कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और सभी जाति का संतुलित विकास ही बेहतर समाज की स्थापना कर सकते है। स्थानीय जिला परिषद डॉ परितोष सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र में नाई समाज की वर्षो पुरानी मांग जिसे आज विधायक मंगल कालिंदी के सहयोग से पूरा किया जा रहा है। मौके पर नाई समाज के स्थानीय अध्यक्ष राजू ठाकुर, सचिव उमेश ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, पापुन प्रमाणिक, गोविंद ठाकुर, आदित्य ठाकुर, विजय ठाकुर, चंदन ठाकुर, आदित्य शर्मा, अनिल ठाकुर, तरुण प्रमाणिक, नवरतन ठाकुर, विजय ठाकुर, संजय ठाकुर, रामप्रवेश ठाकुर, जेएमएम के समीर दास उपस्थित थे।

### बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा को यूएन भेजे शांति सेना : सुधांशु



**जमशेदपुर।** सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना जे इस्तीफा देकर देश छोड़ दिया है। स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाने के बाद अंतरिम सैन्य सरकार की स्थापना की गई है। इसी बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वहां पर लगातार स्थिति को सामान्य बनाने की दिशा में एक्शन मोड में हैं। कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर की इस संबंध में मुलाकात भी हुई थी। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी सर्वदलीय बैठक में भारत के रुख से विपक्षी दलों के नेताओं को अवगत कराया है। वहीं, बांग्लादेश में तख्तापलट और कट्टरपंथियों के द्वारा किये जा रहे हिंसक घटनाओं पर भाजपा ने चिंता जताई है।

## सरकारी कार्यालयों के कर्मियों की हड़ताल को सीटू का समर्थन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** समाहरणालय एवं उसके अधीन विभिन्न कार्यालयों में अनुसचिवीय कर्मचारी के रूप में कार्यरत कर्मचारी बेमियादी हड़ताल पर हैं। सीटू झारखंड राज्य कमिटी ने इस राज्यव्यापी हड़ताल के प्रति अपना समर्थन एवं एकजुटता व्यक्त की है तथा राज्य सरकार से कर्मचारियों की मांगों का तर्कसंगत एवं कर्मचारी हितैषी समाधान करने की मांग की है। सीटू ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि हड़ताल पर गए कर्मचारी संगठन से वार्ता कर जनहित में हड़ताल समाप्त कराए जाने की पहल की जाए।सीटू ने कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों का निराकरण न किए जाने पर भी गहरी चिंता व्यक्त की है, जिससे कर्मचारियों के साथ-साथ राज्य की जनता के हित भी प्रभावित हो रहे हैं। सरकार द्वारा अनुमोदित समिति की सिफारिश के अनुसार कर्मचारियों का वेतन ग्रेड का संशोधन, पदों का सृजन, पदोन्नति के लिए मौजूदा निर्धारित समय अवधि में कमी, मॉडिफाइड एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन के अनुसार पदोन्नति सुनिश्चित करना आदि शामिल है।

## मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज में एनाटोमेज टेबुल का उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर ने पूर्वी भारत में सर्वप्रथम एनाटोमेज टेबल के उद्घाटन के साथ चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी एवं नये युग की शुरुआत मंगलवार 6 अगस्त 2024 को कॉलेज प्रांगण में की है। उल्लेखनीय है कि एनाटोमेज टेबल इमर्सिव 3 डी दृष्टि के साथ छात्रों को एनाटोमी सीखने में अन्यन्त सहायक है। इस विधि से छात्र मानव शरीर की सतह से लेकर सुक्ष्म स्तर तक परत दर परत खोज सकते हैं। मानव शरीर के विस्तृत इमेजिंग के साथ यह तकनीक मानव शरीर रचना और शरीर विज्ञान की एक अद्वितीय जानकारी प्रदान करती है। मेडिकल छात्रों के लिए यह तकनीक चिकित्सा को आगे बढ़ाने व्यवहारिक प्रशिक्षण में सुधार करने उवं भविष्य के स्वास्थ्य देखभालमें एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। एनाटोमेज टेबल, मेडिकल छात्रों को मानव शरीर रचना विज्ञान को अभूतपूर्व विस्तार से जानने एवं समझने का उच्च अवसर प्रदान करता है।



नयी सुविधा का अवलोकन करते झारखंड सरकार चिकित्सा विभाग के प्रधान सचिव अजय सिंह, रिम्स के निदेशक व अन्य पदाधिकारी।

## विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** राजकीयकृत उच्च विद्यालय नवागढ में खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग झारखंड सरकार के उन्नति का पहिया कार्यक्रम अन्तर्गत नवागढ के आठवीं कक्षा के 77 छात्र छात्राओं के बीच सोमवार को साईकिल का वितरण किया। अपने सम्बोधन में विधायक श्री कच्छप ने कहा कि इस विद्यायलय को उच्च विद्यालय का दर्जा दिलाने की मांग इस क्षेत्र के लोगों ने किया था उसे पूरा किया गया बाकी अन्य मांग को भी वे आने वाले समय में पूरा करेंगे । प्रधनाचार्य हरेकृष्ण चौधरी ने कहा कि इस विद्यालय का स्थापना के 102 वर्ष बाद उच्च विद्यालय का दर्जा प्राप्त हुआ है। इसका श्रेय विधायक राजेश कच्छप को जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने विद्यालय के लिए जमीन दान देने वाले मानकी लालामोहन शाही का स्टेच्यु लगाने विद्यालय का कमरा निर्माण एवं वॉण्डरी वाल निमार्ण कराने की माग रखी। मौके पर कमख्यानरायण शाही जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा प्रमुख दीपा उरॉव मुखिया भुवनेशवर बेदिया पंसस फाल्गुनी शाही विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुन्डा एतवा उरांव शफीक अन्सारी वरिष्ठ कांग्रेसी शिवदास गोस्वामी मौजूद थे।

## मानगो पुल को जाम से मुक्ति दिलाने में पूर्व डीआइजी राजीव रंजन सक्रिय



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भाजपा नेता राजीव रंजन सिंह मानगो, आजादनगर, उलीडीह में रहने वाले लोगो की सबसे बड़ी समस्या मानगो पुल जाम को देखते हुराज वहां के प्रबुद्ध लोग, ट्रैफिक पुलिस के जवान और डीएसपी से बात कर समाधान निकलने हेतु पहल की शुरुआत की। यह स्वयं समस्या को समझने के लिए बस स्टैंड गोलचक्कर से पैदल चलकर पुल के इस तरफ आकर समस्या के जड़ को समझे। इन्होंने ट्रैफिक पुलिस को बताया कि पुराने पुल को सिर्फ साकची से मानगो जाने के लिए वन वे होने के बाद भी दोनो तरफ से गाड़ी चल रही है,जिसे तत्काल रोकने की आवश्कता है। इन्होंने आगे कहा की पुल पार करने के बाद वर्कर्स कॉलेज के तरफ से पगडंडी की ओर से करीब सैकड़ों बाइक का आवागमन हो रहा है, उसे बंद करने को जरूरत है।

# ओरमांझी : उपचार के अभाव में गरीब मजदूर की मौत

**परिवार से मिलने पहुंचे स्वामी देवेंद्र प्रकाश**

**बेटी की पढाई व परिवार को मदद की जरूरत**

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** हुंदूर पंचायत हलदमा निवासी चरका मुंडा 42 वर्ष की मौत उपचार के अभाव में हो गई है। वह मजदूरी कर अपने परिवार की भरन पोषण करता था। वहीं बेटी रूपा कुमारी को रामलखन सिंह यादव कॉलेज रांची में बीएसी की पढाई कर रही है। पत्नी रिमी देवी ने बताया चरकु मुंडा हृदयरोग से पीड़ित था। महंगे उपचार करने में असमर्थता के कारण उनकी मौत हो गई। बेटी को छात्रवृति भी नही मिलती है। अब बेटी की पढाई व घर का भरन पोषण कैसे हो उसका चिंता सता रही है। वहीं घर की आर्थिक स्थिति भी काफी खराब है और अंतिम संस्कार करने की भी परेषानी है। इसकी जानाकरी होने पर मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता समाज सेवी स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने मृतक के प्रति दुख जताया और अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक मदद किया। वहीं बेटी की पढाई में हरसंभव मदद करने का आश्वासन भी दिया। कहा गरीब पिता मजदूरी कर अपनी बेटी को उंच्च शिक्षा दिला रहा था। उपचार के अभाव में किसी की भी मौत काफी चिंतनीय है। कहा आज पढाई के प्रति गरीबों में भी जागरूकता आई है। परिवार का हालात सुधारने में षिक्षा काफी महत्वपूर्ण है। लेकिन असमय मौत ने परिवार के सामने एक और चुनौती पैदा कर दी है। मौके पर केंद्रीय मंडा पूजा समिति के प्रदेश महासचिव उदय पासवान, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवलाल महतो, समाज सेवी व भाजपा नेता कामेष्वर महतो व कोका मुंडा व मृतक के स्वजन आदि उपस्थित थें।



मृतक के स्वजनों से मिलने पहुंचे लोग।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

खबर मन्त्र स्पोर्ट्स
epaper.khabarmantra.net
रांची, बुधवार
07.08.2024


# नीरज ने भाला फेंक चीर दिया पेरिस का सीना, मारी फाइनल में एंट्री

एजेंसी

**पेरिस।** भारत के गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक में कमाल कर दिया है। उन्होंने जेवलिन थ्रो इवेंट के क्वालीफिकेशन राउंड में 89.34 मीटर का भाला थ्रो फेंककर फाइनल में जगह बना ली है। नीरज अब फाइनल में गोल्ड मेडल के लिए भाला फेकेंगे। नीरज क्वालीफिकेशन राउंड में पहले नंबर पर थ्रो फेंकने आए थे। नीरज ने पहले ही थ्रो में 89.34 मीटर का थ्रो किया और भारतीय खेमे को खुश कर दिया। इस तरह भारत का यह स्टार फाइनल में अपने गोल्ड मेडल को डिफेंड करने उतरेगा। नीरज का ये थ्रो उनका सीजन बेस्ट भी रहा। इसके अलावा वह पर्सनल बेस्ट के करीब भी पहुंच गए। वहीं अब उम्मीद है कि फाइनल में नीरज चोपड़ा 90 मीटर की बाधा को पार करने की कोशिश करेंगे, जिससे उम्मीद है कि भारत के नाम गोल्ड मेडल भी आ जाएगा। उनके अलावा पाकिस्तान के अरशद नदीम ने भी अपने पहले ही थ्रो में फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने 86.59 मीटर का थ्रो किया, जो उनका सीजन का बेस्ट थ्रो रहा। अब भारत के नीरज से उनकी फाइनल में भिड़ंत होगी। दूसरी ओर, नीरज चोपड़ा के साथी किशोर जेना ग्रुप-ए में थे। उन्होंने 80.73 मीटर का थ्रो किया और अपने ग्रुप में 9वें नंबर पर रहे। वह फाइनल की दौड़ से बाहर हो चुके हैं। पहले राउंड में नीरज चोपड़ा सबसे टॉप रहे। इस तरह नीरज और नदीम बाकी को प्रयास के लिए नहीं आएंगे।



### फाइनल की चुनौती नीरज चोपड़ा के लिए नहीं होगी आसान

फाइनल में गोल्ड मेडल डिफेंड करना नीरज चोपड़ा के लिए बिल्कुल भी आसान नहीं होने वाला है। फाइनल में उनकी टक्कर ग्रुप-ए से क्वालीफाई करने वाले जूलियन बेबर जैसे धाकड़ एथलीटों से होगी। उन्होंने क्वालिफिकेशन में 87.76 मीटर का थ्रो फेंका था। ग्रुप-ए में जूलियन बेवर के अलावा जूलियस येगो ने 85.97 मीटर का थ्रो फेंका और दूसरे स्थान पर रहते हुए उन्होंने क्वालीफाई किया। वहीं तीसरे वाल्डेज याकूब रहे जिन्होंने 85.63 मीटर दूर भाला फेंका। इसके अलावा टोनी केरानन ने 85.27 मीटर थ्रो के साथ फाइनल में जगह बनाई।

### क्वालीफिकेशन के लिए कितना मीटर दूर भाला फेंकना था?

भाला फेंक की इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने के लिए कम से कम 84 मीटर का थ्रो करना जरूरी था। फाइनल में पहुंचने के लिए हर एथलीट को 3 मौके मिलते हैं। अगर कोई पहले ही राउंड में फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लेता है तो उसे बाकी के दो थ्रो की जरूरत नहीं होती। यही कारण है कि नीरज चोपड़ा और अरशद नदीम ने बचे हुए प्रयास में हिस्सा नहीं लिया।

## नीरज ने की विनेश की तारीफ

**पेरिस।** भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा ने महिला पहलवान विनेश फोगाट की जीत पर उनकी तारीफ की है। नीरज ने अपने थ्रो के बाद पेरिस में संवाददाताओं से बात करते हुए कहा, यह असाधारण जीत है। सुसाकी को हराना अकल्पनीय है।

## नदीम ने नीरज को दी शुभकामनाएं

**पेरिस।** पाकिस्तान के एथलीट अरशद नदीम ने भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा को फाइनल के लिए शुभकामनाएं दी है। पेरिस ओलंपिक में पुरुषों के भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने वालों में 12 एथलीटों में नीरज चोपड़ा और अरशद शामिल है। चोपड़ा और नदीम ने पिछले कुछ वर्षों में शानदार प्रदर्शन किया है और मैदान पर बेहद प्रतिस्पर्धी भी रहे हैं। नदीम ने हमेशा की तरह नीरज को गुरुवार के फाइनल मैच के लिए शुभकामनाएं दीं।

## नीता ने मनु और कुसाले समेत कई भारतीय एथलीट्स का इंडिया-हाउस में किया स्वागत

**पेरिस।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की सदस्य एवं रिलायंस फाउंडेशन की अध्यक्ष नीता अंबानी ने पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत के लिए पदक जीतने वाली स्टार महिला निशानेबाज मनु भाकर और स्वप्निल कुसाले समेत कई भारतीय खिलाड़ियों का यहां इंडिया हाउस में स्वागत किया है। श्रीमती अंबानी ने इंडिया हाउस पहुंचने वाली निशानेबाज मनु भाकर और स्वप्निल कुसाले, बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन, विश्व चैंपियन महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन, स्कीट निशानेबाज महेश्वरी चौहान, अनंतजीत सिंह नरुका, निशानेबाज ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर, अंजुम मोदगिल, सिफ्त कौर समरा, ईशा सिंह, रायजा ढिल्लों, अनीश भानवाला और विजयवीर सिद्धू, मुक्केबाज निशांत देव और एथलीटिक्स टीम के अक्षदीप सिंह, परमजीत सिंह बिष्ट, विकास सिंह, तजिंदरपाल सिंह तूर, अंकिता ध्यानी, जेसविन एल्ड्रिन और पारुल चौधरी शामिल का स्वागत किया और उनकी हौसलाफजाई की।

## भारतीय महिला टीम का क्वार्टरफाइनल में जर्मनी से मुकाबला

**पेरिस।** भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम का बुधवार को पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों में महिला टेबल टेनिस स्पर्धा के क्वार्टरफाइनल मैच में जर्मनी से मुकाबला होगा। एकल मुकाबलों में मनिका बत्रा की दो जीत की बदौलत 11वीं वरीयता प्राप्त भारत ने प्री क्वार्टर फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त रोमानिया को 3-2 से हरा दिया था।

## स्पेन को रौंदकर नीदरलैंड पहुंचा पुरुष हॉकी के फाइनल में



**पेरिस।** नीदरलैंड मंगलवार को पेरिस ओलंपिक खेलों के पुरुष हॉकी पहले सेमीफाइनल में मुकाबले स्पेन को हराकर फाइनल में पहुंच गया है। मंगलवार यहां खेले गये मुकाबले में नीदरलैंड ने स्पेन को 4-0 से हराकर प्रतियोगिता में एक पदक पक्का कर लिया है। यह ग्रीष्मकालीन खेलों में नीदरलैंड का 10वां पदक है। नीदरलैंड फाइनल मुकाबले में गुरुवार को भारत और जर्मनी के बीच सेमीफाइनल मैच के विजेता से भिड़ेगा। नीदरलैंड की ओर से जिप जानसेन ने 12वें मिनट में पहला गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद थियरी ब्रिंकमैन ने 20वें मिनट में गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। थिज्स वैन डैम ने 32वें मिनट और डुको टेलजेनकैंप ने 50वें मिनट में गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। क्वार्टरफाइनल मैच में बेल्जियम को हराने वाला स्पेन अब कांस्य पदक के लिए खेलेगा।

# किशोर जेना जेवलिन थ्रो के फाइनल से चूके

एजेंसी

**पेरिस (फ्रांस)।** पेरिस ओलंपिक 2024 में मंगलवार को भारत को एक तगड़ा झटका लगा है। भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर किशोर जेना पुरुष भाला फेंक के क्वालिफिकेशन राउंड से ही बाहर हो गए हैं। ओडिशा के रहने वाले इस एथलीट से भारत के 140 करोड़ देशवासियों को पदक जीतने की उम्मीद थी। लेकिन किशोर ने निराश किया और ग्रुप-ए क्वालिफिकेशन राउंड में स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालिफाई करने से चूक गये।

### क्वालिफिकेशन राउंड में किया 80.73 मीटर थ्रो

भारत के किशोर जेना, जो आज पहले एक्शन में थे, गुरुवार को पेरिस 2024 ओलंपिक में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में भाग नहीं लेंगे। ग्रुप ए में भाग लेने वाले एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता ने मंगलवार को स्टेड डी फ्रांस में क्वालीफिकेशन राउंड में 80.73 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। ग्रुप बी के दावेदारों द्वारा अपने शीर्ष प्रयास समाप्त करने के बाद, जेना को आधिकारिक तौर पर फाइनल की दौड़ से बाहर कर दिया गया। ओडिशा के इस एथलीट ने ग्रुप ए में नौवां स्थान हासिल किया था। उनके ग्रुप से जूलियन वेबर (जर्मनी), जूलियस येगो (केन्या), जैकब वडलेज (चेक गणराज्य) और टोनी केरेनन (फिनलैंड) ने फाइनल में जगह बनाई।

# विनेश ने इतिहास रच भारत के लिए पदक किया पक्का
## फाइनल में जगह बनाने वाली बनी पहली महिला पहलवान





एजेंसी

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक 2024 में मंगलवार को भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट का जलवा देखने के लिए मिला। उन्होंने महिलाओं की 50 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती इवेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया ह। विनेश ने सेमीफाइनल मैच में क्यूबा की लोपेज युस्नेलिस गुजमान को धूल चटाकर फाइनल में जगह बनाई है।

### विनेश ने सेमीफाइनल मैच में बिखेरा जलवा

महिला 50 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती का सेमीफाइनल मैच विनेश फोगाट और लोपेजा युस्नेलिस गुजमाना के बीच खेला गया। इस मैच में शुरूआत से ही विनेश ने आक्रमक रुख इख्तियार किया और विरोधी के होश उड़ा दिये। उन्होंने अपने विरोधी को मैच में कमबैक करने का कभी मौका भी नहीं दिया और 5-0 से लोपेजा को धूल चटा दी।

### विनेश फोगाट ने रचा इतिहास

इस जीत के साथ विनेश ने भारत के लिए पदक पक्का कर लिया है। इस जीत के साथ, वह ओलंपिक में कुश्ती के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बन गयी। विनेश ने सुशील कुमार और रवि कुमार दहिया के बाद ओलंपिक में शिखर मुकाबले में पहुंचने वाली तीसरी भारतीय बन गयी। अगर वह फाइनल जीत जाती हैं, तो वह ओलंपिक में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन जाएंगी।

### कैसे बनायी थी विनेश ने सेमीफाइनल में जगह

इससे पहले भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने महिलाओं की 50 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती के क्वार्टरफाइनल में यूक्रेन की ओक्साना लिवाच को 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। विनेश ने महिलाओं की 50 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती के राउंड ऑफ 16 यानी प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में टोक्यो 2020 चैंपियन जापान की यूई सुसाकी को 3-2 से हराया था। अब उनका अगला लक्ष्य फाइनल जीतकर भारत को गोल्ड दिलाना होगा।

## भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम को चीन ने 0-3 से हराया

**पेरिस।** भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम का पेरिस ओलंपिक में अभियान समाप्त हो गया है। भारतीय तिकड़ी को चीन के हाथों 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम राउंड ऑफ 16 से आगे नहीं बढ़ पाई और प्री-क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गयी। भारतीय टेबल टेनिस टीम के पास मौका था कि वो क्वार्टर फाइनल में जगह नहीं बना पाए लेकिन वो ये मौका गंवा चुकी है। भारतीय टीम में मानव ठक्कर, शरत कमल और हरमीत देसाई जैसे स्टार खिलाड़ी मौजूद थे। वहीं चीन की टीम में वांग चुकिन, एमए लांग और फैन जेडॉन्ग मौजूद थे। इस मैच में चीन ने पहला मैच, दूसरा मैच और तीसरा मैच जीतकर 3-0 से भारत को हरा दिया।

# लवलीना ने अपनी हरा पर जतायी निराशा

एजेंसी

**पेरिस।** टोक्यो 2020 की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन रविवार को नॉर्थ पेरिस एरिना में महिलाओं के 75 किग्रा क्वार्टर फाइनल में चीन की ली कियान से हारने के बाद पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गयी। लवलीना के 1-4 के स्प्लिट रिजल्ट के साथ भारत पेरिस में मुक्केबाजी स्पधाओं में कोई पदक जीतने में विफल रहा है। अपनी हार के बाद लवलीना ने कहा पिछले संस्करण की अपनी वीरता को दोहराने में सक्षम नहीं होने के लिए अपनी निराशा व्यक्त की है। लवलीना ने कहा, 'मुझे इस हार को स्वीकार करने में परेशानी हो रही है क्योंकि मैं वह हासिल करने में विफल रही जो मैंने सोचा था कि मैं करूंगी। मुझे यह देखना होगा कि प्रतियोगिता में मेरी कमी कहां रही, अगर मुझे पहले से पता होता कि मेरी कमी कहां रही तो शायद मैं चैंपियन बन सकती थी। लवलीना के बाहर होने की निराशा के साथ-साथ, मैक्सिकन फाइटर मार्को वर्डे के खिलाफ निशांत देव के क्वार्टर फाइनल मुकाबले के परिणाम से कई प्रशंसक निराश थे, क्योंकि भारतीय ने पहले दो राउंड में दबदबा बनाया, लेकिन मुकाबला प्रतिद्वंद्वी के पक्ष में 1-4 से तय हुआ। कई प्रशंसकों ने मुक्केबाजी में स्कोरिंग प्रणाली की पारदर्शिता पर सवाल उठाए हैं, जिस पर लवलीना ने बातचीत के दौरान बात की है।





### मैं इस हार का स्वीकार करना चाहती हूं

उन्होंने कहा, मुक्केबाजी एक अलग खेल है, यह पता लगाना मुश्किल है कि खेल में क्या हो रहा है, क्योंकि आपको लग सकता है कि आपने जीत हासिल कर ली है, लेकिन यह जजों की धारणा पर निर्भर करता है कि वे मुकाबले को कैसे स्कोर करते हैं। आप वास्तव में यह नहीं कह सकते कि क्या सही है या गलत, आपको बस इसे स्वीकार करना होगा। 2024 पेरिस ओलंपिक भारत के लिए अब तक कड़वाहट भरा रहा है, जिसमें कई एथलीटों ने अविश्वसनीय अभियान चलाया, लेकिन महत्वपूर्ण मुकाबलों में पदक से चूक गये। हालांकि, शुरूआती पखवाड़े में सबसे बड़ी कहानियों में से एक मनु भाकर की रही है। 22 वर्षीय मनु ओलंपिक के इतिहास में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनीं, जब उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल महिला स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। उन्होंने इतिहास रचने वाली जीत के बाद ओलंपिक के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनीं, जब उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में कांस्य पदक हासिल किया और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल श्रेणी में चौथे स्थान पर रहीं और अपना तीसरा पदक जीतने से चूक गयी।

### लवलीवना ने की मनु भाकर की तारीफ

उन्हें टूर्नामेंट के समापन समारोह में भारत की ध्वजवाहक होने का सम्मान भी दिया गया है। लवलीना ने मनु के लिए अपनी खुशी व्यक्त की और उन्हें 'हमारे देश का गौरव' दिलाने के लिए धन्यवाद दिया। 2020 टोक्यो कांस्य पदक विजेता ने निष्कर्ष निकाला और कहा, 'मैं उसके लिए बहुत खुश हूं, उसने वह किया जो हम इस ओलंपिक में नहीं कर सके और दो पदक जीतना एक अविश्वसनीय उपलब्धि है, इसलिए मैं हमारे देश का गौरव बनाए रखने के लिए उसे धन्यवाद देना चाहती हूं।

## अंतिम पंघाल का मुकाबला येटगिल से

एजेंसी

**पेरिस।** भारतीय पहलवान अंतिम पंघाल का बुधवार को पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों में महिलाओं के 53 किग्रा फ्रीस्टाइल प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में तुर्की की जेनेप येटगिल से मुकाबला होगा। चौथी वरीयता प्राप्त 19 वर्षीय पंघाल पेरिस में सबसे कम उम्र के भारतीय पहलवान हैं। वह दो बार की जूनियर विश्व चैंपियन और विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता हैं। अगर पंघाल मैच जीतती हैं तो क्वार्टरफाइनल में उसका सामना जर्मनी की अन्निका वेंडल या यूनान की पांचवीं वरीयता प्राप्त मारिया प्रेवोलाराकी से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त इक्वाडोर की लूसिया येपेज संभावित सेमीफाइनलिस्ट हो सकती हैं। जापान की अकारी फुजिनामी का लगातार सौ से अधिक मैचों में अजेय प्रदर्शन रहा है, ड्रा के दूसरे भाग में हैं। वह दो बार की विश्व चैंपियन, एशियाई खेलों 2022 की स्वर्ण पदक विजेता और दो बार की एशियन चैंपियन भी हैं। चीन से टोक्यो ओलंपिक 2020 की रजत पदक विजेता पैंग कियानयू भी पेरिस 2024 के लिए महिलाओं के 53 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती ड्रा में फुजिनामी के साथ शामिल हैं।





## किरण पहल सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहीं

एजेंसी

**पेरिस।** भारतीय क्वार्टर-मिलर किरण पहल पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 400 मीटर रिपेचेज राउंड की हीट 1 में छठे स्थान पर रहीं और मंगलवार को सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाने में असफल रहीं। रिपेचेज राउंड में पहल ने 52.59 सेकंड का समय लिया, जो पहले राउंड में उनके 52.51 सेकंड के समय से कम था। 24 वर्षीय पहल सेमीफाइनल में जगह नहीं बना पाईं, क्योंकि प्रत्येक हीट में केवल शीर्ष एथलीट ही आगे बढ़ पाए, साथ ही रिपेचेज में दो सर्वश्रेष्ठ एथलीट भी आगे बढ़ पाये। पेरिस 2024 में, 200 मीटर से 1500 मीटर (बाधा दौड़ सहित) तक सभी व्यक्तिगत ट्रैक इवेंट के लिए रिपेचेज राउंड शुरू किया गया। नए प्रारूप में पुरुषों और महिलाओं दोनों की दौड़ में कुल छह अलग-अलग दूरियां शामिल हैं, जिसमें सामान्य तीन के बजाय चार राउंड शामिल हैं। नए रेपेचेज प्रारूप में, जो एथलीट राउंड वन हीट में स्थान प्राप्त करके क्वालीफाई नहीं कर पाते हैं, उन्हें रेपेचेज हीट में भाग लेकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने का दूसरा मौका मिलेगा। यह नया रेपेचेज प्रारूप पहले की प्रणाली की जगह लेगा, जब एथलीट हीट में शीर्ष स्थान प्राप्त करने के अलावा सबसे तेज समय के माध्यम से आगे बढ़ते थे, जिसे कभी-कभी 'भाग्यशाली हारे हुए' के रूप में जाना जाता है। किरण ने जून में अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स के दौरान महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में पेरिस के लिए अपना टिकट कटाया।

# भारत पर मंडराया 27 साल बाद श्रीलंका से वनडे सीरीज हारने का खतरा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय टीम टी20 और वनडे सीरीज के लिए श्रीलंका के दौरे पर है। भारत ने 3 मैचों की टी20 सीरीज को जीतकर क्लीन स्वीप किया, उसके बाद फिलहाल वनडे सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज का पहला मुकाबला स्कोर बराबर रहने की वजह से टाई हो गया था। उसके बाद दूसरे मुकाबले में श्रीलंका ने 34 रन से जीत हासिल की थी।

### बादशाहत को खतरा

श्रीलंका 3 मैचों की वनडे सीरीज में फिलहाल 1-0 से आगे है। उसे इस सीरीज को जीतने के लिए सिर्फ एक मैच की जरूरत है जबकि, भारत इस सीरीज को आखिरी मैच जीतकर भी हासिल नहीं कर सकता, क्योंकि पहला मुकाबला टाई हो गया थॉ। श्रीलंका भारत के खिलाफ आखिरी मुकाबला जीत जाता है भारत की 27 साल की श्रीलंका के खिलाफ जीत की बादशाहत खत्म हो जाएगी।

### 1997 में जीती थी आखिरी बार वनडे सीरीज

श्रीलंका ने भारत के खिलाफ आखिरी वनडे सीरीज जीत करीब 27 साल पहले यानी 1997 में जीती थी। इसके बाद से आज तक श्रीलंका की टीम भारत को एक भी वनडे सीरीज में नहीं हरा पाई है। भारत बनाम श्रीलंका के बीच 1997 में 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली गई थी। इस सीरीज में श्रीलंका ने भारत को हराया था। उस सीरीज के बाद भारत और श्रीलंका के बीच अब तक कुल 10 वनडे सीरीज खेली जा चुकी हैं, लेकिन श्रीलंकाई टीम एक भी द्विपक्षीय सीरीज जीतने में कामयाब नहीं हो पाई है। भारतीय टीम ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 और वनडे में कई प्रयोग किए हैं। पहले मुकाबले में भारत जीत के काफी करीब था जहां भारत को 15 गेंद में 1 रन चाहिए था और हाथ में 2 विकेट थे। उसके बाद अगली गेंद पर शिवम दुबे आउट हो गये। 9 विकेट गिरने के बाद बल्लेबाजी करना आए अर्शदीप सिंह बड़ा शॉट मारने के चक्कर में आउट हो गए जहां मुकाबला टाइ रह गया। इसके अलावा रोहित शर्मा दूसरे मुकाबले में गेंदबाजी करते हुए नजर आये।





### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** शुभमन गिल, रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज
**श्रीलंका :** पथुम निसांका, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), सदीरा समरविक्रमा, चैरिथ असलांका (कप्तान), कामिंडु मेंडिस, जेनिथ लियानाज, डुनिथ वेलालेज, अकिला धनंजय, असिथा फर्नांडो, जेफरी वेंडरसे
**समय : दोपहर 2.30 बजे से।**

## नौकायन में भारत का अभियान समाप्त

**पेरिस।** भारतीय सेलर विष्णु सरवनन (पुरुषों की डिंगी) और नेत्रा कुमानन (महिलाओं की डिंगी) शुरूआती सीरीज के शीर्ष 10 में जगह नहीं बना सके और पेरिस ओलंपिक में अपनी-अपनी स्पधाओं की पदक की दौड़ से बाहर हो गए। पुरुषों की डिंगी में एशियन गेम्स के कांस्य पदक विजेता सरवनन आठ रेस के बाद 114 के नेट स्कोर के साथ 18वें स्थान पर रहे।

## किरण पहल सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूकी

**पेरिस।** भारतीय धावक किरण पहल मंगलवार को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 400 मीटर रेपेचेज राउंड की हीट 1 में छठे स्थान पर रहीं। मंगलवार को हुई स्पर्धा में पहल ने रेपेचेज राउंड में 52.59 सेकेंड का समय लिया। जोकि पहले राउंड में उनके 52.51 सेकेंड के समय से कम था।

## आइसीसी ने महिला टी-20 विश्वकप के लिए वैकल्पिक स्थल चिन्हित किये

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषदने इस साल के आखिर में बांग्लादेश में होने वाले महिला टी-20 विश्वकप आयोजन के लिए वैकल्पिक स्थल के रुप में भारत, संयुक्त अरब अमीरात और श्रीलंका को चिन्हित किया है। आईसीसी के एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि बंगलादेश की स्थिति पर नजर रखी जा रही है और सभी विकल्प खुले रखे गए हैं। आइसीसी के बयान में कहा गया, आइसीसी, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड उनकी सुरक्षा एजेंसियों और हमारे अपने स्वतंत्र सुरक्षा सलाहकारों के साथ इस पूरी स्थिति पर नजर बनाये हुये है।

स्पीड न्यूज

## पीपरा में पुलिस ने चोरी के 5 मोबाइल के साथ दो को दबोचा

**पूर्वी चंपारण।** जिले के पीपरा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के सिरसिया रोड में मंगलवार को छापेमारी कर मोबाइल फोन झपटमारी करने वाले दो बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी पीपरा का ही समीर आलम व शहजाद आलम बताया गया है। उक्त अपराधियो के पास से छिनतई की एक मोबाइल व चोरी की 4 फोन सहित 5 मोबाइल फोन , एक बाइक व 1710 नगदी बरामद किया गया है। पुछताछ के दौरान दोनो ने पीपरा थाने में दर्ज चोरी व गृहभेदन के घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस के छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष पीपरा सुनील कुमार , एसआई सीता केवट , पीएसआई धर्मवीर चौधरी सहित अन्य शामिल थे।

## पिस्टल का भय दिखा कर मोबाईल की लूट,जांच में जुटी पुलिस

**पूर्वी चंपारण।** जिले के अरेराज-कोटवा मुख्य पथ में जनता चौक के समीप एलएंडटी फाइनेंस कंपनी के कर्मी से अज्ञात अपराधियों ने पिस्टल का भय दिखाकर मोबाईल छीन भाग निकला। पीड़ित फाइनेंस कर्मी गुलशन कुमार ने पुलिस को बताया कि जनता चौक होते हुए उत्तरी मधुबनी पंचायत के दरियापुर टू में ग्रुप लोन करने हेतु जा रहा था जहाँ जनता चौक के आगे पुलिया पर बाइक सवार अपराधियों ने बाइक से पीछा कर घेर लिया व पिस्टल का भय दिखाकर मोबाईल लूट कर भाग गये । थानाध्यक्ष धीरज कुमार सिंह ने बताया कि जनता चौक पर सीसीटीवी फुटेज को देखा जा रहा है । अपराधियों पहचान की जा रही ।बहुत जल्द अपराधी पुलिस गिरफ्त में होंगे ।

## आपत्तिजनक हालत में सड़क के किनारे धराया प्रेमी युगल

**नवादा।** नवादा, में एक प्रेमी जोड़े को डायल 112 की पुलिस ने आपत्तिजनक हालत में मंगलवार को पकड़ा है। डायल 112 की पुलिस टीम जब बुंदेलखंड थाना क्षेत्र के अंसार नगर हाइवे के किनारे पहुंची तो वहां का नजारा देख शर्म से लाल हो गयी। दरअसल, अंसार नगर हाइवे के किनारे एक नाबालिग लड़की एक लड़के के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ी गयी। पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। वहीं, डायल 112 की पुलिस टीम ने लड़की को समझाया है कि ऐसे एकांत स्थान पर किसी लड़के के साथ जाने पर वह कभी बड़े खतरे में पड़ सकती है। बताया जा रहा है कि डायल 112 की पुलिस को एक लड़का और लड़की हाइवे किनारे एक-दूसरे का हाथ थामकर आपत्तिजनक तरीके से कुछ बातें करते हुए दिखे। डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची तो दोनों को आपत्तिजनक हालत में पाकर दोनों को हिरासत में ले लिया है और थाना लाकर पूछताछ की।

## लड़के ने इंकार किया शादी से ,लड़की निशा ने की आत्महत्या

**पूर्णिया।** पूर्णिया के होटल क्रिस्टल ब्लू में एक युवती की लाश फंदे से लटकी हुई मिली है। घटना सहायक खजांची थाना क्षेत्र के जेल रोड स्थित होटल की है। मृतका की पहचान अररिया निवासी निशा रानी (21) के रूप में हुई है। होटल के कमरा नंबर 304 में मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे चेकआउट के समय कोई हलचल न होने पर स्टाफ ने डुप्लीकेट चाबी से कमरा खोला। अंदर युवती की लाश पंखे से लटकी मिली।

# नीतीश मंत्रिमंडल की बैठक में पीएमसीएच में 4315 पदों के सृजन समेत 36 प्रस्तावों को मंजूरी

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 36 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में पीएमसीएच में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली के मानकों के अनुरूप 4315 नए पद सृजित किए गए हैं। इसके साथ स्वास्थ्य और परिवहन विभाग में नौकरी देने का फैसला लिया है। कैबिनेट के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि खान एवं भूतत्व विभाग में चार पदों का सृजन किया गया है। दो पद अपर निदेशक और दो पद उप निदेशक खनिज के लिए सृजन करने की मंजूरी मिली है। अपर निदेशक खनिज विकास के लिए एक पद एवं उप निदेशक खनिज विभाग के लिए एक पद की प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्त किए जाने का प्रस्ताव भी कैबिनेट में पास किया गया है। इसके साथ उद्योग विभाग की ओर से हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय के अंतर्गत आने वाले 610 पदों को समाप्त कर दिया गया है?। इसके अलावा राजपत्रित 20 नए पद एवं अराजपत्रित 116 नए पद यानी कुल 136 नए पदों के सृजन की स्वीकृति आज कैबिनेट में मिली है।



दूसरी ओर बिहार सरकार ने उद्योग नीति में बदलाव किया है। बिहार की कंपनी को अब टेंडर मिलेगा। कंपनी को बिहार में जीएसटी रजिस्टर्ड होना चाहिए। एल वन अधिक दर रहने वाली कंपनी को टेंडर दिया जाएगा । एक साल पुरानी जो कंपनी होगी उसको भी लाभ मिलेगा। अभी बिहार के बाहर की जो कंपनियां उन्हें ज्यादा टेंडर मिल रहा है। स्वास्थ्य और परिवहन विभाग में नई नौकरियां देने की बात कही गई। बिहार अवर सांख्यिकी संवर्ग संशोधन नियमावली 2024 को स्वीकृति मिल गई है।

खनन विभाग में नियुक्तियां होंगी। मुख्यालय स्तर पर अपर निदेशक (खनिज विकास) और उप निदेशक (खनिज विकास) के एक-एक पद पर नियुक्ति की जाएगी। बालू की अवैध ढुलाई और खनन की जानकारी देने वालों को इनाम दिया जाएगा। पाटलिपुत्र खेल परिसर कंकड़बाग के पास 1.6 एकड़ जमीन आवास बोर्ड ने खेल विभाग को दी है। इसके लिए 48 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

बिहार कर्मचारी राज्य बीमा योजना के तहत महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता की भर्ती, प्रोन्नति और सेवा शर्त के लिए नया नियम बनेगा। बिहार कर्मचारी राज्य बीमा योजना महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता भर्ती, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त संवर्ग संशोधन नियमावली 2024 को मंजूरी मिल गई है। सड़क हादसे कम करने के लिए गाड़ियों की स्पीड लिमिट तय होगी। इसके लिए परिवहन विभाग को अधिकृत किया गया है। एक कमेटी भी बनाई जाएगी जो स्पीड लिमिट तय करेगी। पटना के संजय गांधी जैविक उद्यान (पटना जू) में पहले की तरह टॉय ट्रेन चलेगी।

अवैध तरीके से बालू खनन पर सरकार ने इसे रोकने के लिए पहल की है। अवैध तरीके से बालू खनन करने वाले के बारे में सूचना देने वालों को नकद पुरस्कार दिया जाएगा।कैबिनेट में इसकी मंजूरी मिली है। सूचना देने वाले का नाम और पता गुप्त रखा जाएगा। ट्रक से अवैध खनन होने की सूचना पर दस हजार और ट्रैक्टर से अवैध खनन कर बालू ले जाने वाले की सूचना देने वाले को पांच हजार नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

## एक ही मामले में दो एफआईआर ने महकमे की उड़ायी नींद

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** चूक कहे या बड़ी लापरवाही पर हरसिद्धि थाने की पुलिस तो कटघरे में खड़ा दिख रही है। हैरान कर देने व र देने वाली बात है कि एक ही व्यक्ति ने एक ही घटना को लेकर दो एफआईआर दर्ज करा दिया और पुलिस ने दर्ज भी कर ली। इस गड़बडी ने महकमें की नींद उड़ा दी है। एक ही व्यक्ति का आवेदन जिसमे नाम, पता मोबाइल नम्बर सब एक है, बावजूद दो तारीखो में एफआईआर दर्ज कर लिया गया जो अब कई पुलिस पदाधिकारियों के गले की फांस बनते दिखने लगी है। पुलिस की इस चूक की खबर ज्योहिं सुर्खियों में आयी, पुलिस अधीक्षक ने फौरी कार्रवाई के तहत पूरे मामले की जांच डीएसपी अरेराज को देकर रिपोर्ट तलब की है। जाहिर है कि इस रिपोर्ट में




दोनो थानाध्यक्ष एवं आईओ सहित अन्य थाना कर्मी की भूमिका की जांच होगी। इधर डीएसपी रंजन कुमार ने मीडिया को बताया है कि जांच आरंभ कर दिया गया है। मामले में जो दोषी होंगे, उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। बता दे कि स्पंदना स्पूर्ति फाइनेंस बैंक के लोन ऑफिसर पश्चिम चंपारण जिले के बलथर थाना के खरसहवा गांव के सिरफल यादव के पुत्र अप्पू कुमार यादव ने 29 अप्रैल को एक प्राथमिकी दर्ज कराया। जिसमें उसने बताया है कि 6 अप्रैल को ग्रामीण इलाके से ऋण की वसूली कर झोला में रूपया लेकर आ रहा था, वह नास्ते के लिए रुका, इस दौरान पहले पेशाब करने चल दिया, इस बीच देखा कि झोला हैंडिल में नही है। जिसमें लोन वसूली का 2 लाख 38 हजार 10 रुपया था। दिलचस्प है कि इस प्राथमिकी में घटना स्थला का जिक्र नहीं है। मोबाइल फोन गायब होने का भी जिक्र नहीं किया गया है। फिर यही व्यक्ति 30 जून को एफआईआर दर्ज कराता है, जिसमें पहले अपने काम और बैंक की विश्वसनीयता का खूब बखान करता है। वही आवेदन में कहता है कि वह लोन वसूली कर लौट रहा था, जहां घिउआढार के पास पल्सर बाइक सवार बादमाशो ने उसका झोला झपट लिया।

## आईएएस संजीव हंस को पटना हाई कोर्ट से राहत, रेप के एफआईआर को किया रद्द

**पटना।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (भाप्रसे) के अधिकारी संजीव हंस को मंगलवार को पटना हाई कोर्ट से रेप के केस में राहत मिल गयी है। संजीव हंस ने अपने खिलाफ दर्ज रेप और ब्लैकमेल के केस को रद्द करने के लिए हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। हाई कोर्ट में जस्टिस संदीप कुमार की पीठ ने फैसला सुनाते हुए रेप के एफआईआर को रद्द कर दिया। पटना हाई कोर्ट में याचिका दायर होने के साथ ही कोर्ट ने संजीव हंस के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई करने पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने इस मामले में 21 जून को आखिरी सुनवाई की थी और फिर फैसला सुरक्षित रख लिया था। आज जस्टिस संदीप कुमार की बेंच ने इस मामले में फैसला सुनाया। जस्टिस संदीप कुमार ने कहा कि रेप के इस मामले में एफआईआर काफी देर से दर्ज कराया गया है। हाई कोर्ट की बेंच ने एफआईआर को लेकर कई और सवाल उठाये हैं और उसे रद्द करने का आदेश दिया है। दूसरी ओर पीड़िता के अधिवक्ता दीनू कुमार ने कहा कि वे हाई कोर्ट के फैसले का अध्ययन कर रहे हैं। इसके बाद आगे की कार्रवाई पर विचार करेंगे। दीनू कुमार ने कहा कि वे सुप्रीम कोर्ट जाकर भी पीड़िता के लिए न्याय मांगेगे। संजीव हंस के खिलाफ रेप का केस बिहार के औरंगाबाद की एक महिला ने किया था। महिला का आरोप था कि राजद के तत्कालीन विधायक गुलाब यादव ने उसे धोखे से अपने फ्लैट पर बुलाकर रेप किया और फिर उसका वीडियो बनाया। वीडियो के आधार पर महिला को ब्लैकमेल किया गया। महिला ने आरोप लगाया था कि उसे दिल्ली और पुणे जैसे शहरों के बड़े होटलों में बुलाकर गुलाब यादव और उसके पार्टनर संजीव हंस ने रेप किया था।

## लूट की घटना का खुलसा, दो गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना पुलिस ने बीते रविवार को एक युवती से कड़िया धाम के पास लूटे गए मोबाइल और पन्द्रह सौ रुपए लूट के आरोपियों को 24 घंटे के अंदर घटना का उद्भेदन करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफल रही। इस उद्भेदन टीम में शामिल सभी पुलिस पदाधिकारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उक्त जानकारी श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह ने देते हुए बताया कि बीते रविवार को श्री बंशीधर नगर से आकाश कुमार मौर्य पिता संतोष मेहता अपने युवती पड़ोसी टाउनशिप निवासी को अपने स्कूटी से छोड़ने आ रहा था। इसी बीच कड़िया धाम के पास लाठी और पत्थर का भय दिखाकर दो लोग स्कूटी लूटने का प्रयास किया। जिसमे वह असफल रहे लेकिन इस बीच युवती के पर्स से पन्द्रह सौ रू नगद और एक ओप्पो का मोबाईल लूट लिया। घटना के बाद युवती



जानकारी देते एसडीपीओ

के द्वारा भवनाथपुर थाना में इसकी अज्ञात के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस इंस्पेक्टर रत्नेस कुमार के निर्देशन में टीम गठित कर जांच पड़ताल की गई। जिसमे जांच के दौरान दिलीप चंद्रवंशी पिता संजय चंद्रवंशी और नवीन कुमार सिंह पिता वीरेंद्र सिंह दोनो मकरी कड़िया निवासी को चिन्हित किया गया। उक्त दोनों के गिरफ्तारी के बाद अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया की पैसा के लालच में हम दोनो ने घटना को अंजाम दिया था।

## खेत के बीच में पुल बनाने के मामले में डीएम ने दिये जांच के आदेश

**फारबिसगंज/ अररिया।** अररिया जिले में खेत के बीच में पुल बनाने के मामले में अब अररिया डीएम इनायत खान ने जांच के आदेश दे दिए हैं। कुछ मीडिया में दिखाई गई रिपोर्ट पर जिलाधिकारी इनायत खान ने कठोर एक्शन लिया है। मंगलावर को डीएम ने कहा, 'विशेषज्ञों की एक टीम उस स्थल का दौरा कर रही है जहां पुल बनाया गया है और पुल को बनाने की व्यवहारिकता की जांच करेगी। डीएम ने कहा कि विशेषज्ञों की टीम से जांच रिपोर्ट मांगा गया है और दोषी पाए जाने पर अधिकारियों और इंजीनियरों पर कार्रवाई भी की जाएगी। इलाके के लोगों का कहना



है कि लोगों का कहना है की पुल के दोनों ओर सड़क बनेगी भी या नहीं इसको लेकर भी गांव के लोगों में संशय की स्थिति है। गांव के रहने वाले कृत्यानंद मडल, पप्पू मंडल समेत गांव के अन्य लोगों ने बताया कि खेत के बीचों-बीच यह पुल करीब 6 महीने से बना हुआ है। सबसे बड़ी दिलचस्प बात यह भी कि यह पुल किस उद्देश्य से बनाया गया है इसका भी जिक्र यहां नहीं किया गया है। पुल बनाने की वजह को लेकर कोई बोर्ड इत्यादि भी यहां नहीं लगाया गया है। मुश्किल यह है कि इस पुल के बन जाने से गांव के लोगों का रास्ता ही बाधित हो गया और परेशानी खड़ी कर दी है। इस गांव के लोगों का कहना है कि जब इस पुल का निर्माण नहीं हुआ था तब वो इसी रास्ते से होकर धार के उस पार जाते थे। लेकिन यह पुल बन जाने से उनका रास्ता भी बाधित हो गया है। ग्रामीण निर्माण विभाग (आरडब्लूडी) के द्वारा इस पुल का निर्माण 6 महीने पूर्व अररिया जिले के रानीगंज के परमानंदपुर गांव में किया गया था। बताया जा रहा है की जब से यह पुल बना है तब से इसका कोई इस्तेमाल नहीं है और यहां रोड कनेक्टिविटी भी नहीं है।

## ओबीसी एकता अधिकार सह न्याय रथ यात्रा पहुंचा सोनपुरवा



जानकारी देते मंच के सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** ओबीसी एकता अधिकार मंच, झारखंड प्रदेश के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद के नेतृत्व में झारखंड राज्य के राजधानी रांची से चलकर गढ़वा जिला के मंझिआवं प्रखंड के ग्राम सोनपुरवा में ओबीसी एकता अधिकार सह न्याय रथ यात्रा के साथ विशाल जनसभा का आयोजन किया गया।

मौके पर केंद्रीय सचिव आनंद विश्वकर्मा ने कहा कि झारखंड अलग होने के बाद यहां पिछड़ा एवं ओबीसी आबादी 60 प्रतिशत से अधिक है फिर भी सामाजिक आर्थिक आधार पर ओबीसी को एकमात्र 14 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था लागू की गई है जो उचित नहीं है झारखंड में रहने वाले पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्ग के द्वारा जातीय जनगणना के आधार पर 52 प्रतिशत आरक्षण की मांग के समर्थन की आवाज उठानी जरूरी है हर सरकार को पिछला वर्ग की लोगों को सभी क्षेत्रों में आरक्षण लागू करना होगा। मौके पर कपिलदेव चौधरी, रामाशीष चौधरी, विनोद चौधरी आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर ओंकार चौधरी, अरुण कुमार चौधरी, अमर प्रसाद सहित काफी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

## गढ़वासियों की आस्था से खिलवाड़ बंद करें मंत्री : सत्येंद्रनाथ तिवारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा है कि गढ़देवी मंदिर जो झारखंड ही नहीं, अन्य राज्यों में भी विख्यात और प्रसिद्ध मंदिर है। यह मंदिर हिंदू भावनाओं से जुड़ा हुआ है तथा गढ़वा वासियों के आस्था का प्रमुख केंद्र है। लेकिन मंत्री मिथिलेश ठाकुर गढ़देवी मंदिर के तोरण द्वार पर अपने माता-पिता का नाम इस तरह से लिखे हैं जैसे उनके माता-पिता ही गढ़देवी मंदिर की स्थापना किए हैं। मंत्री जी ने उस गेट पर (तोरण द्वार) शब्द लिखना भी मुनासिब नहीं समझा। पूर्व विधायक ने कहा कि मैंने पहले भी कई अवसरों पर बोला है कि ये आक्रमणकारी है। ये ईस्ट इंडिया कंपनी के तर्ज पर पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह के सहयोग से जमीन माफियागिरी करने के साथ-साथ अब यहां के देवी-देवताओं को भी हड़पने का



असफल प्रयास कर रहे हैं, जिसे कभी किसी कीमत पर गढ़वावासी बर्दाश्त नहीं करेंगे। श्री तिवारी ने कहा कि राज्य से बाहर होने की स्थिति में मैं समस्त गढ़वा वासियों से विनम्र आग्रह करता हूं कि इस तरीके के जनप्रतिनिधि जो ईस्ट इंडिया कंपनी के तर्ज पर यहां की संप्रभुता पर आक्रमण करे, उसके विरुद्ध बड़ी लड़ाई लड़ने की भी आवश्यकता पड़े तो हमें लड़कर अपने मान सम्मान की रक्षा करनी चाहिए। सभी गढ़वावासी के सहयोग से मंत्री जी के इस कुकृत्य को मैं सफल नहीं होने दूंगा। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व भी मंत्री जी ने मुझे मानहानि सहित तीन मुकदमा में गलत तरीका से फंसा कर मेरी आवाज को दबाने का नाकामयाब प्रयास किया है। पर मैं जब तक जिंदा रहूंगा, गढ़वा के मान सम्मान की रक्षा के लिए अपनी जान देने से भी पीछे नहीं हटूंगा। मैं जैसे ही गढ़वा वापस आऊंगा, आप सभी गढ़वावासी से मोरल सपोर्ट की आवश्यकता है। बाकी जरूरत पड़ा तो मंत्री के घर पर भी हमला करके गढ़वा के अस्मत की रक्षा करने का काम करूंगा। इसके लिए अगर कोई सबसे ज्यादा जिम्मेवार है तो गिरिनाथ सिंह है। जिन्होंने चंद रुपए के स्वार्थ में साढ़े चार वर्ष तक मंत्री के काली कमाई में कमीशन लेकर मंत्री के खिलाफ एक शब्द भी बोलने का साहस नहीं किया और अब मंत्री के इशारे पर दोबारा लोगों को दिग्भ्रमित करते घूम रहे हैं। मंत्री जी से मोटी कमीशन लेने के बदले साढ़े चार वर्ष तक ये धृतराष्ट्र की भूमिका में रहे।

## 57 लाख के धान गबन करने के मामले में पैक्स अध्यक्ष पर एफआईआर

**पूर्वी चंपारण।** जिले के छौड़ादानो प्रखंड के कोदरकट पैक्स अध्यक्ष के विरुद्ध लगभग 57 लाख के धान गबन मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिला सहकारिता पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी छौड़ादानो के द्वारा कोदरकट पैक्स अध्यक्ष के विरुद्ध धान अधिप्राप्ति में अनियमितता बरतने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उल्लेखनीय है,कि बिहार राज्य खरीफ विपणन 2023-24 में कोदरकट पैक्स अध्यक्ष द्वारा कुल 469.70 एमटी धान क्रय किया गया था। जिसका समतुल्य सीएमआर 319.4 एमटी बिहार राज्य खाद्य निगम मोतिहारी को आपूर्ति की जानी थी। परंतु कोदरकट पैक्स द्वारा अभी तक मात्र 174 एमटी सीएमआर राज्य खाद्य निगम मोतिहारी को आपूर्ति की गई। अभी भी 145.4 एमटी सीएमआर का आपूर्ति करना अवशेष बचा हुआ है।जबकि विगत तीन माह से कोदरकट पैक्स अध्यक्ष को पत्राचार, दूरभाष एवं व्यक्तिगत संपर्क स्थापित कर सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के द्वारा सीएमआर आपूर्ति करने का निर्देश दिया गया। लेकिन पैक्स अध्यक्ष ने सीएमआर की आपूर्त्ति नही की गई। इसके साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल के द्वारा 27 जुलाई, 29 जुलाई एवं 31 जुलाई को समीक्षात्मक बैठक में उपस्थित होने के लिए पैक्स अध्यक्ष को निर्देशित किया गया। परंतु पैक्स अध्यक्ष इन बैठकों में भी उपस्थित नहीं हुए। लिहाजा अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल के द्वारा सहकारिता प्रसार पदाधिकारी प्रखंड छोडादानों को उक्त पैक्स के भौतिक जांच का निर्देश दिया गया। जिसके भौतिक जांच में पैक्स गोदाम में धान की मात्रा शून्य पाई गई। जबकि पैक्स गोदाम में 258.575 एमटी धान होना चाहिए था। सहकारिता प्रसार पदाधिकारी प्रखंड छौडादानो ने जांच प्रतिवेदन में उक्त पैक्स के विरूद्ध 258.575 एमटी धान के गबन जिसकी कुल राशि लगभग 56 लाख 44 हजार 692 रुपया बताये जाने के बाद जिला सहकारिता पदाधिकारी पूर्वी चंपारण के निर्देश के आलोक में प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी छौड़ादानो के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## बांग्लादेश में हुए हिंसा के बाद भारत-बांग्लादेश की सीमा पर बढ़ाई गई चौकसी

**किशनगंज।** बांग्लादेश में हुए हिंसा बाद भारत बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ के जवान अलर्ट मोड पर हैं। जवान सीमा पर मुस्तैदी से डटे हैं। बीएसएफ 24 घंटे सीमा पर सतर्कता बरत रही है। सीमा पर हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। बीएसएफ के वरीय अधिकारी भारत-बांग्लादेश सीमा पर पहुंचकर हर गतिविधि पर नजर रख रहे हैं। साथ ही सीमा पर लगातार निगरानी बरती जा रही है। बीएसएफ के वरीय अधिकारी सीमा पर पहुंचकर जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं। बांग्लादेश में आरक्षण को लेकर हुए हिंसा के बाद सोमवार दोपहर को प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया और सेना ने मोर्चा संभाल लिया है। शेख हसीना बांग्लादेश से देर शाम भारत पहुंच चुकी है जहां से लंदन जाने की संभावना जताई जा रही थी। जिसके बाद सीमा पर सुरक्षा को लेकर विशेष रूप से सतर्कता बरती जा रही है। बीएसएफ के अधिकारी देर रात से ही बॉर्डर पर पहुंच कर सीमा के हालात का जायजा ले रहे है। बताया जाता है की बीएसएफ के अधिकारियों से लेकर जवानों को सतर्कता बरते जाने का निर्देश दिया गया है। वही भारत-बांग्लादेश सीमा किशनगंज जिला मुख्यालय से बिलकुल करीब है। जिले की सीमा से बंगाल की सीमा लगती है। उसके ठीक बाद भारत-बांग्लादेश की सीमा लगती है।

# डीएई के आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं शिक्षक तौहीद

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय धंगरडीहा में पदस्थापित सहायक शिक्षक शेख तौहीद का भंडरिया प्रखंड के उत्क्र. मवि रहता टू में प्रतिनियोजित किये जाने से संबंधित मामले में जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा आदेश दिए जाने के बावजूद उक्त शिक्षक अपने मूल विद्यालय में ही जमे हुए है। इतना ही नहीं उच्चाधिकारियों के आदेश का अवहेलना करते हुए सहायक शिक्षक शेख तौहीद नियमित रूप से विद्यालय आने के साथ ही बकायदा अपना बायोमैट्रिक व स्कूल में उपस्थिति हाजिरी भी बना रहे है। जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा उक्त शिक्षक को उत्क्र. मवि धंगरडीहा से स्थांतरण किए जाने संबंधी पत्र बीईईओ को अग्रेषित करने के 6 दिन बीतने के बाद भी उन्हें मूल विद्यालय से विरमित नही किया जाना शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर सवालिया निशान खड़ा कर रहा है।

### क्या है, मामला

जानते चले कि उत्क्र. मवि धंगरडीहा में पदस्थापित सहयोगी शिक्षक शेख तौहीद द्वारा बीते 31 जुलाई को क्षेत्र में शांति सौहार्द बिगाड़ने तथा धार्मिक उन्माद फैलाने के उद्देश्य से विद्यालय के बच्चो को सरस्वती वंदना करने से रोकने तथा शिक्षक के साथ हाथापाई किए जाने संबंधी खबर विभिन्न



विद्यालय में शेख तौहीद

अखबारों में प्रकाशित होने के बाद उपायुक्त के निर्देश पर शिक्षा अधीक्षक के द्वारा ज्ञापांक 605 दिनांक 1 अगस्त 2024 को पत्र जारी कर शिक्षक शेख तौहीद को तत्काल प्रभाव से गढ़वा जिलांतर्गत भंडरिया प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरता में प्रतिनियोजित कर दिया गया था, साथ ही बीईईओ को निर्देशित गया था कि पत्र प्राप्ति के साथ ही संबंधित शिक्षक को प्रतिनियोजित विद्यालय में योगदान हेतु तत्काल विरमित करते हुए उक्त शिक्षक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई किए जाने हेतु जांच प्रतिवेदन तत्काल समर्पित करने का निर्देश दिया गया था। परंतु बीआरसी कार्यालय भवनाथपुर द्वारा छह दिन बीतने के बाद भी उक्त शिक्षक को विरमित नही किया जाना शिक्षा विभाग पर सवालिया निशान खड़ा कर रही है। इस संबंध में शिक्षक शेख तौहीद ने बताया कि विभाग से मुझे कोई पत्र नही मिला है इस लिए हम यहां हाजरी बना रहे हैं और बच्चों को पड़ा रहे हैं।

इस संबंध में प्रधानाध्यापक प्रेम कुमार ने कहा कि मेरे आने से पूर्व ही शिक्षक द्वारा बायोमैट्रिक हाजरी बना दिया गया था इसको लेकर हम उच्च अधिकारी को पत्र लिखेंगे। इस मामले में जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज ने कहा कि मैं कुछ दिन पूर्व ही प्रभार लिया हूं। इसकी मुझे जानकारी नहीं है, अगर इस तरह का मामला है, तो अविलंब करवाई की जायेगी।

# बांग्लादेश की संसद भंग, खालिदा जिया रिहा

स्पीड न्यूज

## इजरायल में हिजबुल्लाह का हमला, छह घायल

बेरूत। लेबनान के सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह ने मंगलवार को उत्तरी इजरायल में सैन्य ठिकानों पर ड्रोन हमला किया, जिनमें छह लोग घायल हो गये। घायलों में से दो हालत गंभीर है। तेहरान टाइम्स ने यह जानकारी दी। अखबार ने बताया कि हिजबुल्लाह के हमले में छह इजरायली घायल हुए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर है।

## सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग शुरू



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने फिल्म सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग शुरू कर दी है। वर्ष 2012 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म ह्यसन ऑफ सरदार का सीक्वल बनाया जा रहा है। इस फिल्म में अजय देवगन, मृणाल ठाकुर और चंकी पांडे की मुख्य भूमिका होगी। अजय देवगन ने सन ऑफ सरदार की शूटिंग शुरू कर दी है।उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो जारी कर शूटिंग की झलक दिखाई है।

## सिसोदिया की जमानत पर फैसला सुरक्षित

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की उन याचिकाओं पर मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, जिनमें उन्होंने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और मनी लांड्रिंग के मामलों में जमानत का अनुरोध किया है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने सिसोदिया की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और सीबीआइ ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू की दलीलें सुनीं।

## चीन ने नये उपग्रह का किया प्रक्षेपण

ताइयुआन। चीन ने शांक्सी प्रांत में ताइयुआन उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से मंगलवार को एक नये उपग्रह समूह का प्रक्षेपण किया। उपग्रह समूह का स्थानीय समयानुसार अपराह्न 02:42 बजे प्रक्षेपण किया गया। उपग्रह लॉन्ग मार्च-6 कैरियर रॉकेट पर सवार होकर अपनी पूर्व निर्धारित कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश कर गया।

## मुंबई की सभी विस सीटों पर लड़ेगी आप

मुंबई। आम आदमी पार्टी (आप) महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव में मुंबई की सभी पर अकेले चुनाव लड़ेगी। मुंबई अध्यक्ष प्रीति शर्मा मेनन और कार्यकारी अध्यक्ष रूबेन मस्कारेन्हास ने मंगलवार को यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि मुंबई की 36 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

▸▸ छात्रों और विभिन्न मामलों में हिरासत में लिए गए लोगों को रिहा करने की प्रक्रिया शुरू

एजेंसी

ढाका। हिंसाग्रस्त बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने मंगलवार को संसद भंग कर दी। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि तीनों सशस्त्र बलों के प्रमुखों, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, नागरिक समाज के प्रतिनिधियों और छात्र आंदोलन के नेताओं के साथ राष्ट्रपति शहाबुद्दीन की बैठक के निर्णय के आधार पर, राष्ट्रीय संसद को भंग कर दिया गया है।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अध्यक्ष खालिदा जिया को रिहा कर दिया गया है। विज्ञप्ति के अनुसार एक जुलाई से पांच अगस्त तक छात्र आंदोलन और विभिन्न मामलों में हिरासत में लिए गए लोगों को रिहा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इनमें से कइयों को पहले ही रिहा किया जा चुका है।संसद भंग किए जाने के बाद अब राष्ट्रपति और सेना प्रमुख के साथ मिलकर विभिन्न राजनीतिक दल अंतरिम सरकार का गठन करेंगे। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में जारी हिंसा और सरकार विरोधी प्रदर्शन के चलते कल (सोमवार) दोपहर बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद ने त्यागपत्र देकर तत्काल ही देश छोड़ दिया था।



## अमेरिका ने हसीना का वीजा किया रद्द

अमेरिका ने शेख हसीना का अमेरिकी वीजा रद कर दिया है। अमेरिका ने कहा है कि शेख हसीना का अमेरिका में स्वागत नहीं है। शेख हसीना और अमेरिका के बीच रिश्ते बहुत तनावपूर्ण थे। शेख हसीना ने नाम लिए बिना आरोप लगाया था कि अमेरिका बांग्लादेश में सैन्य अड्डा बनाना चाहता है। बांग्लादेश में ईसाई राज्य बनाना चाहता है।

## नोबेल विजेता यूनुस होंगे अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार

ढाका। नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. मुहम्मद यूनुस बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार होंगे। भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के समन्वयकों ने मंगलवार को यह घोषणा की। आंदोलन के प्रमुख समन्वयकों में से एक नाहिद इस्लाम ने मंगलवार सुबह सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में कहा कि प्रोफेसर यूनुस छात्र समुदाय के आह्वान पर देश को बचाने की खातिर यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार हो गए हैं। नाहिद ने कहा कि अंतरिम सरकार के लिए रूपरेखा की घोषणा करने में हमने 24 घंटे लिए। हालांकि, आपातकालीन स्थिति को देखते हुए हम इसकी घोषणा अब कर रहे हैं। नाहिद के साथ दो अन्य



समन्वयक थे। उन्होंने कहा कि हमने निर्णय लिया है कि अंतरिम सरकार बनाई जाएगी, जिसमें नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. मोहम्मद यूनुस मुख्य सलाहकार होंगे। उनकी स्वीकार्यता व्यापक है। नाहिद ने राष्ट्रपति से डॉ. यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनाने के लिए जल्द से जल्द कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अंतरिम सरकार के अन्य सदस्यों के नाम की घोषणा जल्द ही की जाएगी। उन्होंने व्यापक पैमाने पर हो रही हिंसा के बारे में कहा कि यह हिंसा अपदस्थ फासीवादियों और उनके सहयोगियोंह्व द्वारा क्रांति को विफल करने के लिए की जा रही है। उन्होंने कहा कि चूंकि देश में अराजकता है और लोगों के जीवन को खतरा है, इसलिए हम राष्ट्रपति से आग्रह करते हैं कि वह देश में कानून-व्यवस्था बहाल करने के लिए तत्काल और प्रभावी कदम उठाएं तथा स्वतंत्रता चाहने वाले छात्र भी कानून प्रवर्तन बलों की सहायता के लिए सड़कों पर उतरेंगे। नाहिद ने कहा ने कि छात्रों द्वारा प्रस्तावित सरकार के अलावा किसी अन्य सरकार को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## सेना की सरकार मंजूर नहीं : छात्र संगठन

ढाका। बांग्लादेश के छात्र संगठनों ने कहा है कि देश में कोई भी सैन्य या सैन्य समर्थित सरकार स्वीकार्य नहीं होगी और केवल छात्र आंदोलन की ओर से अनुमोदित सरकार को ही शासन करने की अनुमति दी जाएगी।

बांग्लादेश के समाचारपत्र डेली स्टार ने छात्र नेता नाहिद इस्लाम की ओर से जारी वीडियो संदेश के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। छात्र नेता ने कहा कि छात्रों की ओर से प्रस्तावित सरकार के अलावा कोई भी सरकार स्वीकार नहीं की जाएगी। जैसा कि हमने कहा है कि कोई भी सैन्य अथवा सेना समर्थित या फासीवादियों की सरकार अस्वीकार्य होगी।



## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मिला फिजी का सर्वोच्च सम्मान

**सुवा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को दक्षिण प्रशांत महासागरीय द्वीप देश फिजी के सर्वोच्च नागरिक सम्मान कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी से नवाजा गया है। मुर्मु फिजी की सरकारी यात्रा पर यहां पहुंची है। वह यहां की यात्रा करने वाली भारत की पहली राष्ट्रपति हैं। सुवा के स्टेट हाउस में सोमवार को आयोजित समारोह में फिजी के राष्ट्रपति रातू विलियम मैवलिली काटोनिवेरे ने सुश्री यह पुरस्कार प्रदान किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान भारत और फिजी के बीच गहरी मित्रता का प्रतीक है।**

## बांग्लादेश में हिन्दुओं की रक्षा करे सेनाः शंकराचार्य

नयी दिल्ली। ज्योतिर्मठ पीठ के शंकराचार्य स्वामीअविमुक्तेश्वरानंद ने मंगलवार को उम्मीद जतायी कि बांग्लादेश की सेना वहां रह रहे हिन्दुओं की रक्षा करेगी क्योंकि इस समय शासन सेना के हाथ में है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने बंगलादेश में सोमवार को तख्तापलट के बाद हिन्दुओं, उनके प्रतिष्ठानों और मंदिरों पर हमलों को चिंता जताते हुये वहां की सेना से अनुरोध किया कि हिन्दू जनता की सुरक्षा सुनिश्चित की जाये। शंकराचार्य ने कहा कि हमें बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के बारे में सूचित किया गया है। देश सेना शासन के अधीन है। हम उम्मीद करते हैं कि सेना नागरिकों की सुरक्षा का अपना कर्तव्य अवश्य निभायेगी। बंगलादेश में लगभग 10 प्रतिशत हिन्दू रहते हैं। उनकी सुरक्षा की जरूरत है, इसलिये हम सेना से यह सुनिश्चित करने का आग्रह करना चाहेंगे।

उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में रह रहे हिन्दू भी आपके देश का नागरिक है और हर नागरिक के लिये एक तरह की व्यवस्था, सुविधा और व्यापार स्वाभाविक है।

# इडी ने लालू और तेजस्वी पर दाखिल किया पूरक आरोपपत्र

**नौकरी के बदले जमीन मामले में अगली सुनवाई 13 अगस्त को**

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नौकरी के बदले जमीन मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद, उनके बेटे तेजस्वी यादव और आठ अन्य आरोपियों के खिलाफ मंगलवार को एक पूरक आरोपपत्र दाखिल किया। पूरक आरोपपत्र विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष दाखिल किया गया, जिन्होंने मामले पर अगली सुनवाई के लिए 13 अगस्त की तारीख तय की। ईडी का मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक प्राथमिकी से उपजा है। जांच एजेंसी के अनुसार, यह मामला 2004 से 2009 तक रेल मंत्री के रूप में लालू के कार्यकाल के दौरान मध्य प्रदेश के जबलपुर में रेलवे के पश्चिम-मध्य जोन में ग्रुप-डी में हुई भर्तियों से जुड़ा है। आरोप है कि रेलवे में भर्ती



होने वाले लोगों ने नौकरी के बदले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो के परिवार के सदस्यों और सहयोगियों को उपहार स्वरूप जमीन दी थी।

**राबड़ी देवी और मीसा भारती पर पहले ही आरोप पत्र हो चुका तय :** अदालत के निर्देश के अनुपालन में प्रवर्तन के संयुक्त निदेशक भी उपस्थित हुए। उन्होंने अदालत को जांच की स्थिति और एजेंसी द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी। इस मामले में बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी, मीसा भारती और हेमा समेत अन्य आरोपियों पर ईडी पहले ही आरोप तय कर चुकी है। ईडी के एसपीपी मनीष जैन ने इशान बैसला और स्नेहल शारदा के साथ अदालत के समक्ष दस्तावेजों के साथ पूरक आरोप दायर किया। पिछली तारीख पर कोर्ट ने ईडी को जांच में तेजी लाने का निर्देश दिया था और अगली तारीख तक अतिरिक्त/अंतिम आरोप पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था।

# भारत का मार्केट कैप रिकॉर्ड 5.5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचा

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नमो ऐप पर 15-31 जुलाई के पखवाड़े के लिए अपने द्वि-साप्ताहिक भारत न्यूजलेटर के हिस्से के रूप में भारतीय अर्थव्यवस्था पर बिग बैंग नंबर जारी किए। इसमें प्रधानमंत्री ने दर्शाया कि भारत का मार्केट कैप रिकॉर्ड 5.5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। प्रधानमंत्री ने बताया कि लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के बीच राज्य की सीमा पर शिनकुन ला में दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग का निर्माण शुरू किया गया। वहीं, भारतीय एमएसएमई ने 4 वर्षों में 20.5 करोड़ से अधिक नौकरियां पैदा की, जबकि देश में 39% एमएसएमई का स्वामित्व अब महिलाओं के पास है, इसमें यह भी दर्शाया गया है। इसके साथ ही इसमें बताया गया है कि देश में 1.4 लाख मान्यता प्राप्त स्टार्टअप 15.5 लाख

▸▸ प्रधानमंत्रीने भारतीय अर्थव्यवस्था पर बिग बैंग नंबर जारी किये एमएसएमई ने चार वर्षों में 20.5 करोड़ से अधिक नौकरियां पैदा की

नौकरियां पैदा कर रहे हैं। इसके साथ ही पिछले छह वित्तीय वर्षों में भारत में रोजगार 35 प्रतिशत बढ़कर 64.33 करोड़ हो गया है। इसके साथ ही इसमें जारी आंकड़ों के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र (औपचारिक और अनौपचारिक संस्थाएं) में 2017-18 से 2022-23 तक 85 लाख रोजगार के अवसरों की वृद्धि देखी गई। वहीं, भारत का निर्यात 5.5 प्रतिशत बढ़कर 21.2 बिलियन डॉलर हो गया, जिसके परिणामस्वरूप 300 मिलियन डॉलर का ट्रेड सरप्लस हुआ है। इस वित्तीय वर्ष में निर्यात अब 800 अरब डॉलर से अधिक होने की तैयारी में है। जून में भारत में निर्मित इलेक्ट्रॉनिक



सामानों का निर्यात 16.9 प्रतिशत बढ़कर 2.82 बिलियन डॉलर हो गया। वहीं, पीएम मोदी ने जो आंकड़ा नमो ऐप पर जारी किया है, उसके अनुसार 2024-25 की पहली तिमाही में, भारत में निर्मित ऐप्पल आईफोन का निर्यात 3.8 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है, जो भारत के एफओबी मूल्य का 79% है। भारत की बाहरी (एफडीआई) प्रतिबद्धताएं जून 2024 में बढ़कर 2.14 बिलियन डॉलर हो गईं, जबकि जून 2023 में यह 1.14 बिलियन डॉलर थी।

## सुकमा में एक महिला सहित दो माओवादियों ने किया समर्पण



सुकमा। सुकमा जिले में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। एक महिला सहित दो माओवादियों ने पुलिस एवं सीआरपीएफ अधिकारियों के समक्ष मंगलवार को आत्मसमर्पण किया है। दोनों नक्सलियों पर दो-दो लाख रुपये का शासन द्वारा इनाम घोषित था। दोनों नक़्सली नक्सल संगठन में कई वर्षों से सक्रिय थे जो कई वारदातों में शामिल रहे हैं। आत्मसमर्पित दो लाख की इनामी महिला नक्सली उर्मिला उर्फ सोमड़ी मड़कम पिता स्व हांदा पति दिनेश प्लाटून नं. 02 पार्टी सदस्य केबी डिवीजन भोरमदेव एरिया में सक्रिय थी। जबकि दो लाख का आत्मसमर्पित नक्सली मड़कम सोना पिता मासा (36 वर्ष) निवासी पुलनपाड़ थाना चिंतलनार जिला सुकमा के के बीएन डिवीजन अन्तर्गत प्लाटून नम्बर 01 का पार्टी सदस्य था। इन्होंने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सुकमा में सीआरपीएफ कमांडेंट हरविन्दर सिंह, सीआरपीएफ 241 वाहिनी द्वितीय कमान अधिकारी संजय कुमार, एएसपी नक्सल ऑप्स निखिल राखेचा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया।

## श्रीमद् रामायण 12 अगस्त से सोनी सब पर होगा प्रसारित

मुंबई। श्रीमद् रामायण 12 अगस्त से भारत के प्रमुख पारिवारिक मनोरंजन चैनल सोनी सब पर प्रसारित होगा जो की अब एक नए अध्याय में प्रवेश कर रही है। भगवान राम का रावण के साथ पौराणिक युद्ध का समापन 12 अगस्त को शाम 7:30 बजे सोनी सब पर प्रसारित होने वाला है। इसमें भरपूर एक्शन होने वाला है। इस युद्ध के शुरू होने के साथ सोनी सब अब विशेष रूप से उस अपरिचित कहानी को सामने लाएगा, जो इस युद्ध के बाद शुरू होती है। शो में यह दिखाया जाएगा कि भगवान राम और सीता के पुनः एक होने और अयोध्या लौटने के बाद क्या होता है? जहां जुड़वा बच्चे लव और कुश जुड़े उनके जीवन की कई अनकही कहानियों



और गहरे अर्थों को खूबसूरती से समेटे हुए प्रस्तुत होगा। नीरज व्यास ने कहा कि शो की प्रभावशाली कहानी और मनोरंजन, जीवन को समृद्ध होते देखने का अनुभव मिलेगा। सुजय रेऊ ने कहा कि कहानियां सार्थक और जीवन से भरपूर हैं।

# आर्मी के नये जूते के कदमों से बिजली होगी पैदा

## आइआइटी इंदौर ने बनाए खास जूते, रियल टाइम लोकेशन पता चलेगी

एजेंसी

इंदौर। इंदौर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) ने फौजियों के लिए नवाचारी तकनीक से खास जूते तैयार किए हैं। इन जूतों को पहनकर चलने से न केवल बिजली बन सकती है, बल्कि वास्तविक समय में सैन्य कर्मियों की लोकेशन का भी पता लगाया जा सकता है।आईआईटी के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आईआईटी इंदौर ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) को ऐसे जूतों के 10 जोड़ों की पहली खेप मुहैया भी करा दी है। उन्होंने बताया कि इन जूतों को आईआईटी इंदौर के प्रोफेसर आईए पलानी के मार्गदर्शन में विकसित किया गया है। ये जूते ट्राइबो-इलेक्ट्रिक नैनोजेनरेटर (टेंग) तकनीक से बनाए गए हैं

**ये है इसकी खासियत**

- ▸▸ आइआइटी ने डीआरडीओ को 10 जोड़ों की पहली खेप दिया
- ▸▸ जीपीएस और आरएफआईडी की तकनीकों से लैस जूतों की मदद से वास्तविक समय में सैन्य कर्मियों की लोकेशन भी पता लगाई जा सकती है
- ▸▸ अल्जाइमर से जूझ रहे वृद्धों, स्कूल जाने वाले बच्चों व पर्वतारोहियों की लोकेशन पता लगाने में भी किया सकता है इसका इस्तेमाल




जिसके कारण इन्हें पहन कर चले गए हर कदम से बिजली बनेगी। उन्होंने बताया कि यह बिजली जूतों के तलों में लगाए गए एक यंत्र में जमा होगी जिससे छोटे उपकरण चलाए जा सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि जीपीएस और रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) की तकनीकों से लैस जूतों की मदद से वास्तविक समय में सैन्य कर्मियों की लोकेशन भी पता लगाई जा सकती है। निदेशक प्रोफेसर सुहास जोशी ने कहा कि इन जूतों की नवाचारी खूबियों से सैन्य कर्मियों की सुरक्षा, समन्वय और दक्षता को बल मिलेगा। टेंग तकनीक से लैस जूतों का इस्तेमाल अल्जाइमर से जूझ रहे बुजुर्गों, विद्यालय जाने वाले बच्चों और पर्वतारोहियों की लोकेशन पता लगाने में भी किया सकता है। ये जूते कारखानों में श्रमिकों की हाजिरी व उनके काम की निगरानी में मददगार साबित हो सकते हैं।

## रिलायंस फाउंडेशन वायनाड में भूस्खलन पीड़ितों को करेगा मदद

वायनाड। केरल के वायनाड में आये भूस्खलन से पीड़ित लोगों के लिये रिलायंस फाउंडेशन स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर उन्हें सहायता देने के लिये खाद्य पदार्थ, फल, दूध, सूखा राशन इत्यादि उपलब्ध करा रहा है। रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक एवं अध्यक्ष नीता अंबानी ने कहा कि भूस्खलन पीड़ितों को बीज, चारा, उपकरण और व्यावसायिक प्रशिक्षण भी मुहैया कराएगा। बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुस्तकों और खेल सामग्री सहित शिक्षा सहायता उपलब्ध कराएगा। राज्य में संचार सुविधा सुचारु रूप से चल सके इसके लिये रिलायंस ने विशेष टावर लगाए हैं। अंबानी ने कहा है कि वह वायनाड के लोगों की पीड़ा और भूस्खलन से हुए भारी नुकसान से दुखी हैं। इस दुख की घड़ी में रिलायंस फाउंडेशन की टीमें दिन रात काम कर रही हैं।

VERMA PRESS®
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !